सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 07 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 271, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 583 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 583 अंक की बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। } 12

## बिहार को जंगलराज से बाहर निकाला: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बिहार को जंगल राज से बाहर निकाला और इसे विकास एवं सुशासन की नयी दिशा दी है। } 12

## मैरी ई ब्रुनको, फ्रेड रैमस्डेल व शिमॉन साकागुची को चिकित्सा का नोबेल

एजेंसी




स्टॉकहोम। मैरी ई ब्रुनको, फ्रेड रैमस्डेल और शिमॉन साकागुची को पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस से संबंधित उनकी खोजों के लिए इस साल का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार देने की सोमवार को घोषणा की गई।

ब्रुनको (64) सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हैं।64 वर्षीय रैमस्डेल सैन फ्रांसिस्को स्थित सोनोमा बायोथेरेप्यूटिक्स के वैज्ञानिक सलाहकार हैं, वहीं 74 वर्षीय साकागुची जापान के ओसाका विश्वविद्यालय के इम्यूनोलॉजी फ्रंटियर रिसर्च सेंटर में प्रोफेसर हैं। प्रतिरक्षा प्रणाली में विषाणु, जीवाणु और अन्य हानिकारक कारकों का पता लगाने और उनसे लड़ने के लिए कई प्रणालियां होती हैं।टी कोशिकाओं जैसे प्रमुख प्रतिरक्षा योद्धाओं को हानिकारक कारकों की पहचान करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। अगर कुछ कारक इस तरह से गड़बड़ा जाते हैं कि स्वप्रतिरक्षी (ऑटो इम्यून) रोग उत्पन्न हो सकते हैं, तो उन्हें थाइमस में नष्ट कर दिया जाना चाहिए - इस प्रक्रिया को सेंट्रल टॉलरेंस (केंद्रीय सहनशीलता) कहा जाता है। नोबेल विजेताओं ने शरीर द्वारा इस प्रणाली को नियंत्रित रखने के एक अतिरिक्त तरीके ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भाजपा का काम जोड़ना, सपा-कांग्रेस का काम तोड़ना : योगी

○ स्वच्छताकर्मियों का अब नहीं होगा शोषण ○ जल्द अकाउंट में आयेंगे 16-20 हजार रुपये ○ सफाई मित्रों पर की पुष्पवर्षा

जिला संवाददाता



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 7 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। भगवान वाल्मीकि भारत की ऋषि परंपरा, सनातन धर्म के भाग्य विधाता हैं। वे हम सभी के रोम-रोम और श्वांस-श्वांस में भगवान राम का वास कराने वाले त्रिकालदर्शी ऋषि भी हैं।

महर्षि वाल्मीकि दुनिया के पहले सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य को रचने वाले आदिकवि भी हैं।सीएम ने कहा कि ऑर्डर जारी होने वाला है, कुछ ही दिनों के अंदर स्वच्छताकर्मियों के अकाउंट में सीधे 16 से 20 हजार रुपये जाएंगे। कोई उनका शोषण नहीं कर पाएगा।सारी तैयारियां चल रही हैं, पोर्टल तैयार हो रहे हैं। स्वच्छता कर्मियों व स्वच्छता मित्रों को पांच लाख रुपये के आयुष्मान भारत के कार्ड की स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रहे हैं। जो सबके स्वास्थ्य की रक्षा करता है, हमारी कोशिश है कि उसके लिए भी सरकार के स्तर पर प्रयास हो। सीएम योगी सोमवार को सरोजा पैलेस, पिपलानी कटरा में स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

### शांति-सौहार्द के लिए सबको सनातन धर्म की शरण में आना पड़ेगा : सीएम

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शांति व सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करना है तो सबको सनातन धर्म की ही शरण में आना पड़ेगा। सनातन धर्म ही लोकमंगल, लोककल्याण के साथ सभी की सुरक्षा व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा।सनातन धर्म को बचाना है तो संस्कृत को माध्यम बनाना पड़ेगा।मुख्यमंत्री ने सोमवार को श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में लैपटॉप व सिलाई मशीन का वितरण किया। उन्होंने कुछ बच्चों को अपने हाथों से भी सम्मानित किया।सीएम योगी ने यहां पौधरोपण किया और गोशाला में गायों को चारा, गुड़ व फल खिलाया। सीएम ने बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि दीपावली के पूर्व मिला यह उपहार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### तौकीर रजा के साथियों पर इनाम घोषित

बरेली। पुलिस ने पिछले महीने आई लव मोहम्मद अभियान को लेकर हुए बवाल के मुख्य अभियुक्त, इत्तिहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के नेता तौकीर रजा खां के सात फरार साथियों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सोमवार को बताया कि 26 सितंबर को हुई हिंसा के बाद दर्ज की गई रिपोर्ट में सभी सात आरोपियों के नाम हैं।इनमें आईएमसी के नेता साजिद सकलानी, अल्तमस राजा, अफजल बेग, नायाब, बबलू खान, नदीम और अदनान सकलानी शामिल हैं।पुलिस सूत्रों के अनुसार साजिद और अल्तमस बारादरी थाने में दर्ज मामलों में वांछित हैं जबकि अफजल बेग किला और बारादरी थानों में दर्ज मामलों में वांछित है।नायाब और बबलू खान बारादरी थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं जबकि नदीम पर सामूहिक बलात्कार का भी आरोप है।अदनान सकलानी ने कथित तौर पर युवकों को हिंसा में शामिल होने के लिए उकसाया था।

### अवैध पटाखा बनाते प्राचार्य सहित पांच लोग गिरफ्तार

प्रतापगढ़।जिले में पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के बालिका महाविद्यालय सपहाछात में अवैध पटाखा बनाने व बिक्री में संलिप्त प्राचार्य सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।पुलिस ने लगभग 47 लाख रुपये का पटाखा बरामद किया था।अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनंदन राय ने बताया कि जांच में पाया गया कि सुखराज सिंह बालिका महाविद्यालय सपहाछात के प्राचार्य आद्या प्रसाद सिंह के संरक्षण में विद्यालय परिसर में अवैध पटाखा का निर्माण किया जा रहा था।पुलिस ने विद्यालय परिसर से प्राचार्य आद्या प्रसाद सिंह, पटाखा कारोबारी मदीना बेगम व उसके बेटे सलमान सिद्दीकी और सैफ को गिरफ्तार कर लगभग 47 लाख रुपये के पटाखा बरामद किये।

# बिहार में छह और 11 नवंबर को मतदान

○ पहले चरण में 121 और दूसरे चरण में 122 सीट के लिए मतदान ○ 14 को होगी मतगणना

एजेंसी

नयी दिल्ली।निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को तारीखों का ऐलान करने के साथ ही बिहार में चुनावी बिगुल बज गया।राज्य विधानसभा चुनाव के लिए आगामी छह नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा मतगणना 14 नवंबर होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दोनों निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की और कहा कि बिहार का चुनाव का सभी चुनावों से अहम (मदर ऑफ ऑल इलेक्शंस) होता है।कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पहले चरण में 121 और दूसरे चरण में 122 सीट के लिए मतदान होगा।

बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीट हैं।मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी बताया कि चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर को होगी, 18 अक्टूबर को ...शेष पृष्ठ 10 पर




### चुनाव में 17 नये बदलाव, देशभर में लागू होगी नयी पहल

नयी दिल्ली।निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान शुरू की जाने वाली 17 नयी पहलों की सोमवार को घोषणा की, जिनमें सभी मतदान केंद्रों पर अनिवार्य वेबकास्टिंग और मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा शामिल है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बिहार फर्स्ट इनिशिएटिव्स नामक पहलों की घोषणा की, जिन्हें चुनाव की तैयारी से लेकर मतगणना तक सभी चरणों में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये पहल आगामी चुनावों के दौरान सभी राज्यों में शुरू की जाएंगी। पहली बार, सभी मतदान केंद्रों के बाहर मोबाइल फोन जमा कराने के लिए काउंटर उपलब्ध होंगे।भीड़भाड़ से बचने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या भी ।,200 तक सीमित कर दी गई है।निर्वाचन आयोग मतदाताओं के सत्यापन को आसान बनाने के लिए मतदाता सूचना पर्चियां जारी करेगा जिन पर क्रम संख्या और भाग संख्या (मतदान केंद्र का विवरण) अंकित होगी। एक डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट पर समय समय पर मतदान के बारे में जानकारी साझा की जाएगी और पीठासीन अधिकारी समय अंतराल को कम करने के लिए मतदान के दिन हर दो घंटे में ऐप पर मतदान डेटा अपलोड करेंगे।सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग होगी और मतदान केंद्रों के 100 मीटर के बाहर ही उम्मीदवारों के बूथ बनाने की अनुमति होगी। आयोग ने ईवीएम मतपत्रों को अधिक पठनीय बनाने के लिए दिशा-निर्देशों में भी संशोधन किया है और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में पहली बार उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें होंगी।फॉर्म ...शेष पृष्ठ 10 पर

### बुर्कानशीं वोटरों की पहचान करेंगी आंगनवाड़ी सेविकाएं

नयी दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में बुर्कानशीं या पर्दानशीं मतदाताओं की पहचान के लिए मतदान केंद्रों पर आंगनवाड़ी कर्मी उपलब्ध रहेंगी तथा आवश्यकता होने पर तय निर्देशों के तहत पहचान का सत्यापन होगा। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने से संबंधित संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। कुमार से सवाल किया गया कि बुर्के या घूंघट में आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान के लिए क्या प्रबंध किए गए हैं? इसके जवाब में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, जहां तक बुर्कानशीं की बात हो रही है, पर्दानशीं की बात है, तो पहचान के लिए हमारी आंगनवाड़ी सेविकाएं उपलब्ध रहेंगी।जरूरत ...शेष पृष्ठ 10 पर

### 11 नवम्बर को सात राज्यों में उपचुनाव

नयी दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को घोषणा की कि जम्मू कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान की आठ विधानसभा सीट के लिए 11 नवंबर को उपचुनाव कराए जाएंगे तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी।कुमार ने कहा जम्मू कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव 11 नवंबर को होंगे, मतगणना 14 नवंबर को होगी।

झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट रामदास सोरेन के निधन के कारण रिक्त हो गयी थी।पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हो गई।जम्मू कश्मीर में दो विधानसभा क्षेत्र - बडगाम और नगरोटा - अक्टूबर 2024 से रिक्त हैं। बडगाम सीट 2024 के विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद रिक्त हो गई थी, जब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल सीट को अपने पास रखने का फैसला किया था। यह सीट 21 अक्टूबर, 2024 से रिक्त है। नगरोटा सीट विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्टूबर, 2024 को रिक्त हुई थी।राजस्थान के अंता में उपचुनाव धमकी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जयपुर के अस्पताल में लगी आग, 8 की मौत

प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने घटना पर जताया दुख





एजेंसी

जयपुर। जयपुर के सरकारी सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार देर रात आग लगने से गंभीर रूप से बीमार कम से कम 8 मरीजों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि जब स्टोर रूम में आग लगी, तब न्यूरो गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में 11 मरीजों का इलाज हो रहा था। उन्होंने कहा 8 की मौत हो गई और 3 का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा राजस्थान के जयपुर में एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई, जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है।जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना।घायलों ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ड्रोन चोर समझकर दलित को पीटकर मार डाला

रायबरेली। रायबरेली में स्थानीय लोगों ने ड्रोन चोर समझकर 40 वर्षीय दलित की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी।पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना पर संज्ञान लेते हुए तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया और इस संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों के अनुसार, ऊंचाहार थानाक्षेत्र के कई गांवों के लोग चोरी से पहले निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किए जाने की अफवाहों के बाद रात में निगरानी कर रहे थे।उन्होंने बताया कि बुधवार रात को जमुनापुर चौराहे के पास कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखा और उसे पूछताछ के लिए पकड़ लिया गया और जब वह व्यक्ति सवालों का जवाब नहीं दे पाया तो ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## खेलों को जनआंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध : धामी

उत्तराखंड में होंगी विधायक, सांसद व मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप जैसी खेल प्रतियोगिताएं

प्रमुख संवाददाता



देहरादून।खेलों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार न्याय पंचायत स्तर से लेकर विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन करेगी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए यह निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों को जनआंदोलन का रूप देने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने आगामी 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधन, छात्रवृत्ति, बीमा सुरक्षा और पुरस्कार की सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही निजी क्षेत्र एवं कॉरपोरेट संस्थानों की साझेदारी से खेल अवसंरचना को और सुदृढ़ किया जाए।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैयार की गई खेल सुविधाओं का नियमित रखरखाव और अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसंपत्तियों को निष्क्रिय न रहने दिया जाए, बल्कि राज्यभर में निरंतर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर इन्हें जीवंत रखा जाए ताकि खेल प्रतिभाओं को मंच मिले और युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो।सीएम धामी ने हल्द्वानी में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में बनने वाले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को तेजी से कार्यवाही आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से प्रदेश के खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी और उत्तराखंड खेल मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुभवी ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ सितम्बर में 15237.44 करोड़ का मिला राजस्व (पृष्ठ-02)
○ सपा जिलाध्यक्षों का प्रारूप 18-19 स्वीकार किया जाये(पृष्ठ-02)
○ सोना 9,700 रुपये उछलकर 1.3 लाख के पार (पृष्ठ-10)
○ भारत-कतर ने निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की (पृष्ठ-10)
○ भारत की ऊर्जा मांग 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — 15 जिलों में गरज चमक के साथ हुई जोरदार बारिश, 9 से मानसून की होगी वापसी

## यूपी में भारी बारिश का अलर्ट, बिजली गिरने की आशंका

विशेष संवाददाता



लखनऊ।उत्तर प्रदेश में बदले हुए मौसम के बीच सोमवार को पश्चिमी तराई के इलाकों समेत पूर्वांचल और मध्यांचल में भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को प्रदेश के 39 जिलों में गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।सोमवार को बरेली में गरज चमक के साथ ओले पड़ने की सूचना है। कुशीनगर में सर्वाधिक 30 मिमी, मुरादाबाद में 29.2 मिमी, ललितपुर में 26 मिमी, बरेली में 22.4 मिमी, अलीगढ़ में 22.2, गोरखपुर में 15 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बूंदाबांदी के इस दौर के बाद 9 अक्टूबर से उत्तर प्रदेश में मानसून की औपचारिक वापसी हो सकती है।पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पश्चिम के सहारनपुर, शामली, बिजनौर समेत लगभग 15 जिलों में गरज चमक के साथ जोरदार बारिश हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि शुक्रवार से प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं।इसके बाद पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून वापसी की परिस्थितियां बन सकती हैं।राजधानी में सोमवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली। सुबह तक चटक धूप और उमसभरी गर्मी के बाद करीब ढाई बजे आसमान पर घने बादल छा गए। कुछ ही देर में गोमती नगर, चिनहट, पीजीआई और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश शुरू हो गई।तेज हवाओं के साथ हुई बरसात ने लोगों को उमस से थोड़ी राहत दी।

दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा तो वही रात का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।राजधानी में अधिकतम आर्द्रता 95 फीसदी और न्यूनतम 68 फीसदी रिकॉर्ड की गई।बस्ती, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वकील ने सीजेआई की ओर जूता उछालने की कोशिश की

एजेंसी

○ प्रधानमंत्री मोदी ने घटना को बताया निंदनीय

नयी दिल्ली।उच्चतम न्यायालय में सोमवार को कार्यवाही के दौरान 71 वर्षीय एक वकील ने भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई की ओर कथित तौर पर जूता उछालने की कोशिश की।घटना के बाद सीजीआई ने अपना संयम बनाए रखा और अदालत कक्ष में उपस्थित वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा इन सब बातों से विचलित मत होइए।हम विचलित नहीं हैं।इन बातों का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई से बात कर एक वकील द्वारा उन पर जूता फेंकने के प्रयास की निंदा की और कहा कि इस हमले से हर भारतीय नाराज है। उन्होंने कहा हमारे समाज में इस तरह के निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने घटना के बाद शांति बनाए रखने के लिए गवई की प्रशंसा की। वकीलों के अनुसार, यह घटना उस समय घटी जब प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी। आरोपी वकील की पहचान बाद में मयूर विहार ...शेष पृष्ठ 10 पर

# यूपी को वैश्विक फूड बॉस्केट बनाना हमारा संकल्प : योगी

विशेष संवाददाता (vol)




- वाराणसी में ई-सीडर और प्रिसिजन हिल सीडर उपकरण का सीएम ने किया लोकार्पण
- यूपी अकेले करता है भारत का 21% खाद्यान उत्पादन : सीएम
- लखनऊ में बनेगा 250 एकड़ में सीड पार्क : मुख्यमंत्री

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश को भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक फूड बास्केट के रूप में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि यदि समय पर तकनीक और बीज उपलब्ध कराए जाएं तो प्रदेश आज से तीन गुना अधिक उत्पादन करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी ने लक्ष्य तय किया है कि 2029-30 तक प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाया जाएगा, जिसमें कृषि क्षेत्र सबसे बड़ी भूमिका निभाएगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरी (IRRI) और सीआईपी (CIP) जैसे संस्थानों के सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे।योगी आदित्यनाथ ने काशी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान विश्वनाथ की नगरी और उनके सहयोगी वृषभ हमें उन्नत खेती की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि अन्नं बहु कुर्वीत तद् व्रतम् की परंपरा को आगे बढ़ाना ही हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी कृषि के लिए उर्वरता, सिंचाई और पर्याप्त धूप सबसे आवश्यक हैं और इन तीनों दृष्टियों से भारत अत्यंत संपन्न है। देश के पास 17 करोड़ हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसमें से 60 फीसदी भूमि सिंचित है। यूपी तो अकेले देश का 21 फीसदी खाद्यान उत्पादन करता है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते 11 सालों में कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड, कृषि बीमा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, लागत से डेढ़ गुना एमएसपी और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पास 11 फीसदी भूभाग और 17 फीसदी जनसंख्या है, लेकिन यह अकेला राज्य 21 फीसदी खाद्यान उत्पादन करता है। धान, गेहूं, गन्ना, आलू, दलहन और तिलहन की खेती में यूपी अग्रणी है। यूपी के पास राज्य सरकार के चार, केंद्र सरकार के दो और एक निजी कृषि विश्वविद्यालय हैं। इसके अलावा 89 कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को तकनीकी सहायता दे रहे हैं। 2018 में वाराणसी में ईरी का दक्षिण एशिया केंद्र खुलने के बाद धान की विभिन्न वैरायटी पर रिसर्च जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काला नमक चावल भगवान बुद्ध द्वारा तीन हजार साल पहले दिया गया था। इसे हम भगवान बुद्ध के प्रसाद के रूप में पूरी दुनिया में बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूपी में धान की खेती का 8 हजार साल पुराना इतिहास है। तंजावुर और रामनाथपुरम के शिलालेखों में प्राचीन भारत की उन्नत खेती के प्रमाण मिलते हैं। आजादी के बाद यूपी में 11.77 मिलियन टन खाद्यान का उत्पादन होता था, जो अब बढ़कर 60 ट्रिलियन टन हो गया है। रकबा भी 170 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 240 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। यह पांच गुना की वृद्धि को दशार्ता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर 250 एकड़ में सीड पार्क स्थापित किया जाएगा। यहां से जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए बेहतर बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। डीजी ईरी यवोन पिंटो और डीजी सीआईपी डॉ. साइमन हेक की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि आगरा में जल्द ही इंटरनेशनल पोटेटो सेंटर स्थापित होगा। कॉनक्लेव में आईआरआरआई और जेएनवीवी की ओर से विकसित बैट्री संचालित ई-सीडर और प्रिसिजन हिल सीडर का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही धान की सीधी बुवाई, जीरो टिलेज गेहूं और समृद्धि धान नेटवर्क पर आधारित प्रकाशन सामग्री का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जाहिर की कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर वैज्ञानिक अब केवल लैब तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि जमीन पर उतरकर रिसर्च का डेमॉन्स्ट्रेशन करेंगे ताकि किसानों तक नई तकनीक सीधे पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र दयालु, बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार, डीजी ईरी यवोन पिंटो और डीजी सीआईपी डॉ साइमन हेक, श्रीलंका के कृषि सचिव डीबी विक्रमसिंघे, डायरेक्टर आईएसएआरसी डॉ सुधांशु सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषि वैज्ञानिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हर चेहरे पर खुशी और संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)



- जनता दर्शन में लोगों की समस्या से रूबरू हुए मुख्यमंत्री
- पुलिस, राजस्व, आर्थिक सहायता समेत अन्य प्रकरण लेकर पहुंचे फरियादी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। प्रदेश भर से आये फरियादियों के पास मुख्यमंत्री स्वयं पहुंचे, उनकी समस्या पूछी, प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में सभी की समस्याओं का उचित निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर चेहरे पर खुशी और संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता है।

इस दौरान प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में लोग पुलिस, बिजली, राजस्व से जुड़े प्रकरण, नौकरी, आर्थिक सहायता आदि की मांग को लेकर पहुंचे।

सीएम योगी ने कहा कि किसी के चेहरे पर खुशी लाना ही ईश्वर की सेवा है। प्रदेश सरकार हर पीड़ित को खुशहाल करने की भावना से कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का बिना भेदभाव सभी को लाभ मिल रहा है। 'जनता दर्शन' के माध्यम से भी समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में फरियादियों के साथ आए बच्चों का हालचाल जाना।

नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर दुलार किया और अपनत्व का अहसास कराया। सीएम योगी ने सभी बच्चों को चॉकलेट-टॉफी दी और खूब पढ़ने-खेलने की भी सलाह दी।

## सितम्बर में 15237.44 करोड़ का मिला राजस्व

विशेष संवाददाता (vol)

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में सितम्बर, 2024 के सापेक्ष सितम्बर, 2025 में 489.51 करोड़ की वृद्धि

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितम्बर माह में कुल रू. 15237.44 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के सितम्बर माह में 14747.93 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह सितम्बर में 489.51 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत माह सितम्बर तक रू. 104568.93 करोड़ की प्राप्ति हुई है। जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह सितम्बर तक निर्धारित लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत है।वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 में कुल 5610.55 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष सितम्बर, 2024 के माह में प्राप्ति 6108.27 करोड़ रही थी। वैट के अंतर्गत माह सितम्बर, 2025 में 2369.45 करोड़



की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति 2356.29 करोड़ रही थी। आबकारी के अंतर्गत माह सितम्बर, 2025 में कुल 3811.70 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 3246.67 करोड़ रही थी। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस मद में 565.03 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। आबकारी मद के अंतर्गत माह सितम्बर में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 90.8 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। स्टाम्प तथा निबंधन के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 की राजस्व प्राप्ति 2516.95 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति 2177.34 करोड़ रही थी। इस प्रकार इस मद में माह सितम्बर में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 83.9 प्रतिशत की राजस्व प्राप्ति हुई है। परिवहन के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 की राजस्व प्राप्ति रू0 745.78 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति 653.80 करोड़ रही थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 में प्राप्ति रू. 183.01 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति 205.56 करोड़ रही थी।सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह सितम्बर तक मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत कुल 104568.93 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो माह सितम्बर तक निर्धारित लक्ष्य 140939.55 करोड़ के सापेक्ष 74.2 प्रतिशत है।

## एनीमिया और टीबी उन्मूलन पर सरकार की प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)

- उप मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य के आयाम परिचर्चा का किया शुभारंभ
- मिशन शक्ति के तहत रेडक्रॉस सहयोग से टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित

**लखनऊ।** मिशन शक्ति अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान तथा रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से सोमवार को आईएमए भवन, लखनऊ में महिला स्वास्थ्य के आयाम विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर 50 टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा महिलाओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने




महिलाओं और बच्चों में एनीमिया से बचाव, टीबी उन्मूलन तथा जीवन के हर पहलू में खुशियाँ लाने हेतु अनेक योजनाएँ चलाई हैं। इसी क्रम में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया गया, जिसके तहत महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, जिससे प्रदेश में महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दोनों प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की बड़ी संख्या में बेटियाँ पुलिस विभाग में शामिल होकर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षय रोग एक अभिशाप है, परंतु राज्य सरकार ने इसे समाप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर रोगियों की पहचान की है।

## दिवाली पर समूह के बनाये दीयों से जगमगायेंगे गांव शहर

- आजीविका मिशन के समूहों द्वारा बनाये जा रहे गिफ्ट हैंपर

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित हो रहे स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर बनाये जा रहे उत्पादों को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एक अलग तरह की रौनक दिख रही है।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि हजारों समूह सदस्यों द्वारा बाजार की मांग के अनुसार डिजाइनर दिये एवं मोमबत्तियों के साथ त्योहार से संबंधित विभिन्न तरह के उत्पाद तैयार जा रहे हैं। शहरों के तर्ज पर समूह के बने उत्पादों के अलग-अलग तरह के गिफ्ट हैंपर तैयार कराए जा रहे हैं। बताया कि समूह के उत्पादों को संग्रहित करके एक कॉफी टेबल बुक भी तैयार की जा रही है, जिससे समूह सदस्यों के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। साथ ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उनके उत्पादों को बिक्री के लिए पंजीकृत कराया गया है। मिशन निदेशक ने बताया कि भारी संख्या में समूहों द्वारा गाय के गोबर से एवं पंचगव से गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, मधुमक्खी के छत्ते से निकले मोम से बनी फैंसी मोमबत्तियां एवं दिये तैयार किये जा रहे हैं, जोकि पूरी तरह से इको फ्रेंडली है और देखने में उतने ही खूबसूरत भी हैं। इनके बाजार में अच्छे दाम मिलने के आसार हैं। इसके अतिरिक्त हवन सामग्री जिनमे धूप बत्ती, अगरबत्ती एवं पूजा सामग्री आदि समूह द्वारा बनाये जा रहें हैं। उन्होंने बताया शीघ्र ही सभी जिलों को निर्देशित किया जा रहा है कि समूह सदस्यों के उत्पादों की बिक्री के लिए सभी बाजारों में उचित स्थान दिला करके उनकी बिक्री को अधिक से अधिक बढ़ाया जाने का प्रयास किया जाए। साथ ही साथ समस्त जिलों एवं ब्लॉक कार्यालय में विशेष रूप से समूह सदस्यों द्वारा उत्पादित हो रहे उत्पादों का स्टॉल लगाया जाए।

## सुनवाई में 30 में से 16 पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की आयोग को वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट एवं तय तिथि तक निर्वाचन व्यय विवरणी न देने वाले पंजीकृत राजनैतिक दलों की सुनवाई

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे राजनैतिक दल जो विगत 06 वर्षों में आयोजित लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव में प्रतिभाग करने के बाद निर्धारित तिथि तक अपनी अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी आयोग को प्रस्तुत नहीं किया था।

ऐसे दलों की सोमवार को उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष मं सुनवाई की। उन्होंने प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण



(ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया और सभी दलों के मोबाइल नंबर, पंजीकरण संख्या, वर्तमान पता व ईमेल की भी जांच की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे 127 राजनैतिक दलों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था, जिन्होंने प्रदेश में वर्ष 2019 से अब तक विगत 06 वर्षों में आयोजित लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव में प्रतिभाग करने के बाद भी विगत तीन वित्तीय वर्षों से अपनी वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी निर्धारित समय सीमा तक प्रस्तुत नहीं किया था। इन दलों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। सुनवाई के दौरान इन सभी 16 राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा और अपने दल के तीन वर्षों 2021-22, 22-23 व 23- 24 की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट और निर्वाचन व्यय विवरणी प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक राजनैतिक दल को प्रति वर्ष 30 सितम्बर तक अपनी अंशदान रिपोर्ट तथा 31अक्टूबर तक अपने आय-व्यय की ऑडिट रिपोर्ट देना अनिवार्य है। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव के बाद 90 दिनों में तथा विधानसभा चुनाव के बाद 75 दिनों में अपने आय व्यय का ब्योरा भी सभी दलों को देना होता है। प्रत्येक दल को चंदे के रूप में प्राप्त 20 हजार रुपये से अधिक के अंशदान की रिपोर्ट भी देनी है। इसी प्रकार लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक प्रत्याशी को भी अपने आय-व्यय के खर्चों का विवरण निर्वाचन समाप्त होने के बाद 30 दिनों में देना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 06 अक्टूबर सोमवार को 30 राजनैतिक दलों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था, जिसमें से 16 राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। 07 अक्टूबर को अवकाश होने से इस दिन जिन 30 दलों की सुनवाई होनी थी वह अब 08 एवं 09 अक्टूबर को होगी। इस प्रकार अब 08 अक्टूबर को 30 के बजाय 45 एवं 09 अक्टूबर को 37 के वजाय 52 राजनैतिक दलों की सुनवाई होगी।सोमवार की सुनवाई में आदर्श समाज पार्टी-आगरा, भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी-बलिया, आम जनता पार्टी-बस्ती, अपना दल बलिहारी पार्टी-बस्तीय, आम जनता पार्टी (इंडिया)-गोण्डा, आधुनिक भारत पार्टी-कानपुर नगर, बहुजन पार्टी-कानपुर नगर, एक्शन पार्टी-खीरी, अपना दल यूनाइटेड पार्टी-कुशीनगर, अभय समाज पार्टी-महराजगंज, भारतीय हरित पार्टी-मुजफ्फरनगर, अम्बेडकर युग पार्टी-प्रयागराज, बहुजन आवाम पार्टी-प्रयागराज, अपना देश पार्टी-सुल्तानपुर, अंजान आदमी पार्टी-प्रयागराज एवं आजाद भारत पार्टी(डेमोक्रेटिक)-कानपुर नगर जिले में पंजीकृत राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## फार्मेसी कोर्स की द्वितीय चरण काउंसिलिंग में दस्तावेज सत्यापन आज रहेगा जारी

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2025 के फार्मेसी पाठ्यक्रम की द्वितीय चरण काउंसिलिंग के अंतर्गत दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 7 अक्टूबर तक जारी रहेगी। परिषद के अनुसार, द्वितीय चरण की काउंसिलिंग 25 सितंबर से 7 अक्टूबर 2025 तक संचालित है, जिसमें कुल 48,079 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं। इनमें से लगभग 22,000 अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया है। परिषद के सचिव ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन का कार्य 04 अक्टूबर से 07 अक्टूबर 2025 तक राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों में स्थापित हेल्प सेंटर्स पर नियमित रूप से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 7 अक्टूबर को भी हेल्प सेंटर्स में अभ्यर्थियों की उपस्थिति तक दस्तावेज सत्यापन का कार्य सुचारू रूप से जारी रहेगा।

## सपा के जिलाध्यक्षों का प्रारूप 18-19 स्वीकार किया जाये

विशेष संवाददाता (vol)

- सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उठायी मांग

**लखनऊ।** सपा ने मांग की हैं कि वाराणसी मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि सपा के जिलाध्यक्ष, समर्थकों से भी प्रारूप-18 व प्रारूप-19 बल्क में स्वीकार किये जाए, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शी चुनाव सम्पन्न हो सके।

इस सम्बन्ध में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का ज्ञापन केके श्रीवास्तव एवं राधेश्याम सिंह ने सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि वाराणसी मण्डल के जिलाधिकारियों द्वारा सत्ता पक्ष के समर्थकों से प्रारूप-18 व प्रारूप-19 (बल्क में) स्वीकार किये जा रहे हैं लेकिन सपा के जिलाध्यक्ष, समर्थकों से प्रारूप-18, प्रारूप 19 बल्क में स्वीकार नहीं किये जा रहे हैं, जो कि अलोकतांत्रिक असंवैधानिक और अत्यंत आपत्तिजनक मामला है।सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर कहा है कि सपा के सांसद वीरेन्द्र सिंह ने आयुक्त वाराणसी मंडल को ज्ञापन देकर वाराणसी मंडल के जिलाधिकारियों द्वारा एमएलसी स्नातकों के आवेदन प्रारूप-18 व शिक्षकों के आवेदन प्रारूप-19 को सपा के जिलाध्यक्षों, समर्थकों से एक साथ (बल्क में) आवेदन स्वीकार नहीं किये जाने के बारे में शिकायत किया है। बता दें कि स्नातक/शिक्षक एमएलसी के प्रत्येक निर्वाचन में नई मतदाता सूची बनाई जाती है और नई मतदाता सूची से ही स्नातक/शिक्षक निर्वाचन सम्पन्न होता है। स्नातक/शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए आवेदन प्रारूप-18 व प्रारूप-19 राजनीतिकों के अध्यक्ष/प्रत्याशी द्वारा जमा किये जाते रहे हैं।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने लापरवाह अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

- योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर जोर
- दीपावली पर सभी मंडलों में लगेगी दिव्यांगजन उत्पादों की प्रदर्शनी, आत्मनिर्भरता को मिलेगा प्रोत्साहन

**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर पूरा ध्यान दें ताकि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय से पहुंचे।

मंत्री कश्यप ने कहा कि विभागीय योजनाओं में तय लक्ष्य और आवंटित धनराशि का समय से उपभोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाया जाए। साथ ही, उन्होंने बचपन केयर सेंटर्स के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वहां की खाने-पीने और देखभाल की व्यवस्था सुव्यवस्थित हो। उन्होंने कहा कि आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर प्रदेश के सभी मंडलों में दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इससे न केवल दिव्यांगजन की आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा, बल्कि उनके उत्पादों को भी बाजार में पहचान मिलेगी।बैठक में मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जिलेवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कम्प्यूटर प्रशिक्षण (ट्रिपल सी/ओ-लेवल) के प्रशिक्षार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति पर जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी लाभार्थियों को उनकी धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में शीघ्र हस्तांतरित की जाए। उन्होंने छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, आवेदन और भुगतान प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर देरी न हो। उन्होंने विभाग में रिक्त पदों की शीघ्र भर्ती करने का भी निर्देश दिया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। मंत्री कश्यप ने कहा कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों के प्रति उत्तरदायी और संवेदनशील रहें।

## परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराना शासन की प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश
- संवेदनशील जनपदों में रखी जाये विशेष निगरानी
- भ्रामक सूचना एवं अफवाह फैलाने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई : एस.पी.गोयल

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ प्रवर अधीनस्थ सेवा(प्रा.) परीक्षा तथा ए.सी.एफ/आर.एफ.ओ सेवा(प्रा.) परीक्षा-2025 की तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष,




नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी व्यक्तिगत निगरानी में परीक्षा केंद्रों पर आयोग के मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। सभी जनपदों में परीक्षा के लिए आवश्यक अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती व प्रशिक्षण समय पर पूर्ण हो जाए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील होने चाहिए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु परीक्षा के दौरान एलआईयू और एसटीएफ की टीमें सक्रिय रहें। संवेदनशील जनपदों में विशेष निगरानी रखी जाए। प्रश्न पत्र लीक न हो और सही प्रश्न-पत्र परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचे, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने अथवा अनुचित साधनों प्रयोग की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं एवं उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए भ्रामक सूचना एवं अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के मूवमेंट के दृष्टिगत रेलवे और रोडवेज अधिकारियों को पहले से ही सतर्क कर दिया जाए। बारिश की स्थिति में भी अभ्यर्थियों को केंद्र तक पहुँचने में कोई परेशानी न हो। परीक्षा केन्द्रों पर तलाशी के लिए पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष कर्मी की तैनाती की जाए। बैठक में बताया गया कि परीक्षा आगामी 12 अक्टूबर, 2025 को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र सुबह 9.30 से 11.30 तक तथा द्वितीय सत्र 2.30 से 4.30 तक है। इसमें कुल 6,26,387 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा 75 जनपदों में कुल 1435 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 248 सरकारी तथा 1187 वित्त पोषित विद्यालय हैं। सर्वाधिक परीक्षा केन्द्र प्रयागराज-67, लखनऊ-59, वाराणसी-49, मेरठ-42, गोरखपुर-41, कानपुर नगर-39, आगरा-39, मुरादाबाद-34, जौनपुर-34 व बरेली-34 बनाए गए हैं। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाये रखने के लिए एआई आधारित अलर्ट एवं रिस्पॉन्स व्यवस्था, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं लाइव सीसीटीवी निगरानी जैसी नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने हेतु सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया जाएगा। प्रवेश के समय डबल लेयर फ्रिस्किंग व्यवस्था (पुलिस एवं कार्यदायी संस्था) की जाएगी। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नोडल अधिकारी-पुलिस, आयोग के अधिकारी को समन्वयी पर्यवेक्षक तथा आयोग के कार्मिक को सहायक पर्यवेक्षक नामित किया गया है।

# सरकारी जमीनों से तुरंत हटवायें अवैध कब्जे: सीएम

**लखनऊ/ वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सर्किट हाउस सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति जानी और कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व वादों पर लगातार ध्यान देते हुए सरकारी जमीनों से तत्काल अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों से यह भी कहा कि गरीबों की जमीन कोई भी कब्जा न करने पाए। सीएम ने ग्राम पंचायत सचिवालय में सभी आवश्यक कार्यों के निष्पादन समेत निवास, आय, जाति प्रमाण-पत्र वहीं से जारी करने को निर्देशित किया।

- सीएम का सख्त निर्देश, गरीबों की जमीन कोई कब्जा न करने पाये
- ग्राम पंचायत सचिवालय से निवास, आय, जाति प्रमाण-पत्र जारी करने की हो व्यवस्था
- नगर निगमों में अधिक से अधिक कल्याण मंडपम का निर्माण करायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम के जोनल कार्यालयों में भी सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, लोगों को अनावश्यक न दौड़ाया जाए। आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण हो एवं इसकी रैंडम चेकिंग की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सीएम ने मौके पर जाने व फीडबैक लेने का भी निर्देश दिया। बोले-कोई भी शिकायत डिफॉल्टर न हो। सीएम ने कहा कि अधिक से अधिक कल्याण मंडपम का निर्माण कराएं। जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक सहयोग लें। इसे कमजोर एवं गरीब परिवारों की बेटियों की शादी एवं अन्य कार्यक्रम के उपयोग में लाया जा सके। बाहरी वार्डों एवं मलिन बस्तियों के विकास कार्य तेजी से कराए जाएं। सीएम ने शहर के अंदर अच्छी सड़क, उचित साफ सफाई, ड्रेनेज व्यवस्था बेहतर करने को कहा, ताकि लोगों को अलग आनंद की अनुभूति हो। सीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने को कहा। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर रखी जाए और अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाए। किसी भी घटना एवं शिकायत पर प्रशासन, पुलिस या संबंधित विभाग का क्विक रिस्पॉन्स होना चाहिए। उन्होंने पब्लिक से लगातार संवाद कायम करने और बॉर्डर पर सतर्कता-सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने का का निर्देश दिया। बोले कि अपराधियों एवं गौ तस्करों पर कड़ी नजर रखें तथा ऐसे लोगो पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो। सुरक्षा के दृष्टिगत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने को भी सीएम ने निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त तथा जिलाधिकारी को जीएसटी विभाग की मासिक समीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पर्व एवं त्योहार मे विशेष सतर्कता बरती जाए। पुलिस बल हर जगह मौजूद रहे। उन्होंने जनपद में गतिमान विकास के कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से तय समयसीमा में पूरा कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने गंगा महोत्सव एवं देव दीपावली को बेहतर तरीके से किए जाने के लिए ठोस तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बोले कि यह आयोजन अविस्मरणीय होना चाहिए। फ्रेट विलेज परियोजना में आ रही बाधा का तत्काल निस्तारण कराकर परियोजना में तेजी लाए जाने का भी निर्देश दिया। पीएम सूर्य घर योजना की बेहतर प्रगति सुनिश्चित किए जाने के साथ ही अधिक से अधिक सोलर पैनल इंस्टॉल कराए जाने पर जोर दिया। उन्होंने वरुणा एवं अस्सी नदी के समुचित साफ सफाई के साथ ही इनके पुनरोद्धार के कार्य पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। दीपावली एवं देव दीपावली के दृष्टिगत घाटों, गलियों एवं सड़को की साफ सफाई सुनिश्चित करने पर भी उनका जोर रहा। दालमंडी सड़क निर्माण कार्य को मिशन मोड में कराए जाने के लिए कहा। त्योहारी सीजन को देखते हुए बाजार में ट्रैफिक, सिविल पुलिस के साथ होमगार्ड्स की ड्यूटी एवं फूट पेट्रोलिंग कराई जाय।

## मुख्यमंत्री ने की बाबा विश्वनाथ की आराधना

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर सोमवार को काशी विश्वनाथ धाम व 'काशी कोतवाल' काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ गर्भगृह में षोडशोपचार पूजन कर बाबा के चरणों में हाजिरी लगाई। सीएम योगी ने मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर में भी विधि विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री के रूप में पूरे दिन 'कर्म पथ' से गुजरने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम को 'धर्म पथ' भी पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों का अभिवादन किया। वहीं सीएम को देखकर बाबा के भक्तों ने भी हर-हर महादेव का जयकारा लगाया। काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री ने रास्ते में बच्चों को टॉफी व चॉकलेट बांटा। सीएम ने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में भी पूछा। मंदिर के पास ही मां की गोद में नवजात को देखकर रुके सीएम ने उसे आशीर्वाद भी दिया। दर्शन-पूजन के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्टांप राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) रविन्द्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉ. अवधेश सिंह, टी. राम आदि मौजूद रहे।

# चौराहों पर भिक्षावृत्ति करने वालों के खिलाफ उठायेंगे सख्त कदम : डीएम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहर के 10 प्रमुख बाजारों को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित पत्रकारपुरम व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए 6 माह से अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसमें काफी सफलता भी प्राप्त हुई। अब द्वितीय चरण में यह अभियान आप की मार्केट में चलाया जाएगा।

जिलाधिकारी द्वारा पत्रकार पुरम मार्केट के नोडल अधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ को निर्देशित किया गया कि चिन्हित 10 मार्केटों के व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों, नोडल अधिकारियों तथा रेस्क्यू टीमों का एक व्हाट्सएप समूह बनाया जाए। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से सहयोग की अपेक्षा की गई के उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि मार्केट में कही पर भी भिक्षावृत्ति को प्रोत्साहित न किया जाए। बैठक के दौरान निगरानी टीम के द्वारा निगरानी करते हुए बाजार से 3 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। संज्ञान में आया कि बच्चों के परिजन द्वारा बच्चों को भिक्षावृत्ति करने हेतु बाजार में छोड़ दिया जाता है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभियान के द्वितीय चरण में जनपद के 10 प्रमुख बाजारों, जनपद मार्केट, हजरतगंज मार्केट, पत्रकारपुरम मार्केट, भूतनाथ मार्केट, अमीनाबाद मार्केट, लेखराज मार्केट, बंगला बाजार, कपूरथला मार्केट, गोल मार्केट/निशात गंज मार्केट तथा चारबाग मार्केट को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त चिन्हित 10 प्रमुख बाजारों में अपर नगर मजिस्ट्रेट, स्वय सेवी संगठनों, व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों और निगरानी टीमों के द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए सभी चिन्हित मार्केट के लिए नोडल अधिकारियों की मार्केटवार तैनाती की जा चुकी है। मुख्य विकास अधिकारी, एडीसीपी ट्रैफिक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट 4, अमरनाथ मिश्रा लखनऊ व्यापार मंडल, पत्रकार पुरम व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं स्वय सेवी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# विवि के समर्थ पोर्टल से भरे जायेंगे विषम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 10वीं बैठक सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की। बैठक के शुरुआत में परीक्षा नियंत्रक विकास ने सभी अतिथियों, सदस्यों एवं संकाय प्रतिनिधियों का स्वागत किया और उन्होंने परीक्षा प्रणाली को और अधिक छात्र हितकारी बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

- भाषा विवि में परीक्षा समिति की 10वीं बैठक सम्पन्न

कुलपति प्रो. तनेजा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि परीक्षा प्रक्रिया किसी भी विश्वविद्यालय की विश्वसनीयता की रीढ़ होती है। अतः आवश्यक है कि मूल्यांकन, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में चुनौती मूल्यांकन की दरों के पुनर्निर्धारण पर विशेष चर्चा हुई। यह तय किया गया कि बाह्य विशेषज्ञों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए न्यूनतम दरों के निर्धारण के लिए एक उप-समिति गठित की जाएगी, जो आवश्यक अध्ययन एवं समीक्षा के बाद विश्वविद्यालय की वित्त समिति को अपनी अनुशंसाएं प्रस्तुत करेगी।

इसी प्रकार, मॉडरेशन कार्य से संबंधित पारिश्रमिक की दरों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके लिए एक अलग समिति का गठन किया गया है, जो सभी प्रासंगिक बिंदुओं का विश्लेषण कर दरों का प्रस्ताव तैयार करेगी। बैठक में बताया गया कि विश्वविद्यालय के दशम दीक्षांत समारोह में दिये जाने वाले स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों की अंतिम सूची तैयार की जा चुकी है। साथ ही एंडोमेंट कमेटी द्वारा वर्ष 2025 के लिए चयनित 144 पदकों को इस समारोह में शामिल किये जाने पर भी सहमति बनी। विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए समिति ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया कि एलीमेंट्री विषयों में आंतरिक एवं बाह्य अंकों को जोड़कर कुल 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा। यह निर्णय विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि इस वर्ष से दीक्षांत उपाधियों पर संबंधित संकाय का नाम भी अंकित किया जाएगा, जिससे उपाधियों की अकादमिक पहचान और अधिक स्पष्ट हो सके। डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए समिति ने यह भी अनुशंसा की कि आगामी विषम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जायेंगे। इस पहल से परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, कुशल और ई-गवर्नेंस आधारित बनाया जा सकेगा। बैठक में परीक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकरणों जैसे पुनः परीक्षा, एन +2 नियम के अंतर्गत आवेदन, तथा छात्र-छात्राओं की विशेष अपीलों पर भी विस्तार से विचार किया गया। सभी प्रस्तावों पर नियमों के अनुरूप निर्णय लिए गए और आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजीव गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. महेश कुमार, डीन अकादमिक्स प्रो. सौबान सईद, सभी संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, परीक्षा समिति के सदस्यगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धर्म सर्वोपरि, समरसता ही सनातन की आत्मा : डॉ. राजेश्वर सिंह



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोमवार को शेखपुर तरेहा स्थित मातोश्री लॉन में वरिष्ठ समाजसेविका रंजना मिश्रा द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के आयोजन में सहभागिता कर कथा व्यास स्वामी सुधीरानंद जी महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम समरसता, समानता और सामाजिक एकता के साकार स्वरूप हैं, जिन्होंने शबरी के जूठे बेर खाकर भक्ति का सम्मान किया, निषादराज को मित्र बनाकर समानता का आदर्श दिया और सुग्रीव के संग सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया।

विधायक ने कहा आज जब समाज जाति, भाषा और मतों में बाँटने की कोशिशों से जूझ रहा है, तब श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि धर्म सर्वोपरि, और समरसता ही सनातन की आत्मा है। इन्हीं आदर्शों से प्रेरित होकर सरोजनीनगर में गत तीन वर्षों से रामरथ अयोध्या यात्रा अनावरत संचालित है, अब तक करीब 160 से अधिक मंदिरों का सौंदर्यी करण कराया गया तथा 1.5 करोड़ झाडेश्वर महादेव, 5.3 करोड़ से रेतेश्वर महादेव और 1 करोड़ जल साईंनाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष शिव बक्स सिंह, विवेक राजपूत, रमाशंकर त्रिपाठी, के. एन. सिंह, तेज नारायण सिंह, सुनील रावत, लवकुश रावत, सोनू माली, योगेश तिवारी, कृपाशंकर शुक्ला, विश्वजीत, लाल जी अवस्थी, उत्तम मिश्रा, मानस मिश्रा, प्रफुल्ल अवस्थी, बबलू, ममता मिश्रा , तृप्ति तिवारी, आशा सिंह, बबली वर्मा एवं अन्य मौजूद रहे।

- विधायक ने राम कथा के दिव्य आयोजन में दिया संदेश
- राम कथा से रामरथ तक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भक्ति को विकास में रूपांतरित किया

काकोरी ब्लॉक स्थित घुरघुरी तालाब का शीघ्र ही सौंदर्यीकरण, सफाई एवं जीर्णोद्धार कराया जाएगा। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने क्षेत्रीय कार्यक्रमों में सहभागिता के दौरान तालाब का स्थल निरीक्षण कर तालाब की सफाई, बेंचों की स्थापना तथा समग्र विकास कार्य कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।विधायक ने कहा कि हृतालाब केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और पर्यावरण संतुलन का आधार हैं; इन्हें सहेजना हमारा सामूहिक दायित्व है। इस दौरान बॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एक उदीयमान युवा खिलाड़ी को सम्मानित किया गया।

साथ ही विधायक ने स्थानीय नागरिकों के साथ आत्मीय संवाद किया और श्री सुरेन्द्र यादव जी की दुकान पर कड़क चाय का आनंद लेते हुए क्षेत्र के विकास संबंधी सुझाव भी सुने। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख सुनील कुमार, पार्षद के. एन. सिंह, पूर्व प्रधान तेज नारायण सिंह, रामशंकर त्रिपाठी , सोनू माली एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## छपरा-आनन्द विहार के बीच चलेगी नियमित ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिये 15133/15134 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल-छपरा द्वि-साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस वाया गोरखपुर का नियमित संचलन छपरा से 20 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 22 अक्टूबर से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को निम्नवत किया जायेगा। 15133 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल द्वि-साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस 20 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार एवं बृहस्पतिवार को छपरा से 22.00 बजे प्रस्थान कर सीवान से 22.55 बजे, थावे से 23.35 बजे, दूसरे दिन तमकुही रोड से 00.27 बजे, पडरौना से 01.12 बजे, कप्तानगंज से 02.10 बजे, गोरखपुर से 03.25 बजे, खलीलाबाद से 04.03 बजे, बस्ती से 04.31 बजे, बभनान से 04.56 बजे, मनकापुर से 05.37 बजे, गोंडा से 06.35 बजे, बाराबंकी से 08.40 बजे, बादशाहनगर से 09.48 बजे, ऐशबाग से 10.25 बजे, कानपुर सेंट्रल से 13.35 बजे तथा इटावा से 15.45 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 22.10 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 15134 आनन्द विहार टर्मिनल-छपरा द्वि-साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस 22 अक्टूबर से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को आनन्द विहार टर्मिनल से 00.20 बजे प्रस्थान कर इटावा से 04.22 बजे, कानपुर सेंट्रल से 07.05 बजे, ऐशबाग से 09.10 बजे, बादशाहनगर 09.33 बजे, बाराबंकी से 10.35 बजे, गोंडा से 13.30 बजे, मनकापुर से 13.54 बजे, बभनान से 14.38 बजे, बस्ती से 15.13 बजे, खलीलाबाद से 15.36 बजे, गोरखपुर से 17.00 बजे, कप्तानगंज से 18.20 बजे, पडरौना से 18.55 बजे, तमकुही रोड से 19.47 बजे, थावे से 20.25 बजे तथा सीवान से 21.25 बजे छूटकर छपरा 22.50 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11, एलडब्ल्यूएलआरडी के 02 तथा पैंट्रीकार के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## जलकल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान

**लखनऊ।** ऐशबाग स्थित जलकल मुख्यालय में सोमवार को सेवानिवृत्त पांच कर्मचारियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी पम्मी, पार्षद संदीप शर्मा, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव सहित जलकल विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में गैंगमैन मनोहर, मो. सबीर, पंप ऑपरेटर संजय, दाहाराम पाल और सफाई कर्मचारी महेश कुमार शामिल रहे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम और जलकल का प्रत्येक कर्मचारी शहर की सेवा का सच्चा भागीदार है। वर्षों तक समर्पण के साथ कार्य करने वाले कर्मचारी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। इनके अनुभव और परिश्रम से ही आज हमारा निगम बेहतर सेवाएं देने में सक्षम हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि सेवानिवृत्ति अंत नहीं, बल्कि जीवन का एक नया अध्याय है। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अच्छे स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जीएम जलकल कुलदीप सिंह ने कहा कि विभाग उनकी निष्ठा और लगन को हमेशा याद रखेगा।

## एकेटीयू में टैबलेट पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय ( एकेटीयू ) में सोमवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरज बोरा मौजूद रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रति कुलपति प्रो. राजीव कुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी ओपी सिंह और परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगारिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वर्षा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन डॉ. रवि शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदर्शी पहल है, जो विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य अतिथि डॉ. नीरज बोरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी हर युवा के लिए प्रेरणास्रोत हैं। शिक्षा और तकनीक के समन्वय से ही राष्ट्र का भविष्य मजबूत हो सकता है।

# यूपी रेरा ने 8 रियल एस्टेट परियोजनाओं को दी मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ( यूपी रेरा ) ने राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र को पारदर्शी, जवाबदेह और संगठित बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराया है। इसी क्रम में प्राधिकरण की 185वीं बैठक लखनऊ मुख्यालय में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने की।

- 1,948 करोड़ के निवेश से 3,005 नई आवासीय और वाणिज्यिक इकाइयां जुड़ेंगी

बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में 8 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं में ?1,948 करोड़ का निवेश होगा और इनके माध्यम से कुल 3,005 नई इकाइयां बनाई जाएंगी। इनमें फ्लैट्स, अपार्टमेंट्स, विला, प्लॉट्स, दुकानों तथा अन्य वाणिज्यिक स्थलों का समावेश है।

यह नई मंजूरी प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र के विकास को गति देने के साथ-साथ निवेशकों और घर खरीदारों की आवश्यकताओं को पूरा करने में एक और अहम कदम साबित होगी। मंजूर की गई परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के लखनऊ की 3 परियोजनाएं, प्रयागराज, आगरा, झाँसी, नोएडा और फिरोजाबाद में 1-1 परियोजना) में फैली हुई हैं। यह वितरण न केवल बड़े शहरों में रियल एस्टेट की निरंतर प्रगति को दर्शाता है, बल्कि झांसी और फिरोजाबाद जैसे उभरते शहरी केंद्रों को भी विकास की मुख्यधारा में ला रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि रियल एस्टेट विकास अब केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश या महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राज्य में संतुलित और व्यापक रूप से फैल रहा है जो क्षेत्रीय आर्थिक विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत है। इन 8 परियोजनाओं के अंतर्गत बनने वाली 3,005 नई इकाइयां राज्य में आवास उपलब्धता को सशक्त बनाएंगी। इनमें किफायती आवास, मध्यम आय वर्ग के फ्लैट्स, विला और प्लॉट्स शामिल हैं। इन परियोजनाओं में होने वाला ?1,948 करोड़ का निवेश न केवल निर्माण क्षेत्र में बल्कि सीमेंट, स्टील, टाइल्स, पेंट, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम डेकोर और वित्तीय सेवाओं जैसे सहायक उद्योगों में भी रोजगार और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा 185वीं बैठक में 8 परियोजनाओं की मंजूरी से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश का रियल एस्टेट क्षेत्र लगातार सशक्त और भरोसेमंद दिशा में आगे बढ़ रहा है। ?1,948 करोड़ का निवेश और 3,000 से अधिक नई इकाइयों की स्वीकृति राज्य की आर्थिक प्रगति और आवासीय विकास दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। रेरा की पारदर्शी और कठोर समीक्षा प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक परियोजना नियमों के अनुसार हो जिससे घर खरीदारों की सुरक्षा और निवेशकों का विश्वास दोनों कायम रहे।




# गोरखपुर में लगेगा रोजगार महाकुम्भ यूएई-ओमान में नौकरियां देगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार के तहत प्रदेश के युवाओं को वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लखनऊ में तीन दिवसीय रोजगार महाकुम्भ के बाद अब सेवायोजन विभाग की ओर से गोरखपुर में आगामी 14 से 15 अक्टूबर तक मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'रोजगार महाकुम्भ-2025' का आयोजन किया जा रहा है। इस मेगा जॉब फेयर के माध्यम से यूएई और ओमान जैसे देशों में कंस्ट्रक्शन और अन्य क्षेत्रों में 10,855 रिक्तियों के लिए विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएंगी, जिसमें मासिक वेतन 24,000 रुपये से लेकर 1,20,769 रुपये तक निर्धारित किया गया है।

यह पहल न केवल बेरोजगारी को कम करेगी, बल्कि रेमिटेंस के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। गोरखपुर में आयोजित यह रोजगार महाकुम्भ पूर्वांचल के युवाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा, जो अपने कौशल को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर पाएंगे। सरकार का लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए हर युवा को रोजगार के योग्य बनाना है। बता दें कि अगस्त महीने में लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार महाकुम्भ 2025 में 10 हजार युवाओं को देश व विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान किये जाने का लक्ष्य था, परन्तु इस महाकुम्भ में कुल 16897 युवाओं को विभिन्न संस्थानों एवं कम्पनियों के माध्यम से चयन किया गया है। योगी सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पर प्रदान कर रही है। गोरखपुर में लगने वाले रोजगार महाकुम्भ में विभिन्न क्षेत्रों में कुल 10,855 रिक्तियों पर भर्तियां की जाएंगी। इसमें निर्माण श्रमिकों, सुपरवाइजर्स, ड्राइवर्स और कार्पेंटर्स जैसे कुशल व अकुशल पदों पर भर्ती का विशेष जोर रहेगा। सेवायोजन विभाग ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाने के लिए सभी रिक्तियों का विवरण अपने आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड किया है। इच्छुक अभ्यर्थी इस पोर्टल पर पंजीकरण और आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार के लिए चयनित उम्मीदवारों को क्यूआर कोड लिंक्ड एडमिट कार्ड डाउनलोड करना जरूरी होगा। यह डिजिटल व्यवस्था न केवल प्रक्रिया को सुगम बनाएगी।

- युवाओं को मुफ्त आवास-भोजन के साथ मिलेगा 1.20 लाख तक का आकर्षक पैकेज
- रोजगार महाकुम्भ में श्रमिक से सुपरवाइजर तक, हर स्किल्ड युवाओं को मिलेगा मौका

# एलडीए की नयी आवासीय योजनाओं की धूम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की अटल नगर व सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इनकी लांचिंग के महज तीन दिन के अंदर 2346 बुकलेट बिकी हैं जबकि 117 लोगों ने रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा कराकर सफलतापूर्वक पंजीकरण भी करा लिया है। दोनों योजनाओं का ऑनलाइन पंजीकरण 04 अक्टूबर से खोला गया है, जोकि 03 नवम्बर, 2025 तक चलेगा।

- 3 दिन में 2346 बुकलेट बिकी, 117 ने कराया रजिस्ट्रेशन
- आवासीय योजना को लेकर लोगों में दिख रहा जबरदस्त उत्साह
- 4 अक्टूबर से 3 नवंबर तक खोला गया है भवनों का ऑनलाइन पंजीकरण

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि हजरतगंज के डालीबाग में माफिया मुख्तार अंसारी के अवैध कब्जे से खाली करायी गयी लगभग 2,314 वर्गमीटर भूमि पर एलडीए ने सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना लांच की है। यहां ग्राउंड प्लस थ्री स्ट्रक्चर के 03 ब्लॉक में 36.65 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 72 फ्लैट बनाये गये हैं। ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के इन भवनों की कीमत 10.70 लाख रुपये निर्धारित की गयी है। योजना की लोकेशन काफी प्राइम है और लोग इसमें काफी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। 03 दिन में 5616 लोगों ने इसके लिए एलडीए की वेबसाइट पर लॉगइन किया है। इनमें से 1703 लोगों ने बुकलेट खरीदी है, जबकि 58 लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इसी तरह देवपुर पारा में स्थित अटल नगर आवासीय योजना में 12 से लेकर 19 मंजिल के 15 टावरों में कुल 2,496 फ्लैट्स लांच किये गये हैं। इसमें से 1,832 भवन 01 बीएचके और 664 भवन 02 बीएचके के हैं। ये भवन 30 वर्गमीटर से लेकर 54.95 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे, जिनकी कीमत 9.82 लाख रुपये से शुरू होगी। एलडीए ने इस अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम में लिफ्ट का भी प्रावधान किया है। इसके अतिरिक्त योजना में स्वच्छ जल एवं विद्युत आपूर्ति, पावर बैकअप, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रीन एवं किड्स प्ले एरिया व पार्किंग आदि की पर्याप्त सुविधा दी जाएगी। 03 दिन में 3078 लोगों ने योजना के भवनों के लिए एलडीए की वेबसाइट पर लॉगइन किया है। इसमें से 643 लोगों ने बुकलेट खरीद ली है, जबकि 59 लोगों ने पंजीकरण धनराशि जमा कराकर रजिस्ट्रेशन कराया है।



## कई ट्रेनों में चला सफाई अभियान

**लखनऊ।** सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में मण्डल के सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर गहन साफ-सफाई हेतु ह्यस्वच्छ रेलगाड़ी दिवसह्न का आयोजन किया गया। जिसमें मण्डल पर संचलन के दौरान ओ.बी.एच.एस. ट्रेनों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान गाड़ी संख्या 12533 पुष्पक एक्सप्रेस एवं 22533 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस के वातानुकूलित, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के कोचों की सफाई, शौचालयों में डस्टबिन की उपलब्धता, बेड रोल की गुणवत्ता आदि की रेलवे अधिकारियों व सुपरवाइजरों द्वारा सघन जॉच की गई।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग**
**निविदा सूचना सं. 46 / 2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्रं. सं. 1 कार्य का विवरण:** 1.इज्जतनगर डिवीजन में राया-सोनाई अनुभाग के मध्य ट्रैक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए डब्ल्यू-बीम टाइप की मेटल की फेन्सिंग लगाने का कार्य। 2. इज्जतनगर डिवीजन में हाथरस सिटी-मुरसान अनुभाग के मध्य ट्रैक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए डब्ल्यू-बीम टाइप की मेटल की फेन्सिंग लगाने का कार्य। **अनुमानित लागत रूपयो में:** 11,17,69,390.38 **बयाना राशि रूपयों में:** 7,08,900 /- निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्रं. सं. 2 कार्य का विवरण:** इज्जतनगर मंडल के कानपुर अनवरगंज-मथुरा अनुभाग में थ्रू टर्नआउट रीन्यूवल का कार्य = 93 सेट्स (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत कानपुर अनवरगंज-मथुरा अनुभाग में टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएम एससी)-93 सेट्स(1:12=91 सेट्स एवं 1:8.5= 2 सेट्स)) **अनुमानित लागत रूपयो में:** 13,08,32,163.77 **बयाना राशि रूपयों में:** 8,04,200 /- निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 29.10.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in. पर देखें।
**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**
मुजाधि / डब्लू-283 **इज्जतनगर**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

## सरिया फेंक कर किया गाली गलौज

लखनऊ। थाना बंथरा इलाके मे दुकान पर बैठे युवक पर सरिया फेंक कर गाली गलौज किया। इससे परे शान होकर पीड़ित ने थाने मे आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज मामलें की जाँच पड़ताल कर रही हैं। थाना बंथरा के वार्ड नम्बर चार निवासी रवि राज पुत्र दिलीप कुमार ने पुलिस को बताया की मै अपने पिता दिलीप कुमार और माता राजरानी के साथ दुकान पर बैठा था। तभी इसी दौरान सम्राट उर्फ पियूष अपनी मोटर साईकिल से मेरी दुकान की ओर आये और सरिया फेंक कर गाली गलौज करने लगे इसी बीच मै सरिया उठा कर बोला की मेरे घर मे कोई नहीं हैं तभी उनके घर के राजकुमार उर्फ गुड्डू, सर्वेश, राहुल, अन्नू, रंजू लाल, आंसू और राजकुमार की पत्नी केतकी के साथ पियूष मुझे मारते हुए, घसीटते हुए अपनी घर मे जंजीर से बांधते हुए कहा की मेरे घर मे डकैती करने आया था रवि राज ने बंथरा थाने ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया हैं।

# बुजुर्ग बाइक सवार को ई रिक्शा ने मारी टक्कर, मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** मानक नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मानक नगर स्टेशन रोड पर सोमवार सुबह एक निजी बैंक से सेवानिवृत्त बाइक सवार बुजुर्ग को सामने से आ रही बैटरी रिक्शा चालक ने टक्कर मार दिया। जिन्हें सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि न्यू गड़ौरा थाना सरोजनीनगर में रहने वाले 71 वर्षीय बुजुर्ग इंद्र प्रताप सिंह सोमवार सुबह अपनी बाइक से अपना इलाज कराने केजीएमसी लॉरी जा रहे थे। उस दौरान मानक नगर स्टेशन रोड पर सामने से आ रहे ई रिक्शा चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग गिरकर चोटिल हो गए। जिन्हें घायलावस्था में पुलिस ने इलाज के लिए नजदीकी रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बुजुर्ग के बेटे मंदीप के अनुसार उसके पिता स्टेट बैंक में शाखा प्रबंधक पद से रिटायर्ड थे डेढ़ माह पूर्व उनके पिता का लॉरी अस्पताल में चेस्ट का ऑपरेशन हुआ था और उनके हार्ट में पेस लगा हुआ था, लॉरी अस्पताल में अपना उपचार कराने जा रहे थे कि यह हादसा हो गया परिवार में छोटा भाई संदीप और मां सुषमा है। पुलिस के अनुसार आरोपित ई रिक्शा समेत चालक अंशु को कस्टडी में ले लिया गया है मृतक के परिजनों की शिकायत मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**घर मे घुस कर जान से मारने की नीयत से किया हमला:** थाना बंथरा इलाके मे कुछ लोगो ने घर मे घुस कर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया मौके पर पहुंची बेटी के साथ भी हमला कर दिया। पीड़ित ने उनके खिलाफ जान से मारने की नियत से किये गए हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। बंथरा के गढ़ी चुनौती निवासी विट्टी पत्नी रसज पाल के मुतावीक आज शाम करीब 8 बजे गाँव के ही निवासी राहुल पुत्र हीरा लाल ने मेरे पति राज पाल पर घर के अंदर घुस कर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया और मेरे पति के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे मेरे पति को गंभीर चोटे आई हैं किसी तरह सब्जी लोगो ने अपनी जान बचाई पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं।

**छेड़खानी की शिकायत पर आरोपी ने परिवार संग पीड़िता, मां को पीटा:** इंदिरानगर इलाके में दूध खरीदने गई युवती से युवक ने छेड़खानी की। इसकी शिकायत करने पर आरोपी, उसकी मां व बहन ने पीड़िता के घर पहुंचकर मारपीट व गाली गलौज की। आरोपियों ने जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इंदिरानगर निवासी महिला के मुताबिक उनकी 18 वषीर्या बेटी 29 सितंबर की शाम को गांव में दूध लेने गई थी। वहां मौजूद नील शुक्ला ने उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर धमकी भी दी। घर पहुंचकर पीड़िता ने मां को पूरी घटना बताई। इसके बाद पीड़िता की मां ने आरोपी की मां सरिता शुक्ला को कॉल कर घटना की जानकारी दी। आरोप है कि कुछ देर बाद सरिता शुक्ला अपने बेटे और बेटी के साथ उनके घर पहुंची और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने इंदिरानगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील तिवारी ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

**आउटर रिंग रोड पर ट्रक और बस में हुई भिड़त, चालक घायल:** बिहार से चलकर उत्तर प्रदेश आ रही बस आउटर रिंग रोड पर ट्रक के साथ एक्सीडेंट हो गया है। जिसमें ड्राइवर फंसा हुआ। ऐसे में किसी गांव वाले ने पुलिस को सूचना दिया इसके बाद आनन-फानन में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल के निर्देशन में एफएस सरोजनी नगर से प्रभारी धर्मपाल सिंह के साथ गाड़ी नंबर 8717 यूनिट के सहित घटनास्थल पहुंचे। मौके पर दुर्घटनाग्रस्त बस नम्बर (बीआर 2बीपी 3126) का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और केबिन में ड्राइवर फँसा हुआ था। जिसके बाद मौके पर स्थानीय लोगो द्वारा चालक को निकालने का प्रयास किया गया। बस के केबिन को स्प्राइडर से काटकर जगह बनाया तथा फंसे व्यक्ति को सकुशल बाहर निकाल लिया। चोटिल व्यक्ति को एम्बुलेंस द्वारा हॉस्पिटल भेजा दिया गया। बस चालक नफीस बागपत बस मुजफ्फरपुर विहार से दिल्ली जा रही थीं जिसमे 30-40 व्यक्ति सवार थे।

## गहने चुराते पकड़े जाने पर बेटे ने की मां की हत्या

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ से एक सनसनी और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां मोबाइल में ऑनलाइन गेम खेलने के आदी एक युवक ने गहने चुराते हुए पकड़े जाने पर अपनी मां को मौत के घाट उतार दिया। फिर घर में डकैती की साजिश रची।

हालांकि पुलिस की जांच पड़ताल के बाद उसका राज खुल गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान निखिल यादव उर्फ गोलू के रूप में हुई है। उसने पुलिस को यह दावा कर गुमराह करने की कोशिश की थी कि उसके घर में डकैती के दौरान उस पर और उसकी मां पर हमला हुआ था। गोलू को लखनऊ के पीजीआई थाने, सर्विलांस प्रकोष्ठ और साउथ जोन क्राइम टीम की संयुक्त टीम ने फतेहपुर जिले से गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के सोने के गहने और अन्य कीमती सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, तीन अक्टूबर को आरोपी निखिल के पिता रमेश यादव ने पीजीआई थाने में सूचना दी थी कि उनकी 45 साल की पत्नी रेनू यादव अपने मायके से घर आई थी और उसके बेटे गोलू ने फोन कर बताया की मम्मी को किसी ने मार दिया है और उसे भी पीटा है। पीड़ित ने इसकी सूचना थाने में दी और बताया कि जब वह घर पहुंचा तो उसका सामान बिखरा पड़ा था और उसकी पत्नी की मौत हो चुकी थी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टरमीडिएट की अंकपत्र परीक्षा वर्ष-2022, जिसका अनुक्रमांक -2226362143 है, जो वास्तव में कहीं खो गयी है। शुभी सिंह पुत्री हरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी- ग्राम व पोस्ट -राईबीगो, तहसील- कादीपुर, जनपद- सुलतानपुर

## बेदखली सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र मानसिंह व बहू नीलम को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। शिव विशाल पुत्र स्व. रामखेलावन, निवासी-ग्राम मीरनगर, पोस्ट वतिया, थाना फतेहपुर, बाराबंकी।

# दुकान बेचने के नाम पर दोस्त ने कर ली 9 लाख की ठगी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुकान बेचने के नाम पर जालसाज ने दोस्त से ही नौ लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने दुकान न मिलने पर रुपये वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर ठाकुरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। राजाजीपुरम के मो. असलम ने बताया कि बलिया के बेल्थरा रोड बिठुआ निवासी शाहिद से महाराष्ट्र के नूरी जामा मस्जिद जवल लिंक रोड में पढ़ाई के दौरान दोस्ती हुई थी। जुलाई 2021 को शाहिद ने दुबग्गा रिंग रोड पर शिवाला होटल के पास पिता के नाम मकान व दुकान बेचने की इच्छा जताई। इसपर असलम ने शाहिद से 10 लाख रुपये में दुकान का सौदा किया। इसके बदले असलम ने कर्ज लेकर करीब 3.45 लाख रुपये दिये। 5 लाख रुपये कई बार में नकद दिया। लेकिन उसने दुकान की रजिस्ट्री नहीं की। उसके बाद से शाहिद का मोबाइल बंद होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया। असलम का आरोप है कि किसी तरह संपर्क कर जब उसने रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**कार बुकिंग के नाम पर सेल्समैन ने महिला से सात लाख ठगे:** विभूतिखंड स्थित निवान बालाजी ऑटो मूवर्स के सेल्समैन ने एक महिला ग्राहक से कार बुकिंग के नाम पर 7 लाख रुपये की ठगी कर ली।

कई माह बीतने के बाद कार नहीं मिलने पर पीड़िता शोरूम गई तो घटना की जानकारी हुई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाराबंकी के सुबेहा निवासी शहनाज फातिमा के मुताबिक एक फरवरी को निवान बालाजी ऑटो मूवर्स विजयंत खंड से किआ सोनेट बुक कराई थी। बुकिंग के बाद सेल्समैन प्रतीक सिंह ने जो खाता नंबर दिया। उसमें सात लाख रुपये जमा करा दिए। शहनाज के मुताबिक प्रतीक ने फरवरी के अंत में गाड़ी डिलीवर करने को कहा था, लेकिन गाड़ी नहीं मिली। प्रतीक से संपर्क किया तो उसने कहा कुंभ मेले के कारण गाड़ियां नहीं आ रही है। टालमटोल करते हुए मई माह आ गया। 25 मई को जब शहनाज शोरूम पहुंचीं तो पता चला कि प्रतीक ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। रुपये वापस लेने के लिए कंपनी और प्रतीक पर दबाव बनाया। साथ ही प्रतीक द्वारा दी गई रसीदें दिखाई। आरोप है कि रसीदों को शोरूम में फर्जी बता दिया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि कंपनी के खाते में रुपये जमा ही नहीं किये गये। इसके बाद पीड़िता ने विभूतिखंड थाने में मुकदमा लिखाया। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से कार में छेड़खानी

**लखनऊ।** महिला को नौकरी दिलाने के बहाने युवक कार में बैठाकर कैंट के एक होटल ले जाने की कोशिश। पीड़िता के मना करने पर आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीजीआई के तेलीबाग इलाके की महिला के मुताबिक वह बेटी के साथ रही है। 2 सितंबर को वह आटो से घर जा रही थी। तभी बातचीत के दौरान आटो सवार एक व्यक्ति से नौकरी को लेकर बात हुई। उसने एक मोबाइल नंबर देकर कहा कि इस नंबर पर बात करके बोल दीजिएगा, तो नौकरी मिल जाएगी। महिला ने कुछ दिन बाद उस नंबर पर फोन किया तो फोन उठाने वाले कहा कि अभी वह दिल्ली में है। जब वह लखनऊ आएगा तो फोन करके बुलाकर नौकरी दिला देगा। इसके बाद 18 सितंबर को उस शख्स ने खुद का नाम शत्रोहन बताते हुए महिला को फोन किया और तेलीबाग में ही एक स्थान पर बुलाया। तेलीबाग से उसने अपनी कार में बैठा लिया। उसने रास्ते में महिला से होटल चलने की बात की, तो उसने मना कर दिया। पीड़िता के मुताबिक कार से वह उसे कमांड हास्पिटल की ओर ले गया। इस बीच पीड़िता ने सदर मोड़ चौराहे के पास उतरने के लिए कहा। आरोप है कि गाड़ी रोक कर आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता के मुताबिक गाड़ी में बैठकर उसने आरोपी का वीडियो भी बना लिया था। पीड़िता ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## 4 आईपीएस अफसरों के तबादले

- रघुवीर लाल कानपुर के नये कमिश्नर

**लखनऊ।** यूपी पुलिस में फेरबदल हुआ है। योगी सरकार ने सोमवार को चार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसमें एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल को कानपुर का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली भेजे जा रहे हैं। काफी समय से इस पद पर नए पुलिस कमिश्नर की तैनाती का इंतजार किया जा रहा था। डीजी पद पर प्रोन्नत होने के बाद बिनोद कुमार सिंह को सीआईडी का डीजी बनाया गया है। इसके साथ ही उनके पास साइबर क्राइम के डीजी का अतिरिक्त कार्यभार रहेगा। आईजी लखनऊ रेंज तरुण गाबा को आईजी सुरक्षा बनाया गया है। हालांकि उनके पास आईजी लखनऊ रेंज का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। सभी अधिकारियों को नई जिम्मेदारियाँ उनके अनुभव और कार्यक्षमता के आधार पर दी गई हैं ताकि राज्य के पुलिस तंत्र को और प्रभावी बनाया जा सके। गृह विभाग के आदेश के अनुसार, यह तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। सभी अधिकारियों को अपने नए कार्यस्थलों पर जल्द से जल्द पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुराने आपराधिक कानूनों के प्रावधानों को भी लिखना अनिवार्य : हाईकोर्ट

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक आपराधिक मामले की सुनवायी के दौरान निर्देश दिया है कि निरसित हो चुके पुराने आपराधिक कानून आईपीसी, सीआरपीसी तथा इंडियन एविडेंस एक्ट के सुसंगत प्रावधानों को भी याचिकाओं में उल्लेखित किया जाय। न्यायालय ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के जिस प्रावधान के तहत याचिका दाखिल की जा रही हो, उस प्रावधान के साथ-साथ दंड प्रक्रिया संहिता की सुसंगत धारा का उल्लेख किया जाय। इसी प्रकार भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के साथ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) तथा इंडियन एविडेंस एक्ट के साथ भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के सुसंगत प्रावधानों का उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने साना बानो व अन्य की ओर से दाखिल एक याचिका पर सुनवायी के दौरान पारित किया। न्यायालय ने उपरोक्त निदेशों के अनुपालन की जिम्मेदारी हाईकोर्ट के रजिस्ट्री विभाग को दी है। न्यायालय ने कहा कि सिर्फ बीएनएस या बीएनएसएस अथवा बीएसए के प्रावधानों का उल्लेख होने से असुविधा का सामना करना पड़ता है, अधिवक्ताओं ने भी राय दी है कि पुराने प्रावधानों का उल्लेख करने से मामलों का निस्तारण करने में समय की बचत होगी। न्यायालय ने कहा कि एक अलग पैराग्राफ लिखते हुए, पुराने कानूनों के सुसंगत प्रावधानों का उल्लेख किया जाय।

## न्यायालय सूचना

**सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन 1908)**
**अदालत श्रीमान सी.जे.सी.डी. महोदय खीरी**
**मुकदमा नं.- 207 सन् 2021**
**ता. पेशी - 28.10.2025**

रामेश्वर प्रसाद उर्फ रामेश्वर दयाल ....आदि
बनाम
योगेन्द्र कुमार .... प्रतिवादी
1- योगेन्द्र कुमार पुत्र सत्यदेव नि.- बाबागंज पर. हैदराबाद तहसील गोला जिला खीरी।

वाजेह हो कि उपरीनामांकित ने आपके नाम एक नालिश बावत .... की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आज बतारीख 28 माह 10 सन 2025 ई बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा से हालात से वाकिफ किया गया हो और छुक अमूर, अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हूजिये और जवाबदेही दावा की कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनी देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 04 माह 10 सन 2025 ई. को जारी किया गया।

**न्यायालय**

## छात्र का दबंगों ने छीना मोबाइल फोन

आलमबाग। आशियाना थाना इलाके में संचालित बाबा भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में बीते दो सप्ताह पूर्व मारपीट कर रहे दबंगों ने एक बी टेच छात्र का कीमती मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। वही पीड़ित की आनलाइन शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूल रूप से ग्राम शुक्लपुरा पोस्ट असौजी बाजार गोरखपुर निवासी आदर्श रतन पुत्र उमेश कुमार ने बताया कि वह वर्तमान वह बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय बी टेच द्वितीय वर्ष छात्र है। आरोप है कि बीते 17 सितम्बर की शाम करीब पांच बजे वह विश्वविद्यालय के गेट नबंर 1 से लाइब्रेरी के तरफ जा रहा था।

## चेयरमैन प्रतिनिधि पर घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर में चेयरमैन प्रतिनिधि के करीबी दबंगों ने एक परिवार के घर में घुसकर उत्पात मचाया। महिलाओं के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट करने के साथ ही आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। दबंगों ने घटना का वीडियो बनाते समय महिला का मोबाइल भी तोड़ दिया।

पीड़िता विमला पत्नी कल्लू निवासी बंथरा सिकंदरपुर का कहना है कि रविवार सुबह करीब 10:20 बजे बबलू, अन्नू, राहुल, सर्वेश, सम्राट उर्फ पियूष, मंदाकिनी, गुड्डू और गीता पत्नी सरोज समेत कई लोग घर में जबरन घुस आए। पीडित विमला का कहना है कि उस समय उसकी तीनों बेटियाँ खुशबू, प्रिया और शिवानी घर पर अकेली थीं। दबंगों ने उनसे गाली-गलौज करते हुए अभद्रता की, बाल पकड़कर बाहर घसीटा और लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। विमला और उसके पति कल्लू खेत से लौटे तो आरोपियों ने दोनों के साथ भी मारपीट की और कहा कि दीपावली तक कई लाशें बिखेर दूँगा,. हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों के नगर पंचायत बंथरा के चेयरमैन प्रतिनिधि के करीबी संबंध हैं। जिसकी वजह से ये लोग इलाके में खुलेआम दबंगई करते हैं और किसी से डरते नही है कपीड़िता ने बंथरा थाने में तहरीर देकर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीडित का परिवार भय के साये में है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में ऐसे असामाजिक तत्वों के बढ़ते हौसले से आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों से हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सौतेली मां ने पुत्र पर लगाया चोरी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में सौतेली मां ने अपने सौतेले पुत्र और दो लोगों पर घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के गहने, नगदी और सामान चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर थाना क्षेत्र के कमलापुर के मजरा अहमदपुर निवासी रीता देवी का कहना है कि वह 21 सितंबर को सुबह 4:00 बजे अपने पति और पुत्र के साथ हरिद्वार दर्शन करने गयी हुयी थीं और अपनी पुत्री को घर पर छोड़ दिया था। पीडिता का कहना है कि 22 सितंबर की शाम को उनकी पुत्री घर पर ताला मारकर अपने मामा के घर चली गई थी और जब वह 25 सितंबर को वापस घर पर आयी तो देखा कि घर का ताला टूटा पड़ा था और घर के अंदर अलमारी और बक्से के ताले भी टूटे पड़े हुए थे। जिसमें सोने व चांदी के जेवर, 55000 हजार रुपए नगद, पीतल के बर्तन और लकड़ी काटने वाली मशीन चोरी हो गई थी। पीडिता का कहना है कि जब उनकी पुत्री ने यह सब देखा तो वह 112 नंबर पर इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पडताल किया और पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पीडिता का कहना है कि जब वह हरिद्वार से वापस आई तो थकावट की वजह से वह थाने नहीं जा पाई कवह पास पड़ोस में घटना के बारे में जानकारी की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पायी। पीडिता का कहना है कि शक है कि उनका सौतेला पुत्र सुरेंद्र कुमार और गांव के ही रंजीत, सुजीत ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीडिता का कहना है कि उनके पति हनुमान से जमीन विवाद को लेकर उनके सौतेले पुत्र से विवाद चल रहा है। जिसमें अक्सर वह आकर परेशान करता है।

## संयुक्त व्यापार मण्डल की ओर से सम्मान समारोह आयोजित



**लखनऊ।** यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में संयुक्त व्यापार मण्डल के तत्वाधान में पदाधिकारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संयुक्त व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकरन तिवारी रहे। तत्पश्चात उन्होंन अपने सम्बोधन में उ.प्र. के व्यापारियो की समस्याओं के समाधान पर पदाधिकरियो को निर्देशित किया कि व्यापारियो की समस्याओं के लिए दिनरात लगकर इसको दूर करने व सरकार पर दबाव बनाकर समस्याओं को हल करने के लिए लगे हैं, साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के व्यवसायियों की चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि ऑनलाईन शॉपिंग आज की आवश्यकता है कि परन्तु करोड़ों दुकानदार इससे परेशान है उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुये कहा कि कुछ घरेलू आईटम का ऑनलाईन बिजनेस से बाहर कर दिया जाय जिससे छोटे व्यापारियों की जीविका चलती रहे। श्री तिवारी ने देश में व्यापारी आयोग की मांगों को पुनः दोहराया साथ ही साथ जिस तरह से शिक्षक व बहुत से संगठनों के प्रतिनिधि विधान परिषद एवं राज्य सभा में चुने जाते हैं इसी तरह से व्यापारियों के भी प्रतिनिधि राज्यसभा और विधान परिषद मे चुने जाये और बैठे। इस पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। पदाधिकारी सम्मान समारोह में राष्ट्रीय संयोजक के रूप में सर्वजीत सिंह सूर्यवंशी की घोषणा की गयी। सूर्यवंशी के बनते ही उन्होंने संगठन से वादा किया कि संगठन सम्पूर्ण भारत में मजबूती के साथ खडा होगा।

## संदिग्ध परिस्थिति मे युवती ने लगायी फांसी

लखनऊ। थाना बिजनौर इलाके मे शनिवार देर रात्रि एक युवती ने फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सुचना परिजनों ने पुलिस को दी। सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस युवती के शव को अपने कब्जे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

थाना बिजनौर के चंद्रा वल का मजरा सादुलला खेड़ा निवासी जगदीश पाल की 26 वर्षीय अविवाहित बेटी रूचि पाल उर्फ काजल ने यह कदम उठाया। रूचि बी टेक की पढ़ाई करके सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर मे एक निजी कम्पनी मे काम करती थी। शनिवार रात्रि अपने माता पिता के साथ एक कमरे मे सो रही थी।

तभी इसी दौरान देर रात्रि करीब साढ़े तीन बजे रूचि की माँ की नींद खुली और देखा की बेटी बिस्तर पर नहीं हैं उन्होंने इसकी जानकारी अपने पति जगदीश को दी। तभी उन्होंने खोजना शुरू किया तो घर के दूसरे कमरे मे रूचि पंखे के हुक मे दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। घटना देखते ही सभी के होश उड़ गए और घटना की सुचना पुलिस को दी। सुचना पाकर मौके पर पहुंव्ही पुलिस रूचि को फाँसी के फंदे से उतार कर सरोजनी नगर के सी ए च सी अस्पताल भेजा जहा पर पहुँचते ही चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुतावीक मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चहमलपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 06.10.2025

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत **चहमलपुर** के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025.-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 13.10.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा | इण्टरलाकिंग टायल्स | टीन | गिट्टी | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | रामलखन के घर से संजय के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 6856 नग | 1.22 घन मी. | 9303 नग | - | 1.22 घन मी. | 69 बैग | 4.71 घन मी. |
| 2 | जुम्मन पुत्र सिरदार का पुश आश्रय निर्माण कार्य। | 6544 नग | 3.17 घन मी. | - | 2 कुं. | 2.26 घन मी. | 36 बैग | 5.02 घन मी. |
| 3 | संजय पुत्र उमादत्त का पुश आश्रय निर्माण कार्य। | 6544 नग | 3.17 घन मी. | - | 2 कुं. | 2.26 घन मी. | 36 बैग | 5.02 घन मी. |

**नियम शर्ते**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत चहमलपुर के कार्यालय में 07.10.2025 से दिनांक 13.10.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत चहमलपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 07.10.2025 से दिनांक 13.10.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत चहमलपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 13.10.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**सहेली**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत चहमलपुर**
**ग्राम पंचायत चहमलपुर**

**पंकज कुमार**
**ग्रा.वि.अधिकारी**
**विकास खण्ड धौरहरा**
**विकास खण्ड धौरहरा**

## 20 यूपी बालिका वाहिनी एनसीसी नामांकन प्रक्रिया का शुरू

लखनऊ। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में सीनियर विंग एनसीसी में प्रथम वर्ष के लिए नामांकन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। एनसीसी लेने के लिए छात्राओं में जोश देखने को मिला। भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता के आधार पर कैडेट्स का चयन किया गया। एनसीसी के अधिकारियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई। चयनित कैडेट्स अब एनसीसी की नियमित प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लेंगे। एनसीसी के महत्व और उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए 20 यूपी बटालियन के ट्रेनिंग सूबेदार मेजर ओम प्रकाश यादव एवं शालिनी यादव ने बताया कि एनसीसी युवतियों में नेतृत्व, अनुशासन, चरित्र, देशभक्ति और निस्वार्थ सेवा की भावना का विकास करती है। ये प्रक्रिया विश्विद्यालय की सहायक आचार्य डॉक्टर सौम्या शंकर के नेतृत्व में संपन्न की गई।

## तेजी से पिघल रहे हैं हिमालय के ग्लेशियर

**लखनऊ।** इन्वायरमेंटल मॉनीटरिंग एंड एस्समेंट में प्रकाशित अध्ययन में यह सामने आया है कि लद्दाख के जांस्कर हिमालय में ग्लेशियरों के तेजी से पिघल रहे हैं। यह अध्ययन डॉ. पंकज कुमार, डॉ. अजय सिंह राणा, डॉ. विनीत कुमार (सहायक प्राध्यापक, भूविज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, वैज्ञानिक के रूप में वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी), डॉ. मनीष मेहता और प्रो. एचसी नैणवाल द्वारा किया गया। शोध टीम ने सुरू और डोडा घाटियों में दुर्ग-ड्रंग (डीडीजी) और पेंसिलुंगपा (पीजी) ग्लेशियरों का अध्ययन किया। अध्ययन के अनुसार, 2015 से 2023 के बीच दुर्ग-ड्रंग ग्लेशियर लगभग 165 मीटर और पेंसिलुंगपा ग्लेशियर लगभग 80 मीटर पीछे हट चुके हैं। ग्लेशियरों के पास बनी झीलों का आकार भी तेजी से बढ़ रहा है। डीडीजी के पास एक प्रोग्लेशियल झील का क्षेत्रफल पिछले दो दशकों में 160% बढ़ गया और जलस्तर लगभग दोगुना हो गया है।

## डॉक्टरों ने की रेट्रोरेक्टल एपिडर्मल इंक्लूजन सिस्ट को हटाने के लिए दुर्लभ सर्जरी



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च की सर्जन टीम ने एक 30 वर्षीय मरीज पर दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण सर्जरी सफलतापूर्वक की। मरीज को कम उम्र से ही मल त्याग में कठिनाई और निचले पेट में भारीपन की शिकायत थी, जो उम्र के साथ बढ़ती गयी।

मरीज को पेट दर्द, कब्ज और निचले पेट में भारीपन की शिकायत थी। विस्तृत जांच के बाद, मरीज में रेट्रोरेक्टल एपिडर्मल इंक्लूजन सिस्ट का निदान किया गया, जोकि एक दुर्लभ, सौम्य ट्यूमर है और केवल 0.0025% मामलों में पाया जाता है। सर्जिकल टीम, जिसमें डॉ. पवन बंगा (नेतृत्वकर्ता), डॉ. त्रिप्ती गुप्ता, डॉ. अमन पंकज और डॉ. खालिद खान शामिल थे, ने यह उच्च जोखिम वाली सर्जरी की। यह ऑपरेशन चार घंटे से अधिक समय तक चला, जिसमें सर्जनों ने सावधानीपूर्वक रेट्रोरेक्टल सिस्ट को हटाया और लगभग 1 किलोग्राम सेबेशियस पदार्थ को कैप्सूल सहित निकाल दिया। डॉ. पवन बंगा ने कहा, यह सर्जरी सिस्ट की गहराई में स्थिति और महत्वपूर्ण संरचनाओं के निकट होने के कारण अत्यंत जटिल और तकनीकी रूप से कठिन थी। इतने बड़े रेट्रोरेक्टल सिस्ट को सफलतापूर्वक हटाना दुर्लभ है और हमारी सर्जिकल टीम की विशेषज्ञता को दर्शाता है। मरीज की स्थिति अब स्थिर बतायी जा रही है और वह सर्जरी के बाद अच्छे से स्वस्थ हो रहा है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि रेट्रोरेक्टल एपिडर्मल इंक्लूजन सिस्ट अत्यंत दुर्लभ होते हैं और अस्पष्ट लक्षणों के कारण वर्षों तक निदान से बाहर रह सकते हैं। इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज में सफल सर्जरी इस बात को रेखांकित करती है कि समय पर निदान और लखनऊ में उपलब्ध उन्नत सर्जिकल देखभाल कितनी महत्वपूर्ण है।

# खीर खाकर भक्तों ने पाया आशीर्वाद, मां लक्ष्मी को किया प्रसन्न

## शरद पूर्णिमा पर गोमती आरती संग हुआ पंच मेल, खीर प्रसाद का वितरण, घरों व मंदिरों में हुए कई अनुष्ठान





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शरद पूर्णिमा पर सोमवार को लोगों ने घरों में चावल की खीर चांदनी के नीचे अमृत आशीर्वाद के लिए रखी। वहीं, बंगाली समाज में यह दिन लक्ष्मी पूजन के रूप में मनाया गया। राजधानी के बंगाली क्लब, रविन्द्रपल्ली, कैण्टोमेन्ट दुर्गापूजा, गोमती नगर, कालीबाड़ी जोगिन्दर पाठक रोड, विक्ट्री इलेवन रोड, चारबाग सेवा आश्रम, मॉडल हाउस, विद्यान्त कालेज, इंदिरानगर जहां दुर्गा पूजा के पंडाल लगे थे, वहां कोजागरी पूजन किया गया। इसके अलावा कैसरबाग कालीबाड़ी में कलश पूजन किया गया।

**कालीबाड़ी में चढ़े नारियल के लड्डू:** कैसरबाग स्थित कालीबाड़ी में नारियल के लड्डू बंगाली समाज में नारकोल नाडू चढ़ाए गए। पूर्णिमा पर कोजागरी मां लक्ष्मी का पूजन लोखी पूजो नाम से किया गया। घट पूजन के तहत मक्खन, केला, मिठाई संग मां को पुलाव, पनीर खीर, भाजा, चटनी पापड़ का भोग लगाया गया। रात 8 से 9 बजे तक हवन पूजन आदि अनुष्ठान हुए। इसके बाद भक्तों में प्रसाद बांटा गया।

**श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी ने की लक्ष्मी पूजा:** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी विकल्प खण्ड-2 गोमती नगर स्थित दुगार्पूजा स्थल पर आज शाम माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गयी पूजा मे नीरा सिन्हा वर्षा संस्थापक अध्यक्ष एवं संरक्षक, लीपिका उकील सहित कमेटी के सभी सदस्य एंव भक्त उपस्थित रहे। पूजा मे समस्त लखनऊ वसियो के कल्याण की मनोकामना भी की गयी, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी परिवार की तरफ से भोग वितरण भी किया गया जो देर रात तक चलता रहा तथा समस्त भक्तो ने भोग गर्हण भी किया।

**गणेशगंज ग्रेन मार्केट में हुई पूजा:** श्री महासरस्वती पूजा समिति की ओर से गणेशगंज ग्रेन मार्केट में पहली बार दुर्गा पूजा का आयोजन हुआ। इसी क्रम में लक्ष्मी पूजा हुई। यहां पर पहली बार मां दुर्गा सपरिवार विराजीं। इसी क्रम में शरद पूर्णिमा पर लक्ष्मी पूजा कोजागिरि लक्ष्मी पूजा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर देवी लक्ष्मी का आवाह्न करके उनकी शोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन किया गया। पूजन के बाद प्रसाद वितरण, भंडारा हुआ।

**एक साल पुरानी प्रतिमा का होता है विसर्जन:** बंगाली समाज में परंपरा है कि शरद पूर्णिमा पर एक साल पुरानी प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। एक साल तक प्रतिमा पूजा कमिटी के किसी सदस्य के यहां सुरक्षित रखी जाती है। सोमवार को पिछली साल की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं अगले साल के लिए यहां इको फ्रेंडली प्रतिमा का पूजन किया गया, जिसे अनिल पाल ने तैयार किया है। ढाई फुट की इस सुंदर प्रतिमा का पूजन दो शंखों से किया गया। मॉडल हाउस में मित्रों संघ की ओर से लक्ष्मी मां का फूलों से भव्य दरबार सजाया गया था। भक्तों ने मां को झूरी भाजा, पुलाव, मटर पनीर, टमाटर इमली की चटनी का भोग लगाया।

## सनातन समागम संग हुई गोमती आरती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सनातन महासभा की ओर से शरद पूर्णिमा पर सनातन समागम एवं 143 वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन सोमवार को झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर किया गया।

मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 07 भव्य मंचो से स्वामी आनंद नारायण स्वामी श्री वींरेंद्र सरकार,,, श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर आनंदगिरी ,, पूर्व आईएएस आशा सिंह के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व शरद पूर्णिमा पर नशा मुक्त प्रदेश को लेकर मद्यनिषेध विभाग उ0प्र0 द्वारा रवि चौहान के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक के मंचन के साथ संकल्प लिया गया और बाल्मीकि जयंती पर पूज्य बाल्मीकि जी को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद श्री गणेश वंदना के साथ नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी। बाद में एसएसएस फाउंडेशन द्वारा अरुण कुमार, शुभम गौतम, जारा हयात, अंकिता के नेतृत्व में भरतनाट्यम नृत्य के साथ सामूहिक नृत्य प्रस्तुति हुई और महिलाओं ने करवाचौथ के पूर्व पूर्णिमा पर श्रीमती करवाचौथ भारतीय परिधान के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और उनमें से कुछ लोगो को पुरुस्कार भी दिए गए। महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया महाआरती के बाद संकल्पों के साथ 501 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा। संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र ने किया। अंत में शरद पूर्णिमा पर लोगों ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर 11 सनातन पदाधिकारियों व सदस्यों को गंगाजल व कृपाण व तलवार देकर धर्म विस्तार हेतु संकल्पित कराया गया तथा लखनऊ बार अध्यक्ष रमेश तिवारी के साथ समाजसेवी सीमा मिश्रा, वर्षा सिन्हा, अरुण कुमार को सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित भी किया गया।

## दीयों की रोशनी से जगमग हुआ गोमती घाट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्रीमहंत देव्यागिरी महाराज की अगुवाई में डालीगंज के गोमती तट के उपवन घाट पर आश्विन मास की पूर्णिमा पर आज यानि सोमवार को माता गोमती की आरती की गई। साथ ही शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में चंद्रमा को खीर का भोग लगाया गया और बाद में खीर का ही प्रसाद बाटा गया। इसके अलावा महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर देव्यागिरी जी महाराज ने माल्यार्पण भी किया।

श्रीमनकामेश्वर मठ- मंदिर के तत्वावधान में होने वाली हर महीने पूर्णिमा आरती के क्रम में सोमवार की शाम पूर्णिमा पर आरती हुई। श्रीमहंत देव्यागिरी महाराज की अगुवाई में उपवन घाट पर बनी 11 वेदियों से आरती की गई। मंदिर की प्रमुख सेवादार उपमा पाण्डेय के नेतृत्व में सेवादार मुकेश गुप्ता, दुवार्सा, शिखा, आरती और बासु सहित अन्य भक्तों ने घाट की सफाई की। इसके अलावा पिंकी और मेधा श्रीवास्तव ने फूलों दीयों की रंगोली बनाई। आरती पर काफी संख्या मे भक्त मौजूद रहे। बाद में खीर का प्रसाद वितरित किया गया। आरती से पहले कथा वाचिका कल्याणकारी गिरी ने श्री भागवत महापुराण के पहले अध्याय की कथा सुनाई। इसमें भागवत श्रवण के महत्व को बताया गया। इस अवसर पर श्रीमहंत महंत देव्यागिरी महाराज ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने पहली बार गोपियों के साथ महारास किया था।

## कोजागरी लक्ष्मी पूजा का आयोजन

लखनऊ। कैण्टोमेन्ट पूजा एवं सेवा समति के तत्वाधान में सोमवार कोजागरी लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। दुर्गा पूजा के बाद के बाद पहली शरद पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। पूजा कोलकाता से आये पूरोहित नयन चक्रवर्ती द्वारा की गयी एवं फल प्रसाद के साथ भोग प्रसाद व भण्डारे का आयोजन हुआ, जिसमे खिचोरि, चचूड़ी, लाबरा, चोटनी, पायस (खीर) का वितरण किया गया। लक्ष्मी माँ को नारियल के लडडू खील, लावा, चूरा और गुड़ के लड्डुओं भोग लगाया गया। रात में खुले आसमां के नीचे खीर रखते हैं क्योंकि रात में अमृत की वर्षा होती है। जिसमे लगभग 250 भक्त लक्ष्मी माँ का भोग ग्रहण करेगे। जिसमे फौजी भाइयो तथा सिविलियन एवं हर वर्ग की महिलाओ, बच्चों एवं पुरुष उपस्थित होगे।

## उत्तर प्रदेश के चित्रकार आनन्द नारायण राष्ट्रीय पुरस्कार से हुए सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रतिष्ठित चित्रकार आनन्द नारायण को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित 64वें राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार समारोह में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें उनकी अद्वितीय पेंटिंग कण-कण में हैं राम के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इस समारोह में सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल, अपर सचिव अमिता प्रसाद सरभाई और ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. नंदलाल ठाकुर सहित कला और संस्कृति के प्रमुख हस्ताक्षर मौजूद थे। इस राष्ट्रीय प्रदर्शनी में 5922 आवेदकों की 283 श्रेष्ठ कृतियों का चयन किया गया, जिनमें आनंद की पेंटिंग को विशेष स्थान मिला। यह कृति संग्रहणीय है। आनन्द नारायण की कला केवल रंग और रूपों का संयोजन नहीं है, बल्कि यह दर्शन, संस्कृति और आध्यात्म का सजीव अनुभव प्रस्तुत करती है। उनके काम में प्रकृति, मानवीय संवेदनाएँ, ग्रामीण जीवन और भारतीय सांस्कृतिक धरोहरें गहराई से प्रवेश करती हैं। उनके चित्रों की श्रृंखला अनछुई प्रकृति में भारतीय ग्रामीण दृश्य के विस्तृत मैदान, नदियों के किनारे उपजाऊ या बंजर भूमि, जीवंत वनस्पतियाँ और पुल-पुलियाँ शामिल हैं। आनन्द नारायण की पेंटिंग्स पवित्र नगरी बनारस (वाराणसी) को अमूर्त होते हुए भी यथार्थ के करीब चित्रित करती हैं। शहर की स्थापत्य सुंदरता, असाधारण दृष्टिकोण, ग्रामीण समाज में गहराई से बसे विश्वास और मिथक, गंगा के पवित्र एवं शांत घाट, राजसी मंदिरों का समूह और नावों का संचलन—इन सब तत्वों ने उनके चित्रों की विषयवस्तु को आकार दिया है। उनकी श्रृंखला ॒अनछुई प्रकृति॑ में भारतीय मैदानों की विस्तृतता, नदियों के किनारे बसे निवास, उपजाऊ या बंजर भूमि, पुल और क्रॉसिंग, जीवंत वनस्पति और प्राकृतिक वातावरण को चित्रित किया गया है। आनन्द नारायण की स्पैचुला तकनीक उनकी कला की खास पहचान है। रचनात्मक अमूर्तता के माध्यम से लायी गई सादगी यथार्थ के बहुत करीब है, जिससे दर्शक और चित्र के बीच गहरा संबंध स्थापित होता है। उनके रंगों का चयन और संयोजन विषय और स्थान को कला मूल्य के साथ जोड़ता है, जिससे चित्रों में एक विशिष्ट आभा और सौंदर्यात्मक शक्ति पैदा होती है। उनकी कृतियाँ बहुत दार्शनिक हैं; कैनवास पर दिख रही चीजों से कहीं अधिक अर्थ और अनुभव देती हैं। अमूर्त होते हुए भी वास्तविकता के समीप, सरल होते हुए भी बहुपरत अर्थ लिए हुए—उनकी पेंटिंग्स दर्शक को केवल देखने नहीं, बल्कि उस वातावरण को महसूस करने और अनुभव करने का अवसर देती हैं।

## गरबा और डांडिया की धुनों पर जमकर किया नृत्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अवध ड्रीम डांस एकेडमी द्वारा आयोजित डांडिया नाइट कार्यक्रम गीतांजलि लॉन, विकास नगर सेक्टर-3, लखनऊ में बड़े उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन हेमा मिश्रा द्वारा किया गया, जो आवध ड्रीम डांस एकेडमी की संस्थापक एवं संचालिका हैं, और कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संजना जी ने किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और गरबा एवं डांडिया की धुनों पर जमकर नृत्य किया। हर एक घंटे में एकेडमी की ओर से एक सर्वश्रेष्ठ परिधान और एक सर्वश्रेष्ठ नर्तकी को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त अंत में कुल तीन सर्वश्रेष्ठ परिधान एवं तीन सर्वश्रेष्ठ नर्तकियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के मनोरंजन के लिए एक रोचक खेल गरबा ज्ञानी का भी आयोजन किया गया, जिसमें छोटे बच्चों से गरबा और नवरात्रि से संबंधित प्रश्न पूछे गए तथा सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार दिए गए। वहीं, स्थल पर लगे फूड स्टॉल्स ने स्वादिष्ट व्यंजनों से सभी का मन मोह लिया। संपूर्ण आयोजन में उत्साह, आनंद और सांस्कृतिक रंगों की झलक देखने को मिली।

## अवधी हरि की चार पुस्तकों का विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रसिद्ध आध्यात्मिक साहित्यकार डॉ अवधी हरि की चार पुस्तको का विमोचन आज उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के कार्यालय में हास्यकवि व सभा के प्रधान सर्वेश अस्थाना ने किया। डॉ अवधी हरि ने तीन दर्जन से अधिक आध्यात्मिक पुस्तको का भावानुवाद व रचना की है। आज 'कण कण में भगवान' (हनुमत दोहाचलिसा), गोविंद दामोदर स्त्रोत (कृष्ण पर आधारित), माता का उपहार (दुर्गा दोहा चालीसा) व 'राधा कृष्ण कटाक्ष स्त्रोत' का विमोचन हुआ। विमोचक सर्वेश अस्थाना ने कहा धर्म और अध्यात्म पर लिख पाना अत्यंत कठिन है। अवधी हरि ने इन पुस्तकों को अत्यंत सरल कर जन जन तक पहुंचाया है। योगी योगेश शुक्ल के संयोजन में हुए विमोचन में सर्च फाउंडेशन के डायरेक्टर सशील श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ अवधी हरि ने कहा आध्यात्मिक रचना करने में मुझे परम आनंद मिलता है। उन्होंने कहा अभी रामचरित मानस पर कार्य चल रहा है।

## कथक की मनमोहक प्रस्तुति संग रंगोत्सव का आगाज

- साहित्य पर चर्चा और कथा वाचन का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** कथा रंग फाउंडेशन लखनऊ द्वारा द्विदिवसीय वार्षिक कार्यक्रम रंगोत्सव अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में आयोजित किया गया। प्रथम दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा रहीस सिंह, पत्रकार, एवं विशिष्ट युवा अतिथि अनुराग अनंत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन गणेश वंदना मीशा रतन ईशा रतन के नृत्य से हुआ। अतिथियों का स्वागत पौध और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। हरिशंकर परसाई जी का व्यंग्य इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर का वाचन कौंतेय जय, पुनीता अवस्थी और अंबरीष बाबी द्वारा प्रस्तुत किया गया। अनुराग अनंत से साहित्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कौंतेय जय ने की। अवधी लोककथा छुटकी और नागदेवता का वाचन अमिता पांडे द्वारा किया गया। कन्नौजी हास्य लोककथा पंडिताइन को मूसल डा अपूर्वा अवस्थी और अनमोल मिश्रा द्वारा प्रस्तुत की गई। लोककथाओं को सुनकर श्रोताओं को खूब आनंद आया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति उपेन्द्र नाथ अश्क की कहानी पहेली का वाचन अनुपमा शरद, सोम गांगुली और अभिनय ऋषिता प्रजापति और सोम द्वारा किया गया। सभी श्रोतागण भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम का संचालन सोम गांगुली और अनुपमा शरद ने किया। इस अवसर कथा रंग फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती नूतन वशिष्ठ, सचिव अनुपमा शरद, पुनीता अवस्थी, मालविका त्रिवेदी, डा अपूर्वा अवस्थी, अमिता पांडे, ममता शुक्ला, कला, डा सुमन मिश्रा, सोम गांगुली, कौंतेय जय, अनमोल मिश्रा एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे। नगर के वरिष्ठ एवं गणमान्य साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष पुनीता अवस्थी ने दिया।

## सात विभूतियों को मिला मीराबाई सम्मान

### मीरा ने दी थी वृन्दावन के पुजारी को चुनौती : दयानन्द पाण्डेय




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मीराबाई जयन्ती के अवसर पर सोमवार को सात विभूतियों को मीराबाई सम्मान से अलंकृत किया गया। लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित 79वीं लोक चौपाल को मीराबाई जयन्ती संगोष्ठी और सम्मान समारोह में वक्ताओं ने मीराबाई के पदों की सराहनीय प्रस्तुतियां भी दीं। मुख्य अतिथि दयानन्द पाण्डेय ने कहा कि वृन्दावन के एक प्रसिद्ध मन्दिर में नाचते गाते मीरा ने दस्तक दी तो पुजारी ने उनको रोक दिया और बताया कि यहां स्त्रियों का प्रवेश वर्जित है। मीरा ने कहा कि तुम पुरुष हो तो सिद्ध करो। यहां केवल एक ही पुरुष गिरधर है। सच मायने में मीरा को वृन्दावन ने स्वीकार नहीं किया और वो बाद में द्वारका चली गयीं। श्री पाण्डेय ने कहा कि मीरा वक्तव्य की नहीं अपितु नाचने व गाने का विषय हैं। वरिष्ठ लोक गायिका विमल पन्त, पद्मा गिडवानी, डा. रामबहादुर मिश्र, इन्द्रा श्रीवास्तव, मुनालश्री विक्रम बिष्ट, आनन्द महाराज, डा. राकेश ऋषभ, डा. करुणा पाण्डेय ने भी मीराबाई पर अपने विचार रखे। विशिष्ट सांगीतिक योगदान के लिए गाजियाबाद की डा. मुक्ता वार्ष्णेय, लखनऊ की आशा श्रीवास्तव, मनु राय, अपर्णा सिंह, सुषमा प्रकाश, शिखा श्रीवास्तव एवं दीपाली शर्मा को वर्ष 2025 का मीराबाई सम्मान प्रदान किया गया। शुभारम्भ मीहिका, अविका, अथर्व, आद्रिका, गुनाश्री ने मीरा के पद गाये और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। चौपाल प्रभारी अर्चना गुप्ता ने संचालन, संस्था की सचिव डा. सुधा द्विवेदी ने स्वागत और डा. एस.के.गोपाल ने आभार ज्ञापन किया। इस दौरान सर्वश्री सर्वेश माथुर, बलराम मिश्र, अनिल पाण्डेय, सुधीर सिंह, राज वर्मा, निवेदिता भट्टाचार्य, सरिता अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, वीना सक्सेना, देवेश्वरी पंवार, रागिनी अग्रवाल, अनुपमा चित्रांश, रेनू दुबे, मालविका राय, अलका चतुर्वेदी, मीना मिश्रा, संगीता खरे, इन्दु सारस्वत, रीता पाण्डेय, नीलम वर्मा, सौम्या गोयल, मृदुला पाण्डेय, डा. अनिल गुप्ता, गगन शर्मा, अंशुमान मौर्य, हिमांशु गर्ग, अर्पित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## 51 शक्ति पीठ मे डांडिया गरबा का आयोजन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नंदना बख्शी तालाब स्थित 51 शक्ति पीठ मंदिर प्रांगण में सोमवार को महिलाओं ने डांडिया व गरबा नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी। रंग-बिरंगे परिधानों, झिलमिलाती रोशनी और डांडिया की ताल पर थिरकती महिलाओं के कदमों ने पूरे वातावरण को उल्लास और उत्साह से भर दिया। उत्सव में ढोली तारो ढोल बाजे..., नगाड़े संग ढोल बाजे...राधा कैसे न जले.. उड़ी उड़ी जाए..., गरबे की रात..., जैसे गानों पर लोगों ने खूब नृत्य किया। इस मौके पर तृप्ति तिवारी, कुसुम वर्मा, डॉ शालिनी, रोशनी तिवारी, पूर्ति, गीता, बबीता सिंह, पुष्पा तिवारी, श्रद्धा, सरिता रिचा, सिंह, अनुराग पांडे, विवेक मिश्रा, विवेक शुक्ला, वरत तिवारी, रजत तिवारी, अनुपम आदर्श, आकांक्षा, सौम्या, नमन आदि लोग थे।

## भालचंद्र जोशी को मिलेगा 2025 का कथाक्रम सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वर्ष 2025 का आनन्द सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान चर्चित एवं वरिष्ठ कथाकार भालचंद जोशी को दिया जाएगा। कथाक्रम राम्मान समिति जिसमें कथाक्रम संयोजक शैलेन्द्र सागर वरिष्ठ कहानीकार शिवमूर्ति रंगकर्मी राकेश एवं चर्चित लेखिका रजनी गुप्त सदस्य हैं ने यह निर्णय लिया। 17 अप्रैल 1956 को मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्र खरगोन में जन्मे भालवंद्र जोशी हिंदी कथा साहित्य के ख्यात कथाकार हैं।

पेशे से इंजीनियर रहे जोशी ने आठवें दशक में कहानी लेखन आरम्भ किया और जीवन का एक लंबा हिस्सा आदिवासियों के बीच बिताया है जहां उन्होंने आदिवासी समाज की जीवन पद्धति लोककथाओं एवं लोककला का आययन किया। उन्होंने निमाड़ की लोककथाओं और लोककलाओं पर भी काम किया है। उनकी रचनाएं प्रमुख पत्रिकाओं में प्रकाशित होकर सुविज्ञ पाठकों का ध्यान आकर्षित करती रही है। अब तक उनके नी कहानी संग्रह तथा दो उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं। उनके उपन्यासों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद हुआ है। इनके अतिरिक्त आपकी आलोचना की भी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने कथादेश, पाखी जैसी कई पत्रिकाओं के अंकों के साथ कुछ समय तक लघु पत्रिका यथार्थ का भी संपादन किया है। भालचंद जोशी को मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन का वागीश्वरी पुरस्कार पाखी का शब्द साधक लेखक सम्मान, स्पदन कृति सम्मान, शैलश मटियानी कथा पुरस्कार तथा आलोचना पुस्तक नामवर सिह आलोचना की सार्थकता पर डॉ रामस्वरूप चतुर्वेदी आलोचना सम्मान आदि से समादृत किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष एक कथाकार को प्रतिष्ठित आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान दिया जाता है जिसके अंतर्गत इक्कीस हजार रुपए की धनराशि, सम्मान चिन्ह व पत्रक प्रदान किया जाता है। विगत सालों में संजीव, कमलाकात त्रिपाठी, चंद्रकिशोर जायसवाल, मैत्रेयी पुष्पा, दूधनाथ सिंह, ओमप्रकाश बाल्मीकि शिवमूर्ति, असगर वजाहत, भगवान दास मोरवाल, उदय प्रकाश, प्रियंवद मधु कांकरिया, महेश कटारे, अब्दुल बिस्मिल्ला, स्वयं प्रकाश, तेजिन्दर जयनंदन, नासिरा शर्मा, अखिलेश, राकेश कुमार सिंह जया जादवानी, मनोज रूपड़ा, एस आर हरनोट, नवीन जोशी पंकज मित्र, ह्षीकेश सुलम और योगेन्द्र आहुजा को यह सम्मान दिया जा चुका है। यह सम्मान कथाक्रम 2025 समारोह के अवसर पर दिनांक 07 दिसम्बर 2025 को लखनऊ में प्रदान किया जाएगा।

संक्षेप

## पानी मे उतराता मिला अधेड़ का शव

साण्डा/सकरन (सीतापुर)। सकरन थाना क्षेत्र स्थित उल्लहा गांव निवासी अधेड़ नसीम का शव रसूलपुर थाना क्षेत्र सकरन के पास एक पुलिया के नीचे भरे पानी में उतराता पाया गया। मृतक के परिजनों ने रसूलपुर निवासी हरिकेस, स्वरूप नामक दो व्यक्तियों पर नसीम की हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक नसीम पुत्र जमालुद्दीन रविवार की शाम दूध लेकर रसूलपुर स्थित एक दूध डेरी पर गया था। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने नसीम की तलाश शुरू की। तलाश के दौरान रसूलपुर के पास खेत में बनी एक पुलिया में नसीम का शव पानी में उतराता हुआ पाया गया। मृतक के परिजनों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सकरन पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर डॉक्टरी परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक के परिजनों ने इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए सकरन पुलिस से निवेदन किया है। इस संबंध में सकरन थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा से जब बात की गई तो मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर जांच के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## आत्मनिर्भर भारत के तहत सम्मेलन आयोजित

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि 2047 तक भारत विश्व गुरु बने और इसकी आधारशिला आत्मनिर्भर भारत ही होगा। आज हम भारत माता को परम वैभव दिलाने का प्रण लेते हैं और हमें आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए जान-जान में जागरूकता पैदा करनी है। जीएसटी की दरों में घटाव इसका पहला पड़ाव है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा आत्मनिर्भर भारत सीतापुर विधानसभा सम्मेलन के दौरान नेहरू हॉल में कही गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायकध्राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने लोगों से आत्मनिर्भर बनने की अपील की। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉ पवन सिंह चैहान ने विस्तार से अपनी बात रखते हुए बताया की कैसे आत्मनिर्भर भारत दुनिया का सबसे मजबूत देश बनकर उभरेगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के बच्चे बच्चे के हाथ में हुनर है और इस हुनर से जब देश आत्मनिर्भर बनेगा तो जहां हमारा देश विकसित होगा वहीं विश्व का नेतृत्व भी करेगा जोकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने आत्मनिर्भर भारत की प्रस्तावना पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल, राजकुमार अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारियों व जिले के समाजसेवियो ने भी संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी सीतापुर विधानसभा के नागरिक व्यापारी सहित पार्टी के समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अत्याचार या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं सूचना दें: सीओ



मानपुर (सीतापुर)। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज बलदेव नगर मानपुर के तहत मानपुर थाना परिसर में महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार के अत्याचार या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं तुरंत हेल्पलाइन नम्बरों पर सूचना दें। महिलाओं को 1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन नम्बर), 108 (एंबुलेंस सेवा) व 1098 (चाइल्डलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सीओ प्रभारी मानपुर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी तरह की समस्या छिपाएं नहीं, बल्कि तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन से सम्पर्क करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ मौजूद रहीं और उन्होंने भी अपने सवाल रखे। इस अवसर पर थाना प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक अभिषेक कुमार, उपनिरीक्षक त्रिभुवन सिंह अरविंद चैरसिया, महिला कांस्टेबल रीता, निदा परवीन, प्रीती व साब्या कुशवाहा मौजूद रही।

## चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



हरगांव (सीतापुर)। प्रदेश सरकार की अतिमहत्व पूर्ण महिला सशक्ति करण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार बड़ी पूरे जिले में सफलता के साथ चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश का अनुपालन करते हुए महिला सशक्ति करण अभियान को सफल बनाने हरगांव पुलिस भी किसी से पीछे नहीं है।

थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय के साथ अपराध निरीक्षक सुरेश यादव ने क्षेत्राधिकारी सदर एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन में थाना क्षेत्र के खम्हौना रिक्खी पुरवा एवं पिपरा घूरी गांव में चैपाल लगाकर महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं निडर बनाने को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से हरगांव पुलिस ने मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकारी हेल्प लाइन नंबरों जैसे 1090, 1098, 112, 108, 102, 1930 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति के आन पड़ने पर आप इन नम्बरों का उपयोग कर अपनी सुरक्षा पा सकती हैं। चैपाल में मौजूद लगभग डेढ़ सौ एक सौ साठ बालिकाओं महिलाओं के बीच पंपलेट्स वितरित किए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय व निरीक्षक अपराध सुरेश यादव ने कहा कि आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों के प्रयोग करने पर महिलाओं एवं बालिकाओं की जानकारी गोपनीय रख कर उनको पूरी मदद पहुंचाई जायेगी। इसके साथ ही उच्च अधिकारियों के नेतृत्व व प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पाण्डेय के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर स्टंट बाजी करने वाले काली फिल्म हूटर गलत नंबर प्लेट वाहन पर शासकीय जाति सूचक शब्दों के लिखे पाये जाने जैसे 24 चालान एमवी एक्ट के तहत 41500 का जुमार्ना वसूलते हुए गलत नंबर प्लेट वाले तीन वाहनों का चालान किया गया। इस अभियान में ग्राम प्रधान विमला सिंह, आंगनबाड़ी सुमन लता, आशा बहू पुष्पा देवी, अजय कुमारी की मौजूदगी रही। मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय अपराध निरीक्षक सुरेश यादव के साथ-साथ उप निरीक्षक राम पलट राव मुख्य आरक्षी नीरज तिवारी शिवकुमार महिला मुख्य आरक्षी शशि प्रभा आरक्षी अंजना त्यागी पूजा सिंह, रवि कुमार अबरार हुसैन ने अपनी सहभागिता निभाई।

## दारोगा अनूप व शिक्षका डॉ. रचना सिंह को मिला गांधी पीस इंटरनेशनल अवार्ड



उन्नाव। ग्रीन भारत अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण में जुझारू प्रयासों के लिए उन्नाव में तैनात पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व एवं बच्चों की ग्रीन आर्मी बनाकर समाज में जागरूकता अभियान चला रही कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत राज्य पुरुस्कार प्राप्त शिक्षिका एवं एस .आर. जी. डॉ रचना सिंह को मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेता सुमित मलाहान व एबीएम फाउंडेशन के संस्थापक अमोल भगत द्वारा नई दिल्ली स्थित राजा राम मोहन राय मेमोरियल आडियोटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में गाँधी पीस इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

आयोजक अमोल भगत ने बताया कि सामाजिक सेवा और राष्ट्र निर्माण में लगे देश प्रदेश के 25 लोगों को यह सम्मान प्रदान किया गया। सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को यह सम्मान विभिन्न जनपदों में पर्यावरण के प्रति चलाए जा रहे उनके अभियान, वृक्षारोपण के कार्यों में उनके अभूतपूर्व योगदान, बाल चैपाल के जरिये जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए तथा शिक्षिका डॉ रचना सिंह को यह सम्मान जनपद में पर्यावरण जागरूकता की उनकी मुहिम तथा अपने विद्यालय सहित कई विद्यालयों में वृक्षारोपण के प्रयासों और अधिक से अधिक पौधारोपण कार्यक्रम संयोजित करवाने के कार्यों को देखते हुए प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर अनूप मिश्रा अपूर्व और डा0 रचना सिंह ने ए बी एम परिवार का आभार व्यक्त किया। अनूप ने कहा कि हमारी पहचान हमारे देश से बनती है और हमसे ही हमारा देश है। केवल सरकार द्वारा नियम कानून बनाना या अभियान एवं कार्यक्रम चलाना पर्याप्त नहीं है, यदि हम अपने देश को ऊंचाइयों के शिखर पर देखना चाहते हैं तो देश के प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करना होगा। डा0 रचना सिंह ने कहा कि एक शिक्षक होने के नाते हमारा पूरा जीवन ही दायित्व से भरा हुआ है। शिक्षक केवल छात्र का भविष्य ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के भविष्य का निमार्ता होता है। कार्यक्रम में रीना पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह सहित देश प्रदेश की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं।

## मरीज करते रहे इंतजार, चिकित्सक मोबाइल पर व्यस्त रहे



उन्नाव। जिला अस्पताल में सोमवार को नेत्र चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार दोपहर 12 बजे के बाद ओपीडी पहुंचे। इस दौरान वे मरीजों को देखने के बजाय अपने मोबाइल फोन पर व्यस्त रहे, जिससे सुबह से इंतजार कर रहे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, मरीज सुबह से ही नेत्र चिकित्सक कक्ष के बाहर डॉ. संजीव कुमार का इंतजार कर रहे थे। अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि दूसरे नेत्र चिकित्सक डॉ. फैजल जुबैर कोर्ट गए हुए थे। चिकित्सकों की इस कथित लापरवाही के कारण दूर-दराज से आए मरीजों को भारी असुविधा हुई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. राजीव गुप्ता से जानकारी के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। यह घटना जिला अस्पताल में चिकित्सकों के कार्य व्यवहार पर सवाल उठाती है, जहां मरीजों को समय पर उपचार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।

## अन्नपूर्णा साहित्य संगम की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

सीतापुर। अन्नपूर्णा साहित्य संगम की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान संरक्षिका पुष्पा अवस्थी के रम्पा रोड स्थित आवास पर काव्य गोष्ठी आयोजित हुई। यासीन इब्ने उमर के संयोजन तथा पुष्पा अवस्थी के संरक्षण में आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता जीएल गांधी के द्वारा की गई। तथा राम किशोर श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया, और गीता किशोर श्रीवास्तव की वाणी वंदना के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर विदेश यात्रा से लौटीं पुष्पा अवस्थी ने उपस्थित सभी साहित्यकारों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि साहित्य के प्रति आपका यह समर्पण और मेरे भैया अनिल द्विवेदी के प्रति आपकी श्रद्धा और प्यार ने हमारी काव्य गोष्ठी को निरंतरता प्रदान की है। जो हमारे ना होने पर भी अनवरत अपने समय पर आयोजित होती रही है। आप सबके सहयोग से यह साहित्य का करवां यूं ही आगे बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर पुष्पा अवस्थी, जीएल गांधी, राम किशोर श्रीवास्तव, एपी गौतम, गीता किशोर श्रीवास्तव, राजबहादुर वर्मा, रामदास वैश्य रामू, आलोक आदर्श, विदुषी विदु, सुधांशु त्रिवेदी आदि ने उत्कृष्ट काव्य पाठ से काव्य गोष्ठी को सफल बनाया। राष्ट्रगान के साथ काव्य गोष्ठी का समापन किया गया। अजय कुमार शर्मा ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए काव्य गोष्ठी के समापन की घोषणा की।

## मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम व रावण के बीच हुआ युद्ध



सफीपुर, उन्नाव। नगर पंचायत ऊगू में एक सौ चवालीस साल पुरानी चल रामलीला में राम रावण युद्ध लीला के साथ विशाल मेले का आयोजन किया गया। लंकापति राजा रावण द्वारा सीता हरण के बाद मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के साथ भीषण युद्ध हुआ। इससे पहले लक्ष्मण मेघनाद युद्ध में लक्ष्मण को शक्ति लगने पर राम द्वारा दुखी होने की लीला में भाई का भाई से प्रेम देखकर लोगों की आंखें नम हो गईं। इसके बाद लक्ष्मण द्वारा मेघनाद वध और भगवान राम द्वारा रावण का वध किया गया और पृथ्वी से पाप तथा अत्याचार को मिटाया गया। रावण वध के साथ ही राम लीला मैदान जै श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा।

ऊगू में सार्वजनिक रामलीला कमेटी के आयोजन में रामलीला में रविवार को रावण, कुम्भकर्ण, मेघनाद आदि वध की लीलाओं का मंचन स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला मैदान मे में जैसे ही भगवान श्री राम अपने अनुज के साथ सुग्रीव, हनुमान, अंगद, नल, नील आदि सहित बानर सेना के साथ पहुंचे दर्शकों में उत्साह छा गया। वहीं रामलीला मैदान में जगह-जगह रुक रुककर युद्ध कला का प्रदर्शन किया गया। दोनों दलों के बीर आपस में खूब लड़े और अंत में रामादल की विजय हुई। आगे करवा चौथ के पर्व को देखते हुए इसी के साथ लगे विशाल मेले में लोगों चूरा गट्टा के साथ खिलौने मिठाई तथा घरेलू सामान की खूब खरीददारी की जिससे आए दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। सार्वजनिक रामलीला समिति की ओर से अवधेश दीक्षित, राहुल पटेल, पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित, अरूण पाण्डेय, रमाशंकर तिवारी, सुनील कुमार, सभासद हर्ष शुक्ला, कृष्णा नंद तिवारी, सूर्यप्रकाश पांडेय, प्रकाश चंद्र दीक्षित, राजाबाबू, राजू दीक्षित आदि ने मेले में आए सभी दर्शकों के प्रति आभार ब्यक्त किया।

## एक्शन में आया औषधि विभाग मेडिकल स्टोर्स का किया निरीक्षण

उन्नाव। मध्यप्रदेश और राजस्थान में बीते दिनों लगभग 16 बच्चों की मौत कफ सिरप के इस्तेमाल से हो गई। जिस के बाद शासन ने कफ सिरप बनने वाली कंपनी को बैन करने के साथ ही दो साल से छोटे बच्चों को कफ सिरप न देने और पांच साल तक के बच्चों को डाक्टरी सलाह पर ही कफ सिरप देने की एडवाइजरी जारी कर दी। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी प्रदेश में ऐसी घटना न हो सके इसके लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को प्रदेश भर में चेकिंग अभियान चलायें जाने के निर्देश दिए। जिस क्रम में सहायक आयुक्त औषधि ने उत्तर प्रदेश के सभी औषधि निरीक्षक को जनपद में उक्त कफ सिरप की जांच और बिक्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश जारी कर दिए। जिसके चलते औषधि निरीक्षक अशोक कुमार ने उन्नाव दवा विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मयंक बाजपेई के साथ बैठक कर एक पत्र जारी करते हुए निर्देशित किया है कि उक्त दवा व कंपनी को प्रतिबंधित किया गया है। एसोसिएशन के माध्यम से जनपद के सभी दवा दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि उक्त दवा को यदि किसी के पास हो तो उस न बेंचें और तत्काल उसे विभाग में जमा करवाए। साथ ही छोटे बच्चों को बिना डाक्टर सलाह के कफ सिरप न दें। जनपद भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा यदि ऐसा करते कोई पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

## रामलीला की सजीव लीलाओं का मंचन देख दर्शक हुए भाव विभोर



उन्नाव। साकेत धाम में वृन्दावन के स्वामी विष्णु कुमार दत्तात्रेय के निर्देशन और उमाशंकर व्यास के सरस संचालन में लीलाओं का सजीव मंचन हुआ। रावण अपने भाई विभीषण को लात मारकर अपमानित करता है तो विभीषण कुपित होकर कहता है कि मैं अब प्रभु राम की शरण जा रहा मुझे दोष न देना। राम जी विभीषण को गले लगाकर लंका का राजा घोषित करते हैं। रामादल और लंकेश की सेना के बीच भीषण युद्ध चलता है। कुंभकरण को नींद से जगाया जाता है और उसका वध श्रीराम के हाथों होता है। लक्ष्मण और मेघनाद के बीच कांटे की टक्कर होती है और मेघनाद शक्ति बाण से लक्ष्मण को मरणासन्न कर देता है। लक्ष्मण को मूर्छित देख राम विलाप करते हैं। इस समय देखा लखन का हाल तो श्रीराम रो पड़े भजन सुन सभी की आंखें डबडबा उठीं। हनुमान जी सुखेन वैध के परामर्श पर संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण को फिर से चैतन्य करते हैं। आरती में अध्यक्ष संजय राठी, महामंत्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश अवस्थी, प्रेम कुमार सिंह, कृष्णप्रिय मोती श्याम, डॉ राजीव सिंह, उमनिवास बाजपेई अध्यक्ष राज्यंकर्मचारी संयुक्त परिषद, जगदीश महेश्वरी, सुभाष गुप्ता, गुप्ता, डॉ प्रभात सिन्हा, डॉ मनीष सेंगर, कौशल किशोर यादव, सुनील मिश्रा, इंदु प्रकाश अवस्थी, प्रेम मिश्रा, अनूप शुक्ला, अजय श्रीवास्तव, नितेश श्रीवास्तव, राहुल कश्यप आदि ने भाग लिया।

## बिलौली पीएचसी में गर्भकालीन मधुमेह जांच शुरू

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलौली बाजार में सोमवार 6 अक्टूबर को अधीक्षक के नेतृत्व में डॉ. नमिता ने 44 गर्भवती महिलाओं की ओरल ग्लूकोज टॉलरेंस टेस्ट कर जीडीएम जांच का शुभारंभ किया। जिसमें सभी महिलाओं का वजन, रक्तचाप, शुगर, खून की जांच और परिवार नियोजन सहित अन्य प्रसव पूर्व जाँच की गई। इस संबंध में डॉ. नमिता ने बताया कि समय पर पहचान और सही प्रबंधन से जेस्टेशनल डायबिटीज की गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है, जैसे उच्च रक्तचाप दौरे गर्भपात या शिशु मृत्यु प्रसव में कठिनाई बच्चे का अधिक वजन नवजात को सांस लेने में कठिनाई जन्मजात विकृतियाँ आदि इस पहल में ह्लस्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानह्व और प्रसव पूर्व नियमित जांच को भी विशेष समर्थन मिला, ताकि हर महिला सुरक्षित और स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ सके। प्रभारी के अनुसार अब बिलौली में जांच रोज उपलब्ध है, सभी गर्भवती महिलाएँ आसानी से इसका लाभ उठा सकती हैं। इस कार्यक्रम में सहयोगी टीम में बीसीपीएम, फार्मासिस्ट, एचईओ सुषमा, स्टाफ नर्स कल्पना पूर्णिमा, संगिनी आयुष डाक्टर सत्यवीर सिंह अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## स्नातक चुनाव संबंधी कार्यशाला आयोजित

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी स्नातक चुनाव को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रिजीव मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में सहसंयोजक स्नातक चुनाव मानस मित्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा द्वारा पार्टी के पदाधिकारियों से मतदाता सूचियां को व्यवस्थित करवाने एवं स्नातक चुनाव के मतदाता बंधुओं से पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने की रणनीति बतायी। साथ ही साथ चुनाव के सहसंयोजक मानस मित्रा द्वारा चुनाव के दौरान बूथवार सभी मतदाताओं से मिलकर मजबूत माहौल तैयार करने के लिए आवाहन किया उन्होंने इस कार्य में पार्टी के जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं को रणनीति बनाकर स्नातक मतदाताओं से मीटिंग कर चुनाव को पार्टी के पक्ष में मजबूत करने का आवाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सीतापुर जिले में स्नातक चुनाव में पार्टी को भारी बढ़त मिलेगी। यहां का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस कार्य में अभी से जुड़ गया है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारी से बताया कि अब तन मन धन से लगने का समय आ चुका है और अब विश्राम का समय इस चुनाव में कमल खिलाने के बाद ही होगा। कार्यशाला में मुख्य रूप से विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, स्नातक चुनाव के जिला संयोजक रोहित सिंह सहित पदाधिकारीगण मोर्चो के अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रवासी स्नातक चुनाव संयोजक व पोलिंग स्टेशन प्रभारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में हुई महत्वपूर्ण बैठक

सीतापुर। जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 कक्ष में आगामी पेराई सत्र 2025-26 के सुचारू संचालन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पेराई सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि गन्ना आपूर्ति व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, तोल केंद्रों की व्यवस्था तथा श्रमिकों की सुरक्षा से संबंधित सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि पेराई कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों का गन्ना समय से तोला जाए तथा भुगतान शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः यह सुनिश्चित किया जाए कि गन्ना किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बालिका वर्ग में चैम्पियन बनने पर सरैंया में निकली रैली



जिला संवाददाता(vol)

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला अंतर्गत किसान इंटर कॉलेज सरैया राजा साहब में ओवर आल और बालिका वर्ग में चैंपियन बनने पर सरैया राजा साहब में रैली निकाली गई और विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शिवकुमार शर्मा, अध्यक्ष विजय कुमार मौर्या, सदस्य अंजय मौर्या ने सभी विजेता खिलाड़ियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और मण्डल के लिए सुभकामनायें दी। सीनियर बालिका वर्ग में विजेता, जूनियर बालिका वर्ग में विजेता, सब जूनियर बालिका वर्ग में उप विजेता, सीनियर बालक वर्ग में उप विजेता, ओवर आल बालिका वर्ग में विजेता और बालक बालिका में भी ओवर आल विजेता रहा किसान इंटर कालेज सरैया राजा साहब।

जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 3 व 4 अक्टूबर 2025 को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम सीतापुर में किया गया। प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अतिथि नगर विकास मंत्री मंत्री राकेश राठौर गुरुजी रहे। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों और टीमों को, मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया पूरी प्रतियोगिता में किसान इंटर कॉलेज सरैया राजा साहब के बच्चों का रहा दबदबा सीनियर बालिका वर्ग में सरैंया की पारुल ने 100 मी. रेस में गोल्ड, हैमर थ्रो और गोला फेंक में सिल्वर मेडल, प्रियंका ने लंबी कूद और त्रि.कूद में गोल्ड मेडल व भाला फेंक में ब्रांज मेडल, मोंटी ने 400 मीटर रेस में गोल्ड, 200 मीटर रेस में सिल्वर मेडल, अनुरीतिका सिंह ने हेमर थ्रो में गोल्ड मेडल, भाला फेंक में सिल्वर मेडल और डिस्कस थ्रो में ब्रांज मेडल, अपूर्व वर्मा ने लंबी कूद और त्रिकूट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसके साथ ही पारुल, मोंटी, अपूर्वा वर्मा व प्रियंका ने 4 गुणा 100मी रिले रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में भी अर्चना ने 200 मीटर में गोल्ड 100 मीटर में सिल्वर मेडल और 800 मीटर रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया।

बेबी ने गोला फेंक और हैमर थ्रो में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और भाला फेंक में ब्रांज मेडल प्राप्त, सीमा देवी ने त्रि. कूद में सिल्वर मेडल व हैमर थ्रो में ब्रांज मेडल प्राप्त किया। मनीषा ने 400 मीटर ब्रांज मेडल प्राप्त किया और अर्चना बेबी, मनीष देवी व सीमा देवी ने 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और सब जूनियर बालिका वर्ग में अर्चना ने 100 मीटर में गोल्ड मेडल, 200 मीटर में सिल्वर मेडल और गोला फेंक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेंद्र सिंह, रैली सयोंजक अशोक कुमार, रैली उपसयोंजक डॉ. नरेंद्र सिंह, जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पाण्डेय, विद्यालय के अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, प्रबंधक रत्नेश कुमार मौर्य, सदस्य अंजय मौर्य, प्रधानाचार्य डॉ शिवकुमार शर्मा ने सभी बच्चों को बधाई व आशीर्वाद दिया। इस सफलता का श्रय बच्चों की कड़ी मेहनत लग्न के साथ विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी अवनीश कुमार का नेतृत्व, सहयोगी भूपेंद्र कुमार सोनकर, शिवम्मौर्य, रोहिणी यादव, दीप्ति मौर्या का भी विशेष योगदान रहा।

## माता कालिका देवी मंदिर प्रांगण में हुआ जागरण



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। स्थानीय सहिला स्थित मां कालिका देवी मंदिर प्रांगण में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पिंटू जागरण पार्टी के कलाकारों ने अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसकी वहां पर मौजूद लोगो ने खूब प्रशंसा की।

आयोजन समिति के पदाधिकारी द्वारा जागरण पार्टी के सचांलक पिंटू को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए पत्रकार व समाजसेवकों को आचार्य राधे तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निकाली गयी सुंदर झांकिया आकर्षण का केंद्र बनी रही। भक्तों ने रात भर जागरण का आनन्द लिया। स्थानीय लोगो की माने तो प्रति वर्ष माता के मंदिर में जागरण का आयोजन किया जाताा है। कुशल जागरण पार्टी के कलाकार कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करते है। स्थानीय लोगो की भी भारी संख्या में सहभागिता रहती है। कार्यक्रम में लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लेते है।

**जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., जौनपुर**

पत्रांक: पी.सी.एफ./धान खरीद 2025-26 एवं गेहूं खरीद 26-27 हैण्डलिंग टेण्डर/1052-1053 दि.:-06.10.2025

**निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना**

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा जौनपुर में स्थापित धान/गेहूं क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 13.10.2025 की अपराहन 01:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(कृष्ण शिव देव सिंह)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-जौनपुर
मो.नं.- 8765984600 - jaunpurpcf@gmail.com

संक्षेप

## रायबरेली में घर से लाखों का सामान चोरी

रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गुनावर गांव में देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोर घर से लाखों रुपये का सामान लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। गुनावर गांव निवासी रजीउल्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि देर रात अज्ञात चोर मकान के पीछे के हिस्से से चढ़कर घर में घुसे। चोरों ने अलमारी से एक सोने का हार, एक जोड़ी सोने के कान के झुमके, एक सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र, ढाई सौ ग्राम चांदी की पायल और एक हथफूल चुरा लिया। इसके अलावा, तीन तांबे के पतीले, एक तांबे की परात और चार बड़े तांबे के गिलास भी चोरी हुए। चोर घर के पीछे की गैलरी का ताला तोड़कर सारा सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीण काफी देर तक परेशान रहे, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका। सब-इंस्पेक्टर चक्रधर पांडेय ने बताया कि मौके पर जाकर जांच की गई है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## दुर्घटना में चौकीदार की मौत

महराजगंज कोतवाली। क्षेत्र के कुबना गांव के निकट वर्मा नर्सरी के पास रविवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में साधन सहकारी समिति के एक चैकीदार की मौत हो गई, जबकि उनका पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक पूरे कुम्हारन मजरे कुबना निवासी भगवती प्रजापति उम्र 55 वर्ष साधन सहकारी समिति टूक में चैकीदारी का काम करते थे। रविवार को वे अपने पड़ोसी सियाराम के साथ राईमऊ मजरे अटरा में एक निमंत्रण से शामिल होकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे कुबना गांव के पास स्थित नर्सरी मोड़ के पास पहुँचे, उनकी बाइक की टक्कर अचानक एक दूसरी मोटरसाइकिल से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चैकीदार को गंभीर चोटें आईं और सीएचसी पहुंचते पहुंचते उनकी मौत हो गई। उनके पड़ोसी सियाराम भी इस दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा

## महराजगंज में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित

महराजगंज रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर खंड महराजगंज में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम कस्बे के पूरे सुखई स्थित स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से यह पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जो पूरे कस्बे में मुख्य मार्गों से होते हुए कस्बे का भ्रमण किया गया। पथ संचलन रंधवा रोड से पैगंबर नगर होते हुए रुद्र नगर से चंद्रपुर चैराहा से पुणे पुलिस चैकी तिराहे से विद्यालय में कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लायक सिंह प्रांत प्रमुख समग्र ग्राम विकास ने अपना उद्बोधन दिया। इस मौके पर समर बहादुर, लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, प्राचार्य नरेंद्र मिश्र, संजय पाठक प्राचार्य, संघ चालक जगमोहन, खंड कार्यवाही धर्मेंद्र, श्याम प्रकाश वर्मा, अनुराग, राजाराम त्यागी पूर्व विधायक, प्रभात साहू चेयरमैन प्रतिनिधि, अवधेश मिश्रा, समेत बड़ी तादाद में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# अदिति सिंह ने 40 जरूरतमंदों को दिलायी 45.81 लाख की राहत

## गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को मिली नयी उम्मीद





मा0 अदिति सिंह जी की संस्तुति से माह सितम्बर 2025 में गम्भीर रोगों के इलाज हेतु प्रदत्त धनराशि

| क्रम | सन्दर्भ सं | लाभार्थी का नाम | पता | धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14615525000488 | सोनी देवी | सेउढ़ई, बिलग्राम, जिला हरदोई | 60000 |
| 2 | 14615825001336 | [illegible] | सर्वोदय नगर, रायबरेली | 200000 |
| 3 | 14615825001370 | सबिस्ता फातमा | अनवर नगर, रायबरेली | 60000 |
| 4 | 14615825001371 | रामराज | ग्राम रायनपुर, रायबरेली | 50000 |
| 5 | 14615825001374 | अख्तर खान | जफर नगर, रायबरेली | 50000 |
| 6 | 14615825001375 | [illegible] | कप्तान का पुरवा, रायबरेली | 200000 |
| 7 | 14615825001377 | सीता देवी | पूरे टीका मजरे कचौन्दा, रायबरेली | 200000 |
| 8 | 14615825001378 | राकेश कुमार | ग्राम चितौला भंगारिया, रायबरेली | 60000 |
| 9 | 14615825001380 | अनिल कुमार | ग्राम व पो० सनही, रायबरेली | 60000 |
| 10 | 14615825001381 | विनोद कुमार | ग्राम उमरा, रायबरेली | 200000 |
| 11 | 14615825001404 | लक्ष्मी देवी | जफर नगर, बैरहना, रायबरेली | 50000 |
| 12 | 14615825001406 | अतुल कुमार श्रीवास्तव | अंदरूनकिला, रायबरेली | 200000 |
| 13 | 14615825001431 | आशीष कुमार | अमृत नगर, घंटाघर, रायबरेली | 200000 |
| 14 | 14615825001432 | मो० आसिफ शेख | ग्राम व पो० राही, रायबरेली | 200000 |
| 15 | 14615825001436 | आशीष कुमार | दीवानन्दपुर, रायबरेली | 60000 |
| 16 | 14615825001441 | राधेश कुमार | पूरे दुबे मजरे लोधवारी, रायबरेली | 200000 |
| 17 | 14615825001442 | मो० नसीम | ग्राम बंदरामऊ, रायबरेली | 200000 |
| 18 | 14615825001443 | [illegible] | ग्राम उमरा, रायबरेली | 60000 |
| 19 | 14615825001445 | आराधना | ग्राम व पो० दरीबा, रायबरेली | 48000 |
| 20 | 14615825001446 | नन्द किशोर | ग्राम डिपिया, रायबरेली | 100000 |
| 21 | 14615825001447 | राजेंद्र कुमार | अहियापुर, रायबरेली | 40000 |
| 22 | 14615825001448 | [illegible] | कल्लू का पुरवा, रायबरेली | 200000 |
| 23 | 14615825001458 | [illegible] | पूरे बल्दी मजरे खैरा, महराजगंज,रायबरेली | 60000 |
| 24 | 14615825001468 | [illegible] | पूरे ठकुराइन मजरे परौरा, रायबरेली | 50000 |
| 25 | 14615825001471 | रूपेश | पूरे गोपाल सिंह, बेलागुसीसी, रायबरेली | 100000 |
| 26 | 14615825001472 | मिथलेश | पूरे पहली मजरे रायपुर महेरी, रायबरेली | 200000 |
| 27 | 14615825001476 | संजीव कुमार मिश्रा | जवाहर विहार कॉलोनी, रायबरेली | 100000 |
| 28 | 14615825001477 | देशराज मौर्या | पूरे बन मजरे रूपामऊ, रायबरेली | 200000 |
| 29 | 14615825001482 | मो० तुफैल | ग्राम डिपिया, रायबरेली | 50000 |
| 30 | 14615825001486 | नीरज सिंह | ग्राम परौरा, रायबरेली | 50000 |
| 31 | 14615825001487 | मनोज कुमार | ग्राम व पो० भुएमऊ, रायबरेली | 100000 |
| 32 | 14615825001499 | शीतला प्रसाद | पूरे दुर्जन, मोहम्मदपुर कुचरिया, रायबरेली | 50000 |
| 33 | 14615825001500 | संतोष कुमार गौड़ | अटौरा बुजुर्ग, रायबरेली | 50000 |
| 34 | 14615825001524 | पूजा यादव | पूरे दीना मजरे पहरई, रायबरेली | 50000 |
| 35 | 14615825001542 | ओंकार नाथ | डोमापुर मजरे लोदीपुर उतरावां, डलमऊ | 200000 |
| 36 | 14615825001549 | चंद्र शेखर वर्मा | पी० डब्लू० डी० कॉलोनी, रायबरेली | 60000 |
| 37 | 14615825001551 | गीता कौशल | गनेश नगर, रायबरेली | 200000 |
| 38 | 14615825001553 | हसनून निशा | ग्राम उमरा, रायबरेली | 200000 |
| 39 | 14615825001554 | [illegible] | ग्राम व पो० डीह, रायबरेली | 33500 |
| 40 | 14615825001588 | धर्मेन्द्र बहादुर सिंह | ग्राम चिला खेड़ा, लालगंज, रायबरेली | [illegible] |
| | | | कुल धनराशि | [illegible] |

रायबरेली। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की संवेदनशीलता और जनकल्याण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का एक और जीवंत उदाहरण रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र से सामने आया है। सदर विधायक अदिति सिंह के अथक प्रयासों से सितंबर 2025 माह के दौरान गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 40 जरूरतमंद लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल 45 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। यह सहायता राशि उन गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हुई है, जो महंगे इलाज के बोझ तले दबे हुए थे। विधायक अदिति सिंह ने इस पहल को आपदा में साथ, संकट में सहारा का प्रतीक बताते हुए कहा कि सरकार का यह प्रयास हर जरूरतमंद तक पहुंचने का संकल्प है।

सदर विधायक अदिति सिंह ने पिछले कई महीनों से लगातार जरूरतमंदों के आवेदनों को मुख्यमंत्री राहत कोष के समक्ष प्रस्तुत किया है। सितंबर माह में प्राप्त 40 आवेदनों में कैंसर, हृदय रोग, किडनी फेलियर और अन्य जानलेवा बीमारियों से पीड़ित मरीज शामिल थे। इनमें से अधिकांश लाभार्थी ग्रामीण इलाकों के गरीब किसान, मजदूर और दैनिक मजदूरी करने वाले परिवारों से हैं।

अदिति सिंह ने बताया हमारा उद्देश्य है कि कोई भी गरीब इलाज के अभाव में दम न तोड़े। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह कोष न केवल आर्थिक मदद देता है, बल्कि लोगों में आशा का संचार भी करता है। सितंबर में हमने 40 परिवारों को चेक वितरित किए। यह राशि इलाज, दवाइयों और अस्पताल खर्चों में सहायक होगी। विधायक ने आगे कहा कि सरकार की योजना एक कड़ी है, जो क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# भटके मानसिक रोगी के लिए भगवान बनी पुलिस




रायबरेली। पुलिस का नाम अक्सर लापरवाही और सख्ती से जोड़ा जाता है, लेकिन हरचंदपुर थाना क्षेत्र में एक ऐसी घटना घटी, जिसने खाकी वर्दी की सकारात्मक छवि को नई ऊंचाई दी। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए एक संदिग्ध युवक को थानेदार बृजेश सिंह ने न केवल आश्रय दिया, बल्कि मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत होकर उसे उसके परिवार तक सुरक्षित पहुंचा दिया। यह घटना न केवल थानेदार की संवेदनशीलता की मिसाल है, बल्कि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करने वाली एक प्रेरणादायक कहानी भी।

घटना हरचंदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ओई की है। ग्रामीणों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा, जो असामान्य व्यवहार कर रहा था। संदेह के चलते उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक से बातचीत की कोशिश की, लेकिन वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। उसकी आंखों में उदासी और भ्रम साफ झलक रहा था। पुलिस के समक्ष मुख्य समस्या यह थी कि युवक को कहां ले जाया जाए? न तो वह अपराधी लग रहा था, न ही कोई खतरा। ऐसे में, थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह को मामले की जानकारी दी गई। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने तत्काल संवेदनशील रुख अपनाया। उन्होंने युवक को थाने बुलाया और सबसे पहले उसकी भूख मिटाई। भोजन के बाद, जब वह कुछ बोलने लायक हुआ, तो उसने अपना नाम अमित श्रीवास्तव बताया। अमित ने खुद को पुत्र बलराम श्रीवास्तव, निवासी ग्राम एवं थाना अतरौली, जनपद हरदोई का बताया। यह जानकारी सुनते ही इंस्पेक्टर सिंह ने बिना विलंब किए थाना अतरौली, जनपद हरदोई के कोतवाल से संपर्क साधा। उन्होंने अमित का फोटो भेजा और परिजनों तक पहचान पहुंचाने का अनुरोध किया। अतरौली थाने के कोतवाल ने भी पूर्ण सहयोग किया। फोटो और विवरण के आधार पर उन्होंने अमित के परिजनों से संपर्क किया।

# दर बदर की ठोकरें खाने को मजबूर दलित महिला, नहीं हुई कार्यवाही



अमेठी । एक ओर योगी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का आदेश दे रही हैं वहीं अत्यंत गरीब तबके से संबंधित भूमिहीन महिला के पट्टे की जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा पीड़ित महिला को दर बदर की ठोकरें खाने को मजबूर कर दिया है किंतु भ्रष्टाचार के चलते कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। दरअसल हम बात कर रहे हैं ग्राम सैदपुर तहसील वा जिला अमेठी निवासिनी छोटका पत्नी कल्लू की। पीड़िता पिछड़ी जाति से संबंधित है तथा भूमिहीन है। पीड़िता के अनुसार उसे पट्टे में गाटा संख्या जिस पर 79/0.0510 आवंटित किया गया है । जिस पर उसी गांव के दबंग व्यक्ति कृष्ण कुमार ने बाउंड्री वाल बनाकर अवैध अतिक्रमण कर लिया है। तथा कृष्ण कुमार द्वारा एडीएम कोर्ट में उपरोक्त गाटा से संबंधित पट्टा कैंसिलेशन का वाद 202204710001196 एडीएम कोर्ट में दायर किया गया । जिस पर एडीएम कोर्ट द्वारा कृष्ण कुमार का दावा खारिज करते हुए पट्टा बहाली का आदेश दे दिया। किंतु विपक्षी कृष्ण कुमार की दबंगई के आगे पीड़िता छोटका को अब तक अपनी पट्टा भूमि पर कब्जा नहीं मिल सका। जबकि उपरोक्त गाटा से संबंधित कोई भी वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कब्जा दिलाने के एडीएम साहब को प्रार्थना पत्र दिया किंतु नायब तहसीलदार द्वारा पीड़िता से कब्जा दिलाने के नाम पर बीस हजार रुपए की मांग की गई । पीड़िता का कहना है कि उसके द्वारा तीन हजार रुपए नायब को दिए गए किंतु नायब के द्वारा दीवानी में वाद प्रचलित होने का फर्जी रिपोर्ट लगाया जा रहा है। जबकि विपक्षी दबंगई के दम पर अवैध निर्माण कर रहा है।

# डिजिटल भारत की रीढ़ बनेगा आधुनिक जीएसटी सिस्टमः गोविन्द नारायण शुक्ला



गौरीगंज, अमेठी । गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के मटियारी भवन में आज ₹नेक्स्ट जेन जीएसटी को लेकर एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला 'राजा बाबू' उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुधांशु शुक्ला ने की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र 'मटियारी', निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री केशव सिंह, तथा पार्टी के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों और आम नागरिकों को ₹नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सिस्टम₹ की जानकारी देना और इससे जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाना था। मुख्य अतिथि गोविंद नारायण शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का भारत तेजी से डिजिटल युग की ओर बढ़ रहा है। 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' न केवल व्यापारियों के लिए सुविधाजनक और पारदर्शी व्यवस्था लाएगा, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के विजन को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। यह जरूरी है कि हर व्यापारी, हर युवा और हर करदाता इस आधुनिक प्रणाली को समझे और अपनाए, ताकि राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। ₹ कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री द्वारा किया गया और सभी उपस्थित जनों ने इस नवाचार को सराहा।

# पुलिस की तत्परता से बची एक जिंदगी, दो पुलिस कर्मियों को कॉप्स ऑफ द मंथ सम्मान

रायबरेली। जनपद में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस की सतर्कता और संवेदनशीलता ने एक महिला की जान बचाई। थाना कोतवाली नगर के अंतर्गत 27 सितंबर 2025 को एक महिला को घरेलू झगड़ों से तंग आकर आत्महत्या करने से रोका गया। इस साहसिक कार्रवाई के लिए चैकी प्रभारी राजघाट उपनिरीक्षक भगत सिंह और आरक्षी योवेन्द्र कुमार को पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा कॉप्स ऑफ द मंथ खिताब से नवाजा गया। दोनों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई। घटना की पूरी कथा बेहद मार्मिक है। थाना कोतवाली नगर पर सुबह की सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला घरेलू विवादों से परेशान होकर आत्महत्या करने की योजना बना रही है। यह सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। चैकी प्रभारी राजघाट उपनिरीक्षक भगत सिंह अपने हमराही आरक्षी योवेन्द्र कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। सई नदी के किनारे पहुंचते ही उन्हें एक महिला दिखाई दी, जो गहरे जल में कूदने की तैयारी कर रही थी। पुलिस टीम ने फौरन महिला को रोका और उसे सुरक्षित स्थान पर लाकर शांत किया। काउंसलिंग के दौरान टीम ने महिला को जीवन की कठिनाइयों से जूझने की प्रेरणा दी, पारिवारिक समस्याओं के समाधान के उपाय सुझाए और मनोवैज्ञानिक सहायता की व्यवस्था का आश्वासन दिया।



# पति ने पत्नी पर गंडासे से किया जानलेवा हमला

## कोर्ट में खौफनाक घटना : वकीलों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया



रायबरेली। जनपद न्यायालय (दीवानी न्यायालय) परिसर में सोमवार दोपहर एक सनसनीखेज घटना ने सबको स्तब्ध कर दिया। पारिवारिक विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी पर धारदार गंडासे से बेरहमी से हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर और ऊपरी शरीर पर गंभीर चोटें आईं, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। त्वरित कार्रवाई में वकीलों ने आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है, जब घायल महिला अपने वकील से बातचीत कर रही थी। अचानक आरोपी पति मिथुन ने गंडासा निकालकर उस पर कई वार कर दिए। चीख-पुकार सुनते ही आसपास मौजूद वकीलों ने हिम्मत दिखाई और आरोपी को घेर लिया। उन्होंने न सिर्फ हमलावर को पकड़ लिया, बल्कि उसकी जमकर पिटाई भी की, फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इस दौरान कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया और लोग दहशत में सन्न रह गए। घायल महिला को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई। सिर में फ्रैक्चर और गहरे घावों के कारण चिकित्सकों ने उसकी सर्जरी की तैयारी शुरू कर दी है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार महिला की जान खतरे से बाहर तो है, लेकिन पूर्ण रूप से स्वस्थ होने में समय लगेगा। शहर कोतवाल शिव शंकर सिंह ने मौके पर पहुंचकर तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने घायल महिला को जिला अस्पताल में एडमिट कराया और आरोपी पति मिथुन के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह पारिवारिक विवाद से उपजा मामला है, जिसमें तलाक की प्रक्रिया चल रही थी। आरोपी के खिलाफ और सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इस घटना ने कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वकीलों ने आक्रोश जताते हुए सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और सशस्त्र सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की मांग की है।

# स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच, अवैध ई-रिक्शा संचालन और सड़क सुरक्षा पर दिए गये सख्त निर्देश

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की और जनपद में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई की स्थिति जानी। उन्होंने एआरटीओ व यातायात विभाग को संयुक्त टीम बनाकर अवैध व अपंजीकृत ई-रिक्शा के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-रिक्शा चार्जिंग के लिए किसी भी स्थान पर विद्युत चोरी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए, तथा केवल वैध विद्युत कनेक्शन से ही चार्जिंग की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा के लिए निश्चित रूट प्रणाली लागू की जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सीओ ट्रैफिक, एआरटीओ और अधिशासी अभियंता (लोनिवि) की तीन सदस्यीय समिति गठित कर जनपद में ई-रिक्शा रूट निर्धारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्रों में अनधिकृत टैक्सी स्टैंडों का संचालन तत्काल बंद कराया जाए। साथ ही ई-रिक्शा, ऑटो, टैक्सी स्टैंड हेतु भूमि का चिन्हांकन कर छोटे-छोटे पिक एंड ड्रॉप स्टेशन बनाए जाएं ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि एआरटीओ और यातायात विभाग संयुक्त रूप से नियमित जनजागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार व रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेवाभारती के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंची आईएएस गामिनी सिंघला



सुलतानपुर (वीओएल)। दुगार्पूजा महोत्सव के अवसर पर सेवाभारती द्वारा संचालित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आईएएस गामिनी सिंघला ने निरीक्षण कर भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।उन्होंने सेवाभारती की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे शिविरों से मेले में आए लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा और दवा उपलब्ध हो जाती है, जिससे लोगों को काफी राहत मिलती है।

इस दौरान क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर सिंह और विभाग प्रचारक श्री प्रकाश ने भी शिविर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभाग संघचालक सर्जन डॉ. एके सिंह ने कहा कि देश की सेवा करना ही संघ का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सेवाभारती कार्यकताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज में सेवा, सहयोग और स्वास्थ्य जागरूकता की भावना को मजबूत बनाते हैं।शिविर में सेवाभारती के विभाग महामंत्री डॉ सुनील त्रिपाठी, विभाग मंत्री जयप्रकाश, विभाग कोषाध्यक्ष सौरभ कांत, विभाग किशोरी विकास प्रमुख ज्योति तिवारी, विभाग महिला प्रमुख प्रीति, एबीपी के संगठमंत्री कौतुक, अखिल, ऋषि, डॉ. अमन, डॉ. अभिषेक दानबहादुर समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व स्वयंसेवक मौजूद रहे। डॉ सुनील त्रिपाठी ने बताया कि सेवाभारती नर सेवा ही नारायण सेवा के ध्येय वाक्य को लेकर निरंतर सेवा कार्यों में तत्पर है। शिविर में प्रतिदिन सैंकड़ों श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण और निःशुल्क दवा वितरण किया जा रहा है। यह शिविर न केवल श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रहा है बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की नई प्रेरणा भी दे रहा है।

# महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनी



रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के साथ वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रमों में छात्रा प्रिया, श्रेया, जिया और दिव्यांश ने रामचरित मानस का पाठ प्रस्तुत किया और वाल्मीकि जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित लघु नाटिका में छात्र आराध्य ने वाल्मीकि, प्रियांशु ने लव और विराट ने कुश की भूमिका का निर्वहन कर सभी का मन मोह लिया। एनएसबीवीएम में में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्रद्धा पूरित मन से महर्षि का पूजन सम्पन्न किया। वाल्मीकि जयंती के मौके पर स्कूल के छात्र रचित शर्मा को वाल्मीकि का जीवन्त रूप दिया गया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी , शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शाहीन खान, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं व बालिकाओं को मिला कानूनी अधिकारों का ज्ञान



सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को लेकर सोमवार को रामराजी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संयुक्त निदेशक अभियोजनयशवंत सिंह ने किया। इस अवसर पर ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी शैलेश चतुर्वेदी, सहायक अभियोजन अधिकारी मो. इमरान तथा वंदना पाठक ने बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिलाओं से संबंधित कानूनों, साइबर अपराध से बचाव के उपायों और डिजिटल अरेस्ट की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं महिलाओं के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या रेखा सिंह ने किया। कार्यक्रम में हे.का. निर्भय सिंह, हे.का. रजनीश कुमार, महिला हेड का. संगीता देवी, म.हे.का. रूबी सिंह, म.का. रेखा कुमारी सहित विद्यालय की छात्राएं व शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# एक दिन की थानाध्यक्ष बनी स्पेक्ट्रम स्कूल की छात्रा आकांक्षा



सुलतानपुर (वीओएल)। महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र की एक अनोखी पहल सामने आई।

स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी इंटरमीडिएट कॉलेज, जमोली की कक्षा 10 की छात्रा आकांक्षा त्रिपाठी को एक दिन का थानाध्यक्ष बनाया गया। आकांक्षा ने थाने का कार्यभार संभालते हुए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित पुलिस अधिकारियों को त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा, शिक्षा और समाज में जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी राय भी रखी। थानाध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने आकांक्षा का बुके देकर स्वागत किया और कहा कि मिशन शक्ति बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। विद्यालय के प्रबंधक आनंद सावरण और प्रधानाचार्य दीपक उपाध्याय ने आकांक्षा को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है। थानाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठीं आकांक्षा ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है।

# दुखदुरिया व मिशन शक्ति कार्यक्रम में 251 महिलाएं हुई शामिल

## समिति ने किया 101 लोगों को सम्मानित





गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। श्री वैष्णो माता पूजा समिति सुदनापुर की ओर से सोमवार को दुखदुरिया कार्यक्रम के साथ मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें क्षेत्र की 251 महिलाओं ने भाग लिया।

दुखदुरिया कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा-अर्चना कर परिवार और देश की सुख-समृद्धि और समाज में नारी सम्मान की कामना की। वहीं मिशन शक्ति प्रभारी इंस्पेक्टर अखिलेश सिंह, चैकी प्रभारी द्वारिकागंज द्विवेश त्रिवेदी, उप निरीक्षक दयाराम मिश्रा और कैलाश सिंह ने महिलाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। समिति की ओर से महिला पुलिसकर्मी रिंकू गुप्ता, ज्योति मौर्य, रिंकू यादव, हेड कांस्टेबल ऊषा सोनी के साथ विभिन्न वर्गों की 51 महिलाओं को चुनरी पटिका और फोटो देकर सम्मानित किया गया वही समिति पदाधिकारियों के द्वारा क्षेत्र के 101 संभ्रांत लोगों को दुर्गा प्रतिमा की फोटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष रवि शुक्ल, सुभाष सोनी, विनोद तिवारी, राहुल अग्रहरि, अंकुर, काली प्रसाद शर्मा, शिवराम,राज बहादुर, यादगार यादव, असलम, राम प्रवेश वर्मा, मुकेश वर्मा, राजेश, राजा, राजेश वर्मा, वीरेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# बिहार में चुनावी शंखनाद

राजनीतिक दृष्टि से अति संवेदनशील, पार्टियों और नेताओं के लिए जटिल सियासी चुनौतियों से भरा बिहार एक बार चुनाव में जा रहा है। राजनीतिक रूप से अति जागरूक बिहार के मतदाता आगामी 6 और 11 नवंबर को बिहार राज्य की 18वीं विधानसभा को चुनने के लिए मतदान करेंगे। बिहार का यह चुनाव ऐसे मौके पर हो रहा है जब एक तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में महागठबंधन को अपनी सियासी चुनौती और प्रासांगिकता बनाये रखने के लिए बिहार चुनाव से सियासी ऊर्जा की जरूरत है, तो दूसरी तरफ एनडीए को भी यह साबित करना है कि हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में जो जनादेश उसे मिला, वह जनादेश, वह समर्थन और वैसी ही सियासी लय बरकरार है। चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग दो चरणों में मतदान प्रस्तावित किया है। पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा 11 नवंबर को होगा। नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को खत्म हो रहा है, इसलिए उससे पहले चुनाव पूरे कर लिए जाएंगे। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर होगी, 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक दूसरे चरण के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर को होगी। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। गौरतलब है कि बिहार में कुल 243 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 2 सीटें अनुसूचित जनजाति और 38 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस बार का चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर वाला होने की उम्मीद है। चुनाव में एनडीए की अगुवाई मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं, जबकि महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का दबदबा है। बिहार चुनाव में इस बार कई नये प्रयोग किये जा रहे हैं जो आगामी चुनावों में पूरे देश में लागू होंगे। चुनाव आयोग ने इस बार कई नए नियम बनाए हैं ताकि वोटिंग आसान और निष्पक्ष हो। हर पोलिंग बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे। बूथ लेवल ऑफिसर अब अपनी पहचान के लिए आईडी कार्ड साथ रखेंगे। वोटरों को पोलिंग बूथ के बाहर मोबाइल फोन जमा करना होगा। हर बूथ पर 100 फीसद वेबकास्टिंग होगी ताकि पूरी प्रक्रिया की निगरानी हो सके। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बैलट पेपर में भी बदलाव किया गया है। अब बैलट पेपर पर उम्मीदवारों की तस्वीरें रंगीन होंगी, जिनमें चेहरा तीन-चौथाई हिस्सा कवर करेगा। सीरियल नंबर बड़े और बोल्ड अंकों में छपेंगे ताकि पढ़ने में आसानी हो। ये नये बैलट पेपर बिहार चुनाव में पहली बार इस्तेमाल होंगे। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को अपडेट करने का काम भी समय पर पूरा कर लिया है। यह काम 24 जून से शुरू हुआ था। राजनीतिक दलों ने आयोग से अपील की थी कि छठ पूजा के बाद तुरंत चुनाव कराए जाएं। छठ के समय बिहार में कई प्रवासी मजदूर अपने घर लौटते हैं, जिससे वोटिंग में ज्यादा लोग हिस्सा ले सकें। चुनाव आयोग ने संभवतः इस बात का ख्याल रखा है। क्योंकि चुनाव का पहला चरण छठ पूजा के महज एक सप्ताह बाद ही प्रस्तावित किया गया है। 2020 के विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुए थे। उस समय कोविड-19 की वजह से कई पाबंदियां थीं। इस बार ऐसी पाबंदियां नहीं होंगी। पिछले कई बार की तरह इस बार भी मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा और जोरदार होने वाला है। मौजूदा विधानसभा में एनडीए के पास 131 सीटें हैं, जिनमें बीजेपी की 80, जेडीयू की 45, हम (सेकुलर) की 4 और दो निर्दलीय शामिल हैं। महागठबंधन के पास 111 सीटें हैं, जिनमें आरजेडी की 77, कांग्रेस 19, सीपीआई (एमएल) की 11, सीपीआई (एम) की 2 और सीपीआई की 2 सीटें हैं। बिहार विधानसभा का हर चुनाव राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों, अध्येताओं के लिए बड़ा सब्जेक्ट होता है। इस बार भी जोरदार सियासी मुकाबला होगा और बाइपोलर चुनाव को प्रशांत किशोर की नयी-नबेली पार्टी एक तरह से त्रिकोणीय बनाकर बिहार में नया सियासी विमर्श खड़ कर दिया है। इसके क्या सियासी परिणाम होंगे यह तो बाद में मालूम होगा लेकिन दोनों गठबंधन जनसुराज से सतर्क हो गये हैं।



**बिहार चुनाव देश के सियासी इतिहास में हर बार एक नया अध्याय जोड़ता है, यह परंपरा कायम रहने की उम्मीद पूरी है।**

## विचार

जिस तरह पानी को कोई जल, कोई आब, कोई वाटर कहते हैं, उसी तरह एक ही सच्चिदानन्द परमेश्वर को कोई अल्लाह, कोई हरि, कोई गुरु, कोई गॉड कहकर पुकारते हैं।

–रामकृष्ण परमहंस.

जो भलाई से प्रेम करता है, वह देवताओं की पूजा करता है, अनादरणीय प्राणियों का सम्मान करता है और ईश्वर के निकट रहता है।

–इमर्सन.

जिंदगी में जिसे धीरज है और जो कभी मेहनत से नहीं घबराता, कामयाबी उसकी दासी है।

–दयानन्द सरस्वती.

भाषा मनुष्य की बुद्धि के सहारे चलती है, इसलिए जब किसी विषय तक बुद्धि नहीं पहुंचती तो भाषा अधूरी होती है।

–महात्मा गांधी.

# ज्ञान-विज्ञान के विशारद आदिकवि बाल्मीकि



अरविन्द जयतिलक

**बाल्मीकि रामायण ज्ञान का अथाह सागर है। मानव जीवन के लिए प्रकाशपूंज है। शोक और करुणा से निवृत्त होने का मंत्र और पवित्र जीवन का सम्यक मार्ग है। बाल्मीकि कृत रामायण न केवल भारत की महान धार्मिक सभ्यता और उसके मूल्यों को समझने का साहित्यिक एवं ऐतिहासिक साक्ष्य है, बल्कि भौतिक लोक की संजीवनी भी है।**



**जयंती पर विशेष**

बाल्मीकि जी राम नाम का उच्चारण नहीं कर पाते थे। तब नारद जी ने विचार करके उनसे मरा-मरा जपने के लिए कहा और मरा रटते ही यही राम हो गया। 'उल्टा नाम जपत जग जाना, बाल्मीकि भए ब्रह्म समाना।' निरंतर जाप करते-करते हुए बाल्मीकि जी ऋषि बाल्मीकि बन गए। विश्व के सर्वाधिक प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथों में सिरमौर रामायण जिसे आदि रामायण भी कहा जाता है और जिसमें भगवान श्रीराम के पवित्र एवं जनकल्याणकारी चरित्र का वर्णन है, के रचयिता महर्षि बाल्मीकि संसार के आदि कवि हैं। उनके द्वारा रचित रामायण एक ऐसा महाकाव्य है जो हमें प्रभु श्रीराम के आदर्श और पावन जीवन के निकट लाता है। उनकी सत्यनिष्ठा, पितृ भक्ति और भ्रातृ प्रेम, कर्तव्यपालन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराता है। रामायण हिंदु स्मृति का वह अंग है जिसके माध्यम से रघुवंश के राजा राम की कथा कही गयी है।

हिंदू कालगणना के अनुसार रामायण का रचनाकाल त्रेतायुग माना जाता है। रामायण से प्रेरित होकर गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमान जैसे महान महाकाव्य की रचना की। शास्त्रों में कहा गया है कि बाल्मीकि की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उन्हें रामायण की रचना करने की आज्ञा दी। ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से उनको समय से पूर्व ही रामायण की सभी घटनाओं का ज्ञान हो गया और उन्होंने संस्कृत भाषा में महान ग्रंथ रामायण की रचना की। चूंकि प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना बाल्मीकि ने की इस कारण इस ग्रंथ को आदि ग्रंथ और बाल्मीकि को आदि कवि कहा गया है। बाल्मीकि के जीवन चरित को लेकर समाज व साहित्य में कई तरह की भ्रांतियां प्रचलित हैं बाल्मीकि ने रामायण में श्लोक संख्या 7/93/16, 7/96/18 और 7/111/11 में स्वयं को प्रचेता का पुत्र कहा है। मनुस्मृति में प्रचेता को वशिष्ठ, नारद व पुलस्त्स्य का भाई बताया गया है। प्रचेता का एक नाम वरुण भी है और वरुण ब्रह्मा जी के पुत्र थे। यह भी माना जाता है कि बाल्मीकि वरुण अथवा प्रचेता के 10वें पुत्र थे और उनके दो नाम- अग्निशर्मा और रत्नाकर थे। समाज में एक किवदंती यह भी है कि बाल्यावस्था में रत्नाकर यानी बाल्मीकि को एक निःसंतान भीलनी ने चुराकर उनका पालन-पोषण किया। भीलनी का समुदाय बर्बर था। वन्य जीवों का शिकार और दस्युकर्म उनके जीवनयापन का मुख्य साधन था। चूंकि रत्नाकर यानी वाल्मीकि इन्हीं भीलों की संगति में रहते थे लिहाजा वे भी इन्हीं कर्मों में लिप्त हो गए। बड़े होकर वे भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए दस्यु कर्म करने लगे। एक बार जंगल में उनकी मुलाकात नारद मुनि से हुई। उन्होंने रत्नाकर को सत्य का ज्ञान कराया। रत्नाकर ने नारद जी से अपने किए गए पापों से उद्धार का मार्ग पूछा। नारद जी ने उन्हें तमसा नदी के तट पर राम-राम का जाप करने का परामर्श दिया।

रत्नाकर दस्युकर्म का परित्याग कर कठोर साधना में जुट गए। कहा जाता है कि वे राम-राम का जप करना भूल मरा-मरा का जप करने लगे। कई वर्षों तक कठोर तपस्या के उपरांत उनके पूरे शरीर पर चीटियों ने बांबी बना ली, जिसके कारण उनका नाम बाल्मीकि पड़ा। राम-राम की जगह मरा-मरा का जाप करने वाले वाल्मीकि के बारे में कहा जाता है कि एक बार वे क्रौंच (सारस) पक्षी के जोड़े को प्रेमालाप करते हुए निहार रहे थे तभी उसी समय एक बहेलिए ने पक्षी के जोड़े में से नर पक्षी का वध कर दिया और मादा पक्षी विलाप करने लगी। उसके इस विलाप से महर्षि बाल्मीकि की करुणामय हो गए और उनके मुख से स्वतः ही श्लोक फुट पड़ा-'मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकम् अवधीः काममोहितम।' इसका अर्थ यह हुआ कि 'अरे बहेलिए तूने काममोहित मैथुनरत क्रौंच पक्षी को मारा है। जा तुझे कभी भी प्रतिष्ठा की प्राप्ति नहीं होगी।' वाल्मीकि ने अपने रामायण में अनेक घटनाओं के घटने के समय सूर्य, चंद्र एवं अन्य नक्षत्र की स्थितियों का भी उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट जानकारी मिलती है कि बाल्मीकि ज्योतिष व खगोल विद्या के भी विद्वान थे। यही नहीं उन्होंने अपने महाकाव्य में अद्वितीय शैली में प्रकृति का चित्रण, संवाद-संयोजन और विषय का प्रतिपादन किया है। बाल्मीकि रामायण में दर्शन, राजनीति, नैतिकता, शासन कुशलता व मनोविज्ञान का भी विशद् वर्णन है। इसका तात्पर्य यह है कि महर्षि बाल्मीकि विविध विषयों के ज्ञाता थे। शास्त्रों में वर्णित है कि अपने वनवास के मध्य में भगवान श्रीराम बाल्मीकि के आश्रम में गए थे। तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में लिखा है कि 'देखत बन सर सैल सुहाए, बाल्मीकि प्रभु आश्रम आए।'

इस उद्धरण से स्पष्ट है कि बाल्मीकि भगवान श्रीराम के समकालीन थे। तुलसीकृत रामचरित मानस के अनुसार जब भगवान श्रीराम ने अपनी पत्नी सीता का परित्याग कर दिया तब बाल्मीकि ने ही सीता को प्रश्रय दिया। वाल्मीकि और उनका महाकाव्य रामायण का उल्लेख अग्नि पुराण, गरुड़ पुराण, हरिवंश पुराण, स्कंद पुराण, मत्स्य पुराण, महाकवि कालीदास द्वारा रचित रघुवंश, भवभूति रचित उत्तर रामचरित, वृहद धर्म पुराण जैसे अनेक प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। वृहद धर्म पुराण में इस महाकाव्य की प्रशंसा 'काव्य बींज सनातन्' कह कर की गयी है। काव्यगुणों की दृष्टि से रामायण अद्वितीय महाकाव्य है। मूर्धन्य विद्वानों का मानना है कि यह महाकाव्य संस्कृत काव्यों की परिभाषा का आधार है। यह महाकाव्य परवर्ती महाकाव्यों के रचनाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। 24 हजार श्लोक और सात अध्याय वाले बाल्मीकि कृत रामायण में राम महानायक हैं और कथावस्तु उनके ही चारों ओर ही घूमती है। महर्षि वाल्मीकि ने अपने महाकाव्य में राम को महामानव के रूप चित्रित किया है लेकिन ईश्वरीय गुणों से प्रतिष्ठित होने के बावजूद भी राम अपने किसी भी क्रियाकलाप से मानवेत्तर प्रतीत नहीं होते हैं।

यहां तक कि शत्रुओं का संहार करते समय भी उनके द्वारा वैष्णवी शक्ति का उपयोग नहीं हुआ है। उन्होंने सागर पर सेतु निर्माण में भी किसी मायाशक्ति का उपयोग नहीं किया। उन्होंने नर-वानरों के योगदान से सेतु का निर्माण किए। अपने भ्राता लक्ष्मण की मुर्च्छा को दूर करने के लिए उन्होंने संजीवनी लाने के लिए हनुमान जी को हिमालय भेजा। इस महाकाव्य में केवल राम व सीता के ही चरित्र का वर्णन नहीं है बल्कि दशरथ, कौशल्या, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव इत्यादि पात्रों के चरित्र को भी सशक्त तथा प्रेरक रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह ग्रंथ पितृभक्ति, भ्रातृ प्रेम, पातिव्रत्य धर्म, आज्ञापालन, प्रतिज्ञापूर्ति तथा सत्य परायणता की शिक्षा प्राप्त होती है। इस ग्रंथ में सभी चरित्र अपने धर्म का पालन करते हैं। राम एक आदर्श पुत्र हैं। पिता की आज्ञा उनके लिए सर्वोपरि है। पति के रूप में राम ने सदैव एकपत्नी व्रत का पालन किया। राजा के रुप में प्रजा के हित के लिए स्वयं के हित को हेय समझते हैं। बाल्मीकि के राम वीर्यवान, नीतिकुशल, धर्मात्मा, मर्यादापुरुषोत्तम, प्रजावत्सल, शरणागत को शरण देने वाले, तेजस्वी, विद्वान, बुद्धिमान, धैर्यशील, सुंदर, पराक्रमी और दुष्टों का संहार करने वाले हैं। रामायण भ्रातृभाव का भी अनुपम उदाहरण है।

## सोशल मीडिया

हम राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व का स्वागत करते हैं क्योंकि गाजा में शांति प्रयासों से निर्णायक प्रगति हुई है। बंधकों की रिहाई के संकेत एक महत्वपूर्ण कदम का संकेत है। पीएम मोदी.



आ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एडीए की सरकार ने विकास, सुशासन और समृद्धि की ओर बढ़ते हुए बिहार को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। शिवराज सिंह चौहान.



आगरा में मूर्ति विसर्जन जैसे पावन अवसर पर एक बार फिर सरकारी व्यवस्था में कमी से कई लोगों को जान गंवानी पड़ी, बीजेपी सरकार इंतजाम में नाकाम क्यों रहती है। अखिलेश यादव.



# चुनौतियों का सामना

## अंतर्दृष्टि

मनुष्य के रास्तों को कभी कठिनाइयां रोक नहीं पाती हैं। दुनिया के फलक पर ऐसे सितारों की बड़ी संख्या है जो तमाम अभावों का सामना करके आगे आये अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, प्रतिभा, त्याग और उपदेश से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन किया। विषम स्थितियों से सामना होने पर मनुष्य की भौतिक अंतः प्रतिभा जाग्रत होती है। सुप्त शक्तियों का विकास होता है। पत्थर पर रगड़ खाने वाला चाकू तेज होता है और वह अपने काम में अधिक कारगर साबित होता है। उसका स्वभाव, अनुभव और दिमाग मंज कर साफ हो जाता है, जिससे आगे बढ़ने में उसे बहुत सफलता मिलती है। इसके विपरीत जो लोग अमीर और साधन सम्पन्न घरों में पैदा होते हैं उन्हें जीवन की आवश्यक सामग्रियां प्राप्त करने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। लाड़, दुलार, ऐश, आराम के कारण उनकी प्रतिभा निखरती नहीं, वरन बंद पानी की तरह सड़ जाती है। यह निष्क्रिय चाकू की तरह जंग लगकर निकम्मी हो जाती है। आमतौर पर आजकल ऐसा देखा जाता है कि अमीरों के लड़के अपने जीवन में असफल रहते हैं और गरीबों के लड़के आगे चलकर चमक जाते हैं। पुराने जमाने में राजा रईस अपने लड़कों को ऋषियों के आश्रम में इसलिए भेज देते थे कि यहां रहकर अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करें और अपनी प्रतिभा को तीव्र बनायें।

हमारा उद्देश्य यह कहने का नहीं है कि अमीरी कोई बुरी चीज नहीं है और अमीरों के घर में पैदा होने वाले उन्नत जीवन नहीं बिता सकते। जहां साधन है वहां तो और भी जल्दी उन्नति होनी चाहिए। बढ़ई के पास बढ़िया लकड़ी और अच्छे औजार हों तब तो वह बहुत ही सुंदर फर्नीचर तैयार करेगा यह तो निश्चित है। हमारा तात्पर्य केवल यह कहने का है कि यदि जिन्दगी जीने की कला आती हो तो अभाव, कठिनाई या विपरीत परिस्थिति भी कुछ बाधा नहीं डाल सकती। गरीबी या कठिनाई में साधनों की कमी का दोष है तो प्रतिभा को चमकाने का गुण भी है। अमीरी में साधनों की बाहुल्यता है तो लाड़ दुलार और ऐशो आराम के कारण प्रतिभा के कुन्द हो जाने का दोष भी है। दोनों ही गुण दोषयुक्त हैं। किन्तु जो जीवन जीना जानता है, वह चाहे अमीर हो या गरीब, अच्छी परिस्थितियों में अनुकूलता और आनन्द प्राप्त कर सकता है। आनन्दमय जीवन बिताने के लिए धन, विद्या, अच्छा सहयोग, स्वास्थ्य आदि की आवश्यकता है। परन्तु ऐसा न समझना चाहिए कि इन वस्तुओं के होने से ही जीवन आनन्दमय बन सकता है। एक अच्छी पुस्तक लिखने के लिए कागज, दवात, कलम की आवश्यकता है।

# दिनोंदिन बढ़ रही चुनावी चकाचौंध

## व्यंग्यलोक

गुरु जी! हमारा देश अनादिकाल से ही उत्सवों, महोत्सवों, पर्वों की भूमि रहा है। यहां सूरज से लेकर धूर्त तक की पूजा, उपासना होती है। पूजा के मामले में हम बहुत लिबरल हैं। पर जबसे हम स्वतंत्र हुए हैं हमारी उत्सवों की धरती पर एक और महोत्सव मनाया जाने लगा है, और वह है , उत्सवों का उत्सव! चुनाव महोत्सव! और उत्सवों की आभा भले ही आज फीकी पड़ने लगी हो, पर चुनाव महोत्सव की चकाचौंध पिछले महोत्सव के मुकाबले अगले महोत्सव में दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ती ही जा रही है। महोत्सव के दिनों होने वाले खर्चे को देखकर अब तो लक्ष्मी, कुबेर भी परेशान होने लगते हैं। पांच सालों के बागी, निष्कासित, दलबदलू अपने गले में फूलों की मालाएं डलवा अपने घर लौटने लगते हैं। कई अपने हितार्थ बंधन मुक्त होते हैं तो कई अपने विकास की संभावनाएं देख नए गठबंधन में बंधते हैं। महोत्सव नजदीक आते ही वे कुछ भी करने को आमादा दिखते हैं। शुरू शुरू में यह उत्सव बड़ी सादगी से मनाया जाता था। पर धीरे धीरे जैसे जैसे इस उत्सव में वोटरों को अपनी हिस्सेदारी का पता चला, उत्सव में जीतकर आने वालों को अपनी संभावनाओं का पता चला, तबसे यह उत्सव खर्चीला होता गया।



अशोक गौतम

चुनाव महोत्सव की खासियत यह है कि यह महोत्सव महोत्सव होने की संभावित तारीख से पहले ही मनना शुरू हो जाता है। तब चुनाव जीत कर उन्मांद पर बसे धीरे धीरे वोटरों के बीच उतरना शुरू करते हैं, एक दूसरे के कार्यकर्ता आपस में भिड़ना शुरू करते हैं। सक्रिय तो सक्रिय, निष्क्रिय भी एकशन मोड़ में आ जाते हैं। एक दूसरे के खजानों पर छापे डलवाने का दौर शुरू होता है। चोर के विरुद्ध सीना तानकर चोर खड़ा होता है। जैसे ही इस महोत्सव को मनाने की आधिकारिक घोषणा हो, महोत्सव मनाने की आदर्श आचार संहिता लागू होती है, चारों ओर हुड़दंग शुरू हो जाते हैं। वह उत्सव ही क्या जिसमें हुड़दंग न हो। वोटरों तो वोटरों, बाजार, घर की दीवारों, पेड़ों के तनों तक से ये वे गले लगे मिलते हैं। चुनाव महोत्सव में गंगा में पानी से भी अधिक पैसा गली, बस्तियों में बहाया जाता है। बुद्धिजीवियों तक को उल्लू, उल्लू का परदादा बनाया जाता है। इस महोत्सव के आरंभ होते ही हर टाइप के नेता लोग अपनी अपनी जेब में अपने अपने हिसाब का खर्च लेकर अपने अपने वोटरों को सर्च करने निकल पड़ते हैं। इस महोत्सव में नेताओं द्वारा एक दूसरे के कपड़े उतारे जाते हैं, एक दूसरे के कपड़े फाड़े जाते हैं। जो मन में आए बका जाता है। कोई किसी को कुछ नहीं कहता... और जैसे ही महोत्सव के आखिरी दिन वोटर अपने वोट का दान इन्हें देता है उसके तुरंत बार अगली घोषणा तक चुनाव महोत्सव बंद जाता है।

# विश्व व्यापार में सिरदर्द बन गये हैं समुद्री लुटेरे



## सामयिक

एक ऐसे दौर में, जब पलक झपकने भर की देरी में कोई खबर दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंच जाती है, ग्लोबल लीडर एक ही दिन में धरती के एक छोर में नाश्ता करते हैं और डिनर के लिए धरती के दूसरे छोर में मौजूद होते हैं। उस दौर में अगर समुद्री लुटेरे मध्य युग की याद दिलाएं तो यह सब मजाक जैसा ही लगता है। मगर यह मजाक कतई नहीं है। हाल के सालों में लगातार समुद्री डकैतियों की संख्या बढ़ी है। साल 2023 की पहली छमाही में समुद्री लुटेरों द्वारा समुद्र के बीचोंबीच मालवाहक जहाजों को अगवा करने की 65 घटनाएं घटीं, जिसमें 57 में ये बकायदा हमला करने में सफल रहे थे और चार जहाजों पर हमला करने का इनका प्रयास असफल गया था। दो का इन्होंने अपहरण कर लिया था और दो व्यापारिक जहाजों से लुटेरों के साथ जबरदस्त गोलीबारी हुई थी।

हैरानी की बात यह है कि समुद्री लुटेरों ने जिन भी जहाजों पर हमला करने का लक्ष्य किया, उसमें से 90 प्रतिशत जहाजों पर वे हमला करने में सफल रहे थे यानी इन पर वह चढ़ गये थे। 14 चालक दलों का इन्होंने अपहरण किया था, दो को इन्होंने जबरदस्त घायल कर दिया था और करोड़ों डॉलर की वसूली की थी। महज जनवरी से जून 2023 के बीच समुद्री लुटेरों के आतंक का यह ब्यौरा इसलिए डराता है, क्योंकि हर गुजरते साल के साथ समुद्री डकैती की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। गुजरी 4 जनवरी 2024 की शाम, समुद्री लुटेरों की ऐसी ही एक हरकत की खबर भारतीय नौसेना को समुद्री सुरक्षा की निगरानी करने वाले संगठन 'यूनाइटेड किंगडम मैरीन ट्रेड ऑपरेशन' (यूकेएमटीओ) से मिली। वास्तव में इसने अपने ही पोटेल में एक संदेश फ्लैश किया कि हथियारों से लैस पांच छह अज्ञात हमलावर दोपहर करीब सवा तीन बजे व्यापारिक जहाज एमवी लीला नॉरफॉक को इंटरसेप्ट (अगवा) कर लिया है। इस जानकारी के बाद भारतीय नौसेना फौरन हरकत में आयी और इसका जहाज आईएनएस चेन्नई सोमालिया के करीब अगवा किये गये व्यापारिक जहाज की तरफ बढ़ा। इस दौरान आईएनएस चेन्नई पर प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन और इंटीग्रल हीलोज के जरिये इस पर लगातार नजर रखी गई। जैसे ही आईएनएस चेन्नई अगवा जहाज के पास पहुंचा, अपने हेलीकॉप्टर लांच कर दिए और आनन फानन में नौसेना के मार्कोस कमांडो अगवा जहाज पर उतर गये। इसके पहले रास्ते में ही अपहरणकताओं को संदेश जारी कर दिया गया था कि भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो रवाना हो चुके हैं, इसलिए भलाई इसी में है कि वे जहाज छोड़कर भाग जाएं वरना लुटेरों की खैर नहीं होगी। मार्कोस का समुद्री डाकुओं पर बहुत खौफ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब मार्कोस कमांडो अगवा जहाज के डेक पर हेलीकॉप्टर के जरिये उतरे, तब तक सोमालिया के हथियारबंद लुटेरे जहाज छोड़कर भाग चुके थे।

इस तरह सोमालिया के लुटेरों से भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो ने अगवा कार्गो शिप को बचा लिया, जिसके 21 क्रू मेंबर्स में 15 भारतीय थे। भारतीय नौसेना ने इतनी तेजी से यह कार्यवाई की कि चार घंटो के भीतर ही समुद्री लुटेरे पस्त होकर भाग खड़े हुए। लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के सबसे अहम समुद्री गलियारे पर इन दिनों समुद्री लुटेरों का आतंक है। एक दशक पहले बीबीसी ने समुद्री लुटेरों के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में होने वाले नुकसान से संबंधित एक व्यापक रिपोर्ट छापी थी, जिसके मुताबिक हर साल 12 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान समुद्री व्यापार को ये उठाईगीर आतंकी कर रहे हैं। जाहिर है अब यह नुकसान और ज्यादा बढ़ चुका होगा, क्योंकि लगातार समुद्री डकैतियों में इजाफा हो रहा है। सबसे बड़ी बात ये है कि इन डाकुओं पर नौसेनाओं द्वारा निगरानी रखने के कारण हर साल अरबों रुपये इस प्रक्रिया में खर्च हो रहे हैं और अगर खर्च का आंकलन किया जाए तो अफ्रीका के तटों को छोड़कर दूर के रास्तों से गुजरने के कारण अरबों डॉलर का खर्च अलग से बढ़ गया है। लब्बोलुआब ये कि पूर्वोत्तर अफ्रीका, नाइजीरिया, गिनी की खाड़ी और मल्लका जलडमरू मध्य के आसपास जिस तरह से समुद्री लुटेरों ने अपना आतंक बनाया है, उससे वैश्विक व्यापार के लिए ये एक बड़े सिरदर्द के रूप में उभरे हैं। जितना जल्दी हो सके दुनिया को एकजुट होकर इनका सफाया करना चाहिए वरना ये आगे बढ़ती दुनिया को सदियों पीछे धकेल देंगे।

**– नरेन्द्र शर्मा.**

## आपकी बात

### औद्योगिक विकास

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है।

जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में तेज विकास होगा।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

### रोजगार अवसरों को बढ़ायें

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.**

संक्षेप

## भाई ने ली भाई की जान, पुलिस जांच में जुटी

**आगरा।** ताजगंज थाना क्षेत्र में भैंस भूरे को लेकर विवाद में भाई की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुकेश कुशवाह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों भाइयों के बीच विवाद भाई का गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया और तीन भाईयों में दूसरे नम्बर के भाई मृत्यु हो गई। बजहेरा गांव में भाई-भाई के विवाद ने दुखद घटना को जन्म दिया। दोनों भाइयों के बीच भैंस भूरे को लेकर झगड़ा हुआ, जो धीरे-धीरे हाथापाई में बदल गया। इस दौरान छोटे भाई पर बड़ा भाई द्वारा गला दबाने का आरोप लगाया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान मुकेश कुशवाह के रूप में हुई है। घटना में मृतक के तीन भाई थे। सबसे बड़े भाई का नाम श्री कृष्णा है, दूसरा सबसे छोटा नरेंद्र और तीसरे नंबर पर मुकेश थे। विवाद में मुख्य तौर पर श्री कृष्णा और मुकेश शामिल थे, जिसमें मुकेश की मौत हुई। मृतक मुकेश के कुल सात बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटे और चार बेटियां शामिल हैं। सबसे बड़ा बेटा 18 वर्ष का है, दूसरा 10 वर्ष का और तीसरा 7 वर्ष का है। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आगरा के एसीपी अरीव अहमद ने बताया कि दोनों भाइयों में भैंस भूरे को लेकर विवाद हुआ था, जो गले मिलने वाले झगड़े में बदल गया। उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पूरे गांव में घटना के बाद शोक और तनाव का माहौल है। परिवार और पड़ोसियों में भारी दुख व्याप्त है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

## श्मशान घाट में चिता सजाने वाले युवक को दी मौत

**आगरा।** श्मशान घाट में चिता सजाने वाले युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उसकी आंख फोड़ दी, जबड़ा तोड़ दिया और चेहरे को काट डाला गया। पुलिस हत्या के इस मामले में जांच में जुट गई है। ताजगंज श्मशान घाट में चिता लगाने का कार्य करने वाला शमसुद्दीन रविवार को घायल मिला था, उसकी इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। पुलिस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक शमसुद्दीन (27) ताजगंज का रहने वाला था। वह पिछले तीन वर्षों से ताजगंज श्मशान घाट में चिता लगाने का कार्य करता था। मृतक के भाई बसरुद्दीन ने बताया कि रविवार को शमसुद्दीन के साथ कार्य करने वाले तीन लोग घर पर आए थे। उन्होंने भाई के घायल अवस्था में पड़े होने की बताई थी। इसके बाद बशीरुद्दीन श्मशान घाट गए। वहां शमसुद्दीन का बुरी तरह जख्मी था। जबड़ा टूटा हुआ था, आंख बाहर निकली थी। अभी उसी की हालत में पड़ा था। 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आकर एंबुलेंस से शमसुद्दीन को एस एन अस्पताल भेज दिया। जहां रविवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसीपी सैयद आरिफ अहमद नें बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## जीएसटी स्लैब परिवर्तन से सभी वर्गों के लोगों को मिल रहा लाभ, उदय प्रताप

**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा टूंडला की एक आवश्यक बैठक एटा रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें विधानसभा के जनप्रतिनिधि गण पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री आगामी अभियान संयोजकों एवं सहसंयोजकों एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने देश की जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जीएसटी के स्लैब में किए गए व्यापक परिवर्तन करने के कारण दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं की कीमत में गिरावट से समाज के सभी वर्गों गरीब मजदूर किसानों व्यापारियों महिलाओं को लाभान्वित करने का कार्य किया है, किसानों को कृषि यंत्रों ट्रैक्टर और खेतों की दवाइयां की कीमत में कमी की गई है मकान बनाना सस्ता हो गया सीमेंट एवं लोहे की कीमत में गिरावट आई है दैनिक वस्तुओं की कीमतों में भी व्यापक गिरावट की गई है पहले 5% से 28% तक जीएसटी लगती थी जो अब शून्य से 18% तक की गई है जिसके कारण जनमानस को लाभ मिल रहा है उन्होंने आगे बताया कि कल दिनांक 7 अक्टूबर मंगलवार 11 बजे टूंडला में बेनीवाल गार्डन में जीएसटी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# शरद पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की छटा हुई निराली

मधुसूदन शर्मा

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि का परंपरागत शरद् महोत्सव आज सोमवार शरद पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में शरद् महोत्सव समिति के विशिष्ट सहयोग एवं अथक प्रयासों से बड़ी ही भव्यता एवं दिव्यता से मनाया गया।श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्रीकेशवदेव मंदिर प्रांगण को

● चन्द्रलोक में विराजमान हो ठाकुरजी ने दिये दर्शन



चन्द्रलोक का स्वरूप प्रदान किया गया।ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भगवान चन्द्रमा में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। बड़ी संख्या में देश-विदेश से पधारे श्रद्धालु चन्द्रलोक में विराजमान भगवान श्रीकशवदेवज के दर्शन कर जय-जयकार कर उठे।

भगवान श्रीगिरिराज जी मंदिर प्रांगण को श्वेत धवल चाँदनी के समान श्वेत वस्त्र एवं प्रकाश से श्रीगोवर्धन धाम का स्वरूप प्रदान किया गया।ऐसी शरद् छटा में श्रीगिरिराज जी के छप्पनभोग के दर्शन कर भक्तजन अभिभूत हो उठे। शरद पूर्णिमा के प्रातःकाल से ही श्रद्धालु भक्तों को खीर महाप्रसाद, मालपुआ आदि भण्डारा प्रसाद वितरण किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शरद पूर्णिमा के इस विशिष्ट प्रसाद को प्राप्त किया।संयकाल 6 बजे श्रीकृष्ण जन्मभूमि के सिद्ध पवित्र लीलामंच पर आयोजित भजन संध्या से संपूर्ण परिसर को आनन्द में सराबोर कर दिया। सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री गुंजन तिवारी-गुनगुन तिवारी एवं श्री संदीप एवं उनके सहयोगी कलाकारों ने अपने रसमयी वाणी से भक्तों को आनन्द से सराबोर कर दिया।

वृन्दावन से पधारे कलाकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अति विशिष्ट श्रीकृष्ण चबूतरा पर उपस्थित भक्तों को प्रिया-प्रियतम की अत्यन्त मनोहारी लीला, महारास के दर्शन कराये। चन्द्रमा की धवल चाँदनी में श्रीकृष्ण चबूतरा पर आयोजित महारास साक्षात प्रिया-प्रियतम की कृपानुभूति करा रहा था।संस्थान के सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर आयोजित शरद् पूर्णिमा महोत्सव निश्चित रूप से श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गरिमा एवं सभी कृष्ण भक्तों की भावना के अनुरूप आयोजित हो रहा है और निरन्तर इसकी शोभा में वृद्धि हो रही है।

इस आयोजन को भव्य एवं भावमय बनाने के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारी एवं शरद महोत्सव समिति के गौरव अग्रवाल सजावट वाले, कन्हैया लाल रंगवाले, गजानन साड़ी वाले, राहुल गोयल, प्रतीक शर्मा, अमित गुप्ता, अनिल भाई, पंकज अग्रवाल एवं बालमुकुंद अग्रवाल आदि सेवाभावीजन का विशिष्ट सहयोग रहा।

### श्री केशव देव महाराज चंद्रलोक में विराजे

मथुरा। प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव जी महाराज में शरद पूर्णिमा महोत्सव के द्वितीय दिवस भव्य आयोजन हुआ। सुबह सेवायतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ठाकुर जी का पंचामृत अभिषेक किया। इसके बाद ठाकुर जी को रजत सिंहासन पर सफेद पोशाक धारण कराकर फूल बंगले में ॄचंद्रलोकॄ स्वरूप में विराजमान कराया गया। मंदिर प्रांगण दूधिया रोशनी से ऐसे जगमगा उठा, मानो भगवान स्वयं चंद्रमा के मध्य विराजे हो।

ठाकुर जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए तथा 251 किलो दूध, मेवा और कैसर से बनी खीर का प्रसाद चढ़ाया गया। प्रसाद वितरण में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

कार्यक्रम में महिला मंडल ने उपा गोस्वामी के नेतृत्व में ठाकुर जी के मनमोहक भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए, जिनसे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। खीर वितरण व्यवस्था में दीपक शर्मा, मनमोहन सर्राफ, नारायण प्रसाद शर्मा, सोहनलाल शर्मा, बृजनंदन शर्मा, मुकट मणि शर्मा और दिलीप पांडे सक्रिय रहे।

## नेपाल के छह लोग घायल

मथुरा। यमुना एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। किलोमीटर संख्या 63 पर आगरा से नोएडा की ओर जा रही एक वैगनार कार ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार नेपाल के छह लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है। घायलों के परिजनों से संपर्क साधने का प्रयास किया जा रहा है।

घायलों में कार चालक विकास शर्मा (निवासी गुड़गांव, हरियाणा) और नेपाल मूल के पांच अन्य लोग शामिल हैं। इनमें सविता (25), उनका तीन वर्षीय पुत्र हेमता, राजू उर्फ राजकुमार (13), लक्ष्मी और सुनीता शामिल हैं।

सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील भेजा गया, जबकि एक अज्ञात नेपाली व्यक्ति को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही बाजना कट चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया।

# संस्कृति विवि में राष्ट्रीय नर्सिंग कॉन्फ्रेंस में साक्ष्य आधार







जिला संवाददाता

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में ॄरोल ऑफ एविडेंस बेस्ड प्रैक्टिसेज एंड यूज ऑफ हैल्थ टेक्नोलॉजी इन इम्प्रोविंग पेशेंट्स आउटकम्सॄ विषय पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि, सभापति एसटी/एसटी कल्याण संबंधी समिति, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विशिष्ठ अतिथि श्रीमती प्रतिभा शुक्ला जी, राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तरप्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि मथुरा-वृन्दावन विधायक श्रीकांत शर्मा, विशेष अतिथि डॉ आई क्लेमेंट, श्रीमान सुरेश गौतम ने रोगियों रोगियों के परिणाम में सुधार लाने के लिए साक्षय आधारित प्रथाओं और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के उपयोग की भूमिका पर अपने उपयोगी संबोधन दिए।

इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के मंच पर और मंच पर संस्कृति विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एम. बी. चेट्टी, एनटीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. फारुख खान, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. पूनम ठाकुर, ऑर्गनिसिंग सेक्रेटरी व प्रदेश अध्यक्ष एनटीएआई प्रो. धीरज पाराशर, डिप्टी ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेटरी मुकुल पाठक, यूनिवर्सिटी डीन डॉ यू. पूंगोड़ी, प्राचार्य के. के. पाराशर भी उपस्थित रहे।स्पीकर डॉ. स्मृति अरोरा, डॉ. सुषमा कुमारी सैनी, डॉ अनु गौबा ने भी अपने उपयोगी विचार साझा किए। मॉडरेटर प्रो. डॉ प्रिस्चिल्ला सेमसन, श्रीमती आशा यादव, डॉ. अशोक काशीराम शर्मा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।इस दौरान कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2025 में चयनित 22 राष्ट्रीय नर्सिंग शिक्षकों को, टीचर्स रत्न पुरस्कार एवं दो शिक्षकों को राष्ट्रीय सर्वोत्तम नर्सिंग शिक्षक पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। कांफ्रेस में दूर दराज से आए कुल 310 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ।

### सीडीओ ने जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति की बैठक

मथुरा। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना 2026-27 के सम्बन्ध में जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ एवं सांख्यकि अधिकारी, डी.ओ. (ए.जी.) उपस्थित रहे।

तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं.) वर्चुअल माध्यम से बैठक से जुडे रहे। बैठक में समस्त को अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय सीमा में ग्राम पंचायत में विकास योजना से सम्बन्धित बैठक का आयोजन किया जाय, जिसके सम्बन्ध में सर्वप्रथम समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपनी अध्यक्षता में विकास खण्ड स्तरीय समस्त सहयोगी विभागों की एक बैठक आयोजित करें एवं समस्त विभागों को निर्देशित करें कि ग्राम पचायत में तैयार की जाने वाली विकास योजना के सम्बन्ध में आयोजित बैठकों में सम्मिलित होकर अपने सुझाव एवं प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

जिला पंचायत राज अधिकारी अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाली सभा में बाल सभा, महिला सभा, वार्ड सभा तीन प्रमुख सभायें आयोजित की जानी है।

# पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश हुआ ढेर

**फिरोजाबाद।** 50 हजार रुपए का इनामियाँ फरार शातिर लुटेरा अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया।जिसको उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया जहाँ चिकित्सकों द्वारा उसको मृत घोषित कर दिया गया। मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश द्वारा की गयी फायरिंग में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज चौधरी की बुलेट प्रुफ जैकेट में गोली लग गई जिससे वह बाल बाल बचे साथ ही प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ संजीव दुबे भी घायल हो गए। बता दें दिनांक 04-10-2025 को थाना मक्खनपुर, थाना शिकोहाबाद, थाना रामगढ व एसओजी सर्विलांस मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 30-09-2025 को थाना मक्खनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम घुनपई के पास जीके कम्पनी की गाडी से 2 करोड़ रुपए कैश लूट की घटना को अंजाम देने वाले 06 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 01 करोड़ 05 हजार तीन सौ दस रुपए,



लूट के रूपयों से खरीदा गया एक आईफोन कीमत 55 हजार रुपए व लूट के रूपयों से खरीदी गयी एक मोटरसाइकिल की रसीद कीमत 01 लाख रुपए अवैध असलहा मय कारतूस व लूट की घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन बरामद किए गए थे। पुलिस टीम द्वारा लूट के मुख्य सरगना नरेश को अन्य कैश बरामदगी को ले जाया जा रहा था तभी बदमाश पेट दर्द का बहाना बनाया और शौच करने के दौरान मौका पाकर हथकड़ी सहित फरार हो गया था।जिस पर जनपद में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया सघन चैकिंग अभियान व कॉबिंग की गई, हथकड़ी लगी संग फरार हुए शातिर दुर्दांत लुटेरे अभियुक्त नरेश की गिरफ्तारी पर पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। नरेश शातिर एवं दुर्दांत अपराधी है जो पिछले एक दशक से लूट एवं गम्भीर अपराधों में शामिल है जिसके द्वारा अपने साथियों के साथ गैंग बनाकर लूट की घटनाएँ कारित की गयी हैं। रविवार को ए एस पी ग्रामीण अनुज चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम की हलपुरा अण्डर पास एनएच 19 बनीपुर के जंगलों के पास फरार शातिर लुटेरा अभियुक्त नरेश से पुलिस मुठभेड़ ही गई जिसमें बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी जिसमें एएसपी अनुज चौधरी की बुलेट प्रूफ जैकेट में एक गोली लगी जिससे वह बाल बाल बचे, अगर बुलेट प्रूफ जैकेट न होती तो एएसपी की जान जा सकती थी, मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में बदमाश के गोली लगी जिससे वह घायल हो गया जिसको पुलिस टीम द्वारा उपचार हेतु अस्पताल पहुँचाया गया। जहाँ चिकित्सकों द्वारा उसको मृत घोषित कर दिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 पिस्टल 32 बोर, 01 रिवाल्वर भारी मात्रा में खोखा कारतूस व मौके से एक बैग बरामद किया गया गया है जिसमें भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही की है।

### स्कूलों में हर रोज हो हनुमान चालीसा का पाठ

आगरा। शमशाबाद के गांव खेड़ा में विशाल संत सम्मेलन और हिंदू जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के संत महामंडलेश्वर कथावाचक मौजूद रहे।

संत सम्मेलन में सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लिया गया, एवं हिंदू जन जागरण का संकल्प लिया गया। इस्लामिक जिहाद के खिलाफ, लव जिहाद धर्मांतरण के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। महंत मोहिनी बिहारी शरण जी महाराज ने 11 सूत्रीय मांगों का प्रस्ताव रखा गया। योगी यूथ ब्रिगेड धर्म रक्षा ट्रस्ट के छठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस सम्मेलन में श्री हरिदास पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर श्री स्वामी राधा प्रसाद देव महाराज, श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि महाराज, फिल्म निर्देशक एवं निमार्ता अमित जानी, सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता नाजिया इलाही खान, यति आस्था मां गिरी आदि उपस्थित रहे।

# एक-दूसरे को चेन बनाकर बचाने में सभी डूबे, आगरा में 6 शव मिले

**आगरा।** हम 6 लोग ऊटंगन नदी के किनारे थे। मेरे दोस्त भगवती और हरेश समेत 7 लोग नहा रहे थे। उनके कमर तक पानी था। वह दो कदम आगे बढ़े तो एक दम से गहरे पानी में चले गए। हरेश चिल्लाया। हम पांचों लोग चेन बनाकर वहां पहुंचे। नदी में डूब रहे भगवती और हरेश का मैंने हाथ थाम लिया। हाथ पकड़कर उन्हें खींचने लगा। मैं दो कदम आगे और बढ़ा, तभी मैं भी गहरे गड्ढे में चला गया। इसी बीच सबके एक-दूसरे से हाथ छूट गए। चंद सेकेंड में सभी 12 लोग पानी में समा गए। तभी मेरा हाथ पकड़कर किसी ने बाहर खींच लिया। उस दिन मैंने मौत देखी। ये कहना है 26 वर्षीय विष्णु का। विष्णु उन 12 युवकों में शामिल था, जो 2 अक्टूबर को आगरा के खेरागढ़ स्थित ऊटंगन नदी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में डूब गए थे। वह भाग्यशाली निकला और लोगों ने उसे बचा लिया। अब तक 6 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। 5 युवकों का पांचवें दिन भी पता नहीं चल सका है। सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन जारी है। गांव में चार दिन से सन्नाटा है, घरों में चूल्हे नहीं जल रहे हैं। सिर्फ रोने की आवाजें आ रही हैं। पड़ोसी गांव के लोग खाना पहुंचा रहे हैं। विष्णु खेरागढ़ सीएचसी में भर्ती है। वह सदमे में है। परिजन उसे लगातार हौसला दे रहे हैं। बातचीत में विष्णु ने बताया कि 2 अक्टूबर की दोपहर हम सभी लोग देवी प्रतिमा विसर्जित करने के बाद नहाने के लिए नदी में चले गए। हम सभी लोग किनारे की तरफ नहा रहे थे। वहां कमर के बराबर पानी था। तभी 7 लड़के नदी में आगे बढ़ने लगे। दो कदम बढ़े ही थे कि एक-एक कर सभी डूबने लगे। इनमें मेरा पक्का दोस्त भगवती और हरेश भी था। किनारे पर खड़े हम 5 लड़के बचाने के लिए आगे बढ़े। हम लोगों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चेन बनाकर आगे बढ़ रहे थे। मैंने भगवती के हाथ को पकड़ लिया। भगवती के हाथ को हरेश ने पकड़ा। फिर अन्य लड़कों ने भी उन्हीं दोनों का हाथ पकड़ा। मैं और अन्य लोग डूब रहे लोगों को खींचने लगे। इसी बीच मैं एक कदम आगे बढा तो मैं भी गहराई में चला गया। इसी बीच सबका हाथ छूट गया। सिर्फ भगवती का हाथ मेरे हाथ में था। मैं पानी में डूबने-उतराने लगा। इसी बीच मेरा पैर नदी के अंदर कीचड़ में धंस गया। मेरी सांसें फूलने लगी। मैं डूबने लगा था, इसी बीच किसी ने मेरा हाथ पकड़ जोर से बाहर खींचा। मुझे बाहर निकालने वाला कौन था, मुझे याद नहीं। मैं बेहोश हो चुका था। मेरी आंख जब खुली तो मैं अस्पताल में था। नदी में डूबे सभी युवक आगरा की खेरागढ़ तहसील के कुसियापुर गांव के रहने वाले हैं। ये गांव आगरा से 45 किमी दूर और राजस्थान बॉर्डर से सिर्फ 500 मीटर पहले है। 2500 आबादी वाले इस गांव में न बच्चों का शोर सुनाई दे रहा है और न ही गलियों में आवाजाही। दूर-दूर तक गांव में सन्नाटा है। गांव में सिर्फ महिलाएं हैं। गांव के सभी पुरुष ऊटंगन नदी किनारे युवकों के बाहर निकाले जाने की राह में पांच दिन से डेरा डाले हुए हैं। जिन परिवारों के लड़के नदी में डूब गए, उनके घरों से सिर्फ रोने की आवाजें आ रहीं। रिश्तेदार-गांव के लोग उनके घर पहुंचकर सांत्वना दे रहे हैं। पूरा गांव गमगीन है। तमाम घरों में चूल्हे नहीं जले हैं। पड़ोसी गांव के लोग भी दुख बांटने पहुंच रहे हैं। पड़ोसी गांव डुंगरपुर के लोग रिक्शे से खाना पहुंचा रहे हैं। गांव के युवक रिक्शे में बड़े-बड़े भगोनों में पूड़ी-सब्जी लेकर हर घर जा रहे हैं। मना करने के बावजूद वे उनके घरों में खाना रखकर आ रहे हैं। गांव में बीचोबीच में गजेंद्र का घर है। गजेंद्र भी डूबने वाले युवकों में शामिल हैं। उनकी मां विमलेश घर के अंदर हैं। गांव की महिलाएं उन्हें घेरे बैठी हैं। मां को रोता देख महिलाएं भी अपने आंसू रोक नहीं पा रही थीं।4 दिन से घर में मातम है। मां की आंखें सूज गई हैं। बेटे की याद में मां चार दिनों से बिना खाए-पीए सिर्फ रो रही। आने-जाने वालों से वह एक बात कहती- मेरे लाल को वापस ला दो। गजेंद्र के घर से चंद कदमों की दूरी पर ही सचिन का घर है। सचिन की भी तलाश चार दिनों से हो रही। वह भी उन 7 युवकों में है, जिनको नदी से नहीं निकाला जा सका है। सचिन के घर के सभी पुरुष घटनास्थल पर ही डेरा डाले हुए हैं। घर पर उसकी मां तथा अन्य रिश्तेदार हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। महिलाओं की स्थिति सबसे खराब है। दूर-दूर तक इनके रोने की आवाज ही सुनाई दे रही है। ऊटंगन नदी में मूर्ति विसर्जन के दिन 13 युवक नदी में डूब गए थे। 5 युवकों की तलाश अभी भी जारी है।

## मिशन शक्ति फेज-05 के तहत साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद के प्रभारी थाना साइबर अपराध मय पुलिस टीम द्वारा सोमवार को एम.जी इंटर कॉलेज में साइबर अपराध जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से जागरुक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सम्मान महिला हेल्पलाइन नंबर 1090,112,181,1098, साइबर क्राइम से बचाव,कानूनी अधिकार, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता तथा घरेलू हिंसा उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित कार्रवाई जैसे विषयों पर जागरूक किया गया।इस अवसर पर साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों एटीएम,डेबिट कार्ड फ्रॉड ओटीपी फ्रॉड सोशल मीडियाअकाउंट हैकिंग ऑनलाइन शॉपिंग फिशिंग फ्रॉड फर्जी कॉल एवं केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी एवं उनसे बचाव हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से साइबर अपराधों के उदाहरण समझाए गए व इन अपराधों से बचाव के तरीके बताए गए तथा छात्रों एवं आमजन को भी इनसे जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बताया कि डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करते समय सतर्क रहें,किसी भी संदिग्ध लिंक कॉल संदेश पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें। किसी भी साइबर अपराध संबंधी सूचना तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा आने जाने वाली महिलाओं व लडकियों पर अश्लील कमेन्ट कर फब्तियाँ कसने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सोमवार को थाना नारखी मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान आने जाने वाली महिलाओं व लडकियों पर अश्लील कमेन्ट कर फब्तियाँ कसने वाले अभियुक्त सलीम पुत्र बलुआ उर्फ बल्लू खाँ को नगला रामकुवर कैप्टन रामसिंह इण्टर कालेज थाना क्षेत्र नारखी से गिरफ्तार किया गया।जिसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है।

## 1किलो 185 ग्राम गांजे सहित 2 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों को 01 किलो 185 ग्राम अवैध गाँजा सहित गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान दो अभियुक्तगण योगेश उर्फ ओके पुत्र सुरेश निवासी ऐलानी नगर आशफाबाद थाना रसूलपुर व जीतू पुत्र छोटे लाल निवासी सती नगर थाना रसूलपुर क्षेत्र फिरोजाबाद को 01 किलो 185 ग्राम अवैध गाजे के साथ बरी चौराह फतेहाबाद रोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना पर एन.डी.पी.एस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## मथुरा में झमाझम बारिश से लोगों को हुआ सर्दी का अहसास



**मथुरा।** सोमवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह तक तेज धूप और उमस से बेहाल लोग जहां गर्मी से परेशान थे, वहीं दोपहर में अचानक काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज गर्जना के बीच झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। शहर में करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश ने जगह-जगह जलभराव की स्थिति बना दी। गलियों और सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों की छतों और छज्जों के नीचे खड़े नजर आए। वहीं, कुछ लोग छाता और पॉलिथीन का सहारा लेकर भीगने से बचते हुए अपने गंतव्य तक जाते दिखाई दिए। बारिश ने जहां आम लोगों को तपिश से राहत दी, वहीं किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। वर्तमान समय में धान की कटाई और बाजार की फसल की तुड़ाई तेजी से चल रही है। ऐसे में अचानक हुई भारी बारिश खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। किसानों का कहना है कि धान की फसल अब कटाई योग्य अवस्था में है, यदि पानी खेतों में भर गया तो काफी नुकसान हो सकता है। आज शरद पूर्णिमा होने के चलते बदलते मौसम ने सर्दी का अहसास भी दिला दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। कुल मिलाकर, झमाझम बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी है, वहीं किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

## करवा चैथ की तैयारियां हुई तेजः कुम्भकार बना रहे मिट्टी के करवे



**मथुरा।** करवा चैथ पर्व नजदीक आने के साथ ही मथुरा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस पावन पर्व के लिए महिलाएं जहां खरीदारी में जुटी हैं, वहीं स्थानीय कुम्भकार समुदाय ने मिट्टी के पारंपरिक करवों का निर्माण कार्य बढ़ा दिया है। परंपरागत रूप से करवा चैथ पर सुहागिनें मिट्टी के करवे में जल भरकर चंद्रमा को अर्घ्य देती हैं और अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। यह धार्मिक परंपरा इस पर्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी परंपरा को ध्यान में रखते हुए गोवर्धन के कुम्भकार इन दिनों दिन-रात करवे बनाने में लगे हैं। स्थानीय कुम्भकारों ने बताया कि उन्होंने इस बार पहले से ही करवों का पर्याप्त स्टॉक तैयार कर लिया है, ताकि मांग बढ़ने पर किसी तरह की कमी न हो। बाजार में प्रत्येक करवे की कीमत 20 रुपये निर्धारित की गई है, जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती है। कुम्भकार समाज से जुड़े कारीगर हरपाल कुम्भकार ने बताया, ॄहर साल करवा चैथ के करीब आते ही करवों की मांग बढ़ जाती है। इस बार हमने समय रहते निर्माण शुरू कर दिया है।ॄ हरपाल कुम्भकार ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मिट्टी के करवे की विशेष मांग रहती है, क्योंकि यह पर्व की परंपरा और सांस्कृतिक भावनाओं से जुड़ा है। करवा चैथ के कारण स्थानीय हाट बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है, और व्यापारी अच्छे कारोबार की उम्मीद कर रहे हैं।

संक्षेप

## काइनेटिक ग्रीन ने पेश किया ई-लूना प्राइम

पुणे। काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आज ई-लूना प्राइम लॉन्च करने की घोषणा की। यह खास तौर पर भारत के रोजमर्रा के यात्रियों के लिए तैयार की गई इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशन है। ई-लूना प्राइम आधुनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक का इस्तेमाल करते हुए उन लाखों यात्रियों की जरूरतों को पूरा करती है, जो किफायती होने के साथ-साथ आकर्षक, प्रैक्टिकल, दमदार और भरोसेमंद निजी वाहन चाहते हैं—चाहे वे शहर में हों या ग्रामीण इलाकों में।आइकॉनिक ब्रांड ई-लूना की शानदार सफलता के बाद—जिसने अपने लॉन्च के कुछ ही महीनों में 25,000 से अधिक यूनिट्स बेची हैं—काइनेटिक ग्रीन ने अब भारत के बड़े एंट्री-लेवल कम्यूटर मोटरसाइकिल सेगमेंट में कदम रखा है। इस कड़ी में लॉन्च हुई ई-लूना प्राइम को खास तौर पर इस ग्राहक वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। ई-लूना प्राइम को भारत की विकास यात्रा का सशक्त उत्प्रेरक माना जा रहा है। इसका लक्ष्य लगभग 75 करोड़ भारतीयों—यानी करीब 50% आबादी—के लिए व्यक्तिगत मोबिलिटी को सुलभ बनाना है, जिनके पास अभी तक दोपहिया वाहन नहीं है। हर तरह की सड़क और कठिन इलाकों को संभालने के लिए डिजाइन की गई ई-लूना प्राइम में मजबूत 16-इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं।

## इस्त्री वालों की आय में 100 करोड़ की बढ़ोतरी

बंगलुरु। उद्यम व्यापार ने आज एक उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है, इनके इस्त्री प्रोजेक्ट ने सितम्बर 2025 तक देश भर में इस्त्री करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स की कुल आय में रु 100 करोड़ की बढ़ोतरी के लिए सक्षम बनाया है। उद्यम में हमारा मानना है कि नैनो-उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था का आधार हैं, अगर इन्हें सही सहयोग मिले तो ये बड़ी आबादी के जीवन में सुधार ला सकते हैं। इस्त्री प्रोजेक्ट के साथ रु 100 करोड़ का आंकड़ा पार करना न सिर्फ हमारे लिए बल्कि हजारों वेंडर्स के लिए भी गौरव की बात है, जिन्होंने इस बदलाव को अपनाया है। यह दर्शाता है कि किस तरह स्थानीय आजीविका के समाधान राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव उत्पन्न कर, आय, स्वास्थ्य एवं पर्यावरणी परिणामों में सुधार ला सकते हैं। यह उपलब्धि उन हजारों वेंडर्स से जुड़ी है, जिन्होंने हम पर भरोसा किया और कोयले को छोड़कर एलपीजी को अपनाया। उन्होंने महसूस किया है कि वे किस तरह अपने कारोबार में बदलाव ला सकते हैं। इस्त्री प्रोजेक्ट की शुरूआत एक सरल विचार के साथ हुई थी, स्ट्रीट वेंडर्स को उनकी उत्पादकता बढ़ाने एवं ईंधन की लागत में सुधार लाने के लिए मदद करना।

## साम्प्रे न्यूट्रिशन्स के बोर्ड ने दी 355 करोड़ के एफसीसीबी को मंजूरी

बंगलुरु। लिडिंग कन्फेक्शनरी मेन्युफेक्चर, साम्प्रे न्यूट्रिशन्स लिमिटेड के बोर्ड ओफ डायरेक्टर्स ने चार करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के फोरेन करन्सी कन्वर्टिबल बॉन्ड (एफसीसीबी) जारी करने की मंजूरी दे दी है, जो 355.06 करोड़ रुपये के बराबर है। कंपनी एफसीसीबी की सब्सक्रिप्शन अमाउन्ट के अनुसार एक लाख अमेरिकी डॉलर प्रति बॉन्ड के 400 एफसीसीबी जारी करेगी। एफसीसीबी फंड का उपयोग ईजिप्त और लाइबेरिया (मोनरोविया) जैसे उभरते बाजारों में कंपनी की ग्लोबल फूटप्रिन्ट को व्यापक बनाने के उद्देश्य से किया जाएगा। यह टार्गेट एक्सपान्शन हाई-ग्रोथ हो वैसे क्षेत्रों में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करने, रेवन्यु स्ट्रीम में विविधता लाने और अंतर्राष्ट्रीय एफएमसीजी क्षेत्रों में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए अच्छी तरह से डिजाइन किया गया है।

## सोशल का नया मेन्यू लॉन्च

नयी दिल्ली। सोशल, दबिग ड्रॉप पीना एडिशन के साथ एक जश्न मना रहा है। यह एक ऐसा ड्रिंक्स मेनू है जो हर टेबल, हर अड्डे और हर तरह की नाइट आउट के लिए उपयुक्त है। सोशल हमेशा से सिर्फ गिलास में क्या है, उससे कहीं बढ़कर रहा है, बल्कि यह उसके आसपास के लोगों के बारे में भी है। इस मेनू को हमारे मेहमानों की बातों को ध्यान से सुनकर तैयार किया गया है: वे पुरानी यादें जो उन्हें पसंद हैं, वे फॉर्मेट जो उन्हें मजेदार लगते हैं, और वे रीति-रिवाज जिनका वे पालन करते हैं। नवीनता केवल गिलास के अंदर की चीज में नहीं है, बल्कि यह मेज पर कैसे पहुँचती है, इसमें है। चंचल लेकिन परिचित, प्रत्येक सर्व को पहली घूंट लेने से पहले ही कहानियों को जगाने के लिए डिजाइन किया गया है। मेनू विभिन्न मूल्य बिंदुओं पर उपलब्ध है, जिसमें सोशल इमोशन्स जैसे विकल्प रुपये 395 से शुरू होते हैं, जो साबित करते हैं कि बेहतरीन कॉकटेल शिल्प कौशल से समझौता किए बिना भी आपकी पहुँच में हो सकते हैं।

# सेंसेक्स में 583 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 583 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 25,000 का स्तर पार कर लिया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 639.25 अंक चढ़कर 81,846.42 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 183.40 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से निफ्टी तीन सत्रों में कुल 466 अंक यानी 1.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। दूसरी तिमाही के नतीजे आने से पहले, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में तेजी आने से घरेलू शेयर बाजार ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबारी सत्र का समापन किया। बैंकिंग सूचकांक ने बड़े अनुसूचित बैंकों के मजबूत तिमाही विवरणों और आकर्षक मूल्यांकन से बेहतर प्रदर्शन किया। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई आईटी केंद्रित खंड में सर्वाधिक 2.21 प्रतिशत की तेजी रही जबकि आईटी खंड 1.96 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी खंड 1.60 प्रतिशत और बैंकिंग खंड 1.10 प्रतिशत चढ़ गया। दूसरी तरफ जिंस, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों), दूरसंचार, उपयोगिता एवं धातु खंडों में गिरावट रही। बैंकों, आईटी एवं स्वास्थ्य देखभाल शेयरों में बढ़त आने से बाजार सकारात्मक दायरे में बना रहा। हालांकि व्यापक दायरे में तेजी नहीं थी और यह दर्शाता है कि कमजोर धारणा के साथ निवेशक अभी सतर्क बने हुए हैं। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

# सोना 9,700 रुपये उछलकर 1.3 लाख के पार, चांदी भी 1.57 लाख के ऊपर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 9,700 रुपये की छलांग लगाते हुए 1,30,300 रुपये के नए शिखर पर पहुंच गईं। यह उछाल विदेशी बाजारों में सुरक्षित निवेश की मांग और रुपये में कमजोरी के कारण आया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना उछलकर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। इस तरह पीली धातु के भाव में एक ही कारोबारी सत्र में 9,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये बढ़कर 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह पिछले सत्र में 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई गिरावट ने इस तेज उछाल में बड़ी भूमिका निभाई। सोना नए रिकॉर्ड पर पहुंचा है क्योंकि निवेशक अब भी इस कीमती धातु में दिलचस्पी बनाए हुए हैं। उन्हें भविष्य में इसके दाम और भी बढ़ने की उम्मीद है। अमेरिका में वित्तीय प्रावधान न होने से सरकारी कामकाज लंबे समय तक ठप होने की आशंका से आर्थिक प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। इस वजह से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ रही है। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 51,350 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 65.04 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। सोने का भाव दिसंबर, 2024 में 78,950 प्रति 10 ग्राम पर था। सोने की तरह चांदी की कीमतों में भी जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# भारत और कतर ने की व्यापार व निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा



दोहा। भारत और कतर ने सोमवार को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी के साथ विचार-विमर्श किया। गोयल दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमने भारत-कतर द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की और व्यापार, निवेश तथा रणनीतिक सहयोग में बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

मंत्री दोनों देशों के बीच निवेश के अवसरों पर चर्चा करने के लिए यहां एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करने पर विचार कर रहे हैं। कतर खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) में भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार 2024-25 में 14.15 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

# रुपया तीन पैसे टूटकर 88.82 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया सोमवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.82 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में डॉलर के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात उछाल से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपये ने हालांकि सीमित दायरे में कारोबार किया। विदेशी पूंजी की निकासी और भू-राजनीतिक घटनाक्रम के बीच इसे सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों से समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.75 पर खुला। कारोबार के अंत में 88.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को आठ पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.79 पर बंद हुआ। रुपया 30 सितंबर को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.80 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। हमारा अनुमान है कि घरेलू बाजारों में मजबूती और अमेरिकी डॉलर में समग्र कमजोरी से रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी भी रुपये के लिए फायदेमंद हो सकती है। हालांकि, डॉलर के लिए आयातक मांग तेज बढ़त को रोक सकती है। डॉलररुपये की हाजिर कीमत 88.50 से 89 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.43 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 582.95 अंक उछलकर 81,790.12 अंक पर जबकि निफ्टी 183.40 अंक की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65.58 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

# निवेश जुटाने तोक्यो पहुंचे हरियाणा के सीएम नायब सिंह

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निवेश जुटाने, प्रौद्योगिकी एवं विनिर्माण में सहयोग बढ़ाने और राज्य को वैश्विक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में पेश करने के इरादे से सोमवार को जापान की यात्रा पर तोक्यो पहुंचे।

जापान की तीन-दिवसीय यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अपने दौरे के पहले दिन जापान के विदेश राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा और अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री कोगा यूइचिरो से मुलाकात की और व्यापार, निवेश एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के अवसरों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा से सार्थक चर्चा हुई। हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार किया गया। मैंने उन्हें नवंबर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मैंने अगले साल अप्रैल में प्रस्तावित हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदार देश बनने का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने बैठक में हरियाणा और जापानी उद्यमों के बीच संभावित सहयोग, विशेषकर लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र में साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में मासिक आधार पर घटी



नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की धीमी गति के कारण सितंबर में अगस्त के उच्च स्तर से नीचे आ गई। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर में 60.9 पर आ गया जो अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर 62.9 पर पहुंच गया था। इस नरमी के बावजूद सितंबद माह का सेवा पीएमआई सूचकांक 50.0 के तटस्थ स्तर से काफी ऊपर रहा जो उत्पादन में एक और महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, देश के सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां अगस्त के हालिया उच्च स्तर से सितंबर में कम हुईं...। सर्वेक्षण के अनुसार, मंदी का एक कारण भारतीय सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में नरम सुधार भी है। सितंबर में बाहरी बिक्री में फिर भी वृद्धि हुई लेकिन मार्च के बाद से यह सबसे कम रही। कंपनियों ने निर्यात ऑर्डर की वृद्धि में मंदी के पीछे मुख्य वजह अन्यत्र कम कीमतों पर सेवाओं की आपूर्ति को बताया। कीमतों के मोर्चे पर इसमें कहा गया कि मुद्रास्फीति की गति मध्यम रही जो मार्च के बाद से सबसे धीमी और मोटे तौर पर दीर्घावधि श्रृंखला औसत के अनुरूप रही क्योंकि भारतीय सेवाओं के प्रावधान के लिए ली जाने वाली कीमतें भी सितंबर में कमजोर दर से बढ़ीं। सर्वेक्षण के अनुसार, सितंबर के दौरान रोजगार सृजन धीमा रहा। रोजगार में मामूली वृद्धि हुई क्योंकि निगरानी में रखी गई कंपनियों में से पांच प्रतिशत से भी कम ने नियुक्ति में वृद्धि दर्ज की। इस बीच, भारत के निजी क्षेत्र में मजबूत वृद्धि जारी रही लेकिन सितंबर के दौरान नए ऑर्डर, अंतरराष्ट्रीय बिक्री, व्यावसायिक गतिविधि और रोजगार में धीमी वृद्धि हुई। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक सितंबर में 61.0 पर पहुंच गया जो अगस्त में 63.2 रहा था। यह जून के बाद से विस्तार की सबसे कमजोर दर को दर्शाता है। समग्र पीएमआई सूचकांक तुलनीय विनिर्माण व सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है।

# भारत की ऊर्जा मांग 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी

नयी दिल्ली। ब्रिटिश तेल कंपनी बीपी ने सोमवार को कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की तेल एवं ऊर्जा मांग वर्ष 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी और यह वैश्विक ऊर्जा बाजार का 12 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बन जाएगा।

बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने बीपी की ऊर्जा परिदृश्य 2025 रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक एवं उपभोक्ता देश है और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की तेल मांग 54 लाख बैरल प्रतिदिन के मौजूदा स्तर से बढ़कर 2050 तक 91 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगी। इस दौरान प्राकृतिक गैस की खपत भी लगभग दोगुनी होकर 63 अरब घन मीटर से बढ़कर 153 अरब घन मीटर हो जाएगी। यदि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 से 2050 तक औसतन पांच प्रतिशत प्रति वर्ष रहती है तो देश की प्राथमिक ऊर्जा खपत में भी मजबूती आएगी। वर्ष 2023 में वैश्विक मांग का सात प्रतिशत हिस्सा रखने वाले भारत की 2050 तक 12 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ विश्व ऊर्जा बाजार में एक महत्वपूर्ण भूमिका हो जाएगी। रिपोर्ट में दो परिदृश्य पेश किए गए हैं। पहला परिदृश्य मौजूदा वृद्धि-पथ पर आधारित है जबकि दूसरा परिदृश्य वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की कमी लाने से संबंधित है। पहले परिदृश्य में भारत में कोयले का हिस्सा 2050 तक 40 प्रतिशत से ऊपर रहेगा, जबकि दूसरे परिदृश्य में यह घटकर 16 प्रतिशत रह जाएगा। प्राकृतिक गैस की खपत दोनों ही परिदृश्यों में एक से तीन प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ती रहेगी। भारत विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता ऊर्जा बाजार है। सौर एवं पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधनों का हिस्सा बढ़ेगा लेकिन जीवाश्म ईंधन की मांग भी बनी रहेगी। भारत के वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म बिजली क्षमता हासिल करने के लक्ष्य को भी सराहा, जो निर्धारित समय के एक-दो साल आगे जाकर पूरा हो जाएगा। भविष्य में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना अहम होगा। भारत की तेल मांग 2050 तक लगातार बढ़ती रहेगी।

पेज एक का शेष

## मैरी ई ब्रुनको,

का खुलासा किया। नोबेल समिति ने कहा कि इसकी शुरुआत 1995 में साकागुची द्वारा एक अज्ञात टी कोशिका के उपप्रकार की खोज से हुई, जिसे अब नियामक टी कोशिकाएं या टी-रेग्स के रूप में जाना जाता है। फिर, 2001 में, ब्रुनको और रैमस्डेल ने फॉक्सपी-3 नामक जीन में एक संभावित उत्परिवर्तन की खोज की। यह जीन एक दुर्लभ मानव स्वप्रतिरक्षी रोग में भी भूमिका निभाता है। नोबेल समिति ने कहा कि दो साल बाद, साकागुची ने इन खोजों को जोड़कर दिखाया कि फॉक्सपी3 जीन उन टी-रेग्स के विकास को नियंत्रित करता है, जो बदले में अति-प्रतिक्रिया करने वाली टी कोशिकाओं के अन्य रूपों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए एक सुरक्षा प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं। कैरोलिंस्का संस्थान की रुमेटोलॉजी प्रोफेसर मैरी वारेन-हर्लेनियस ने कहा कि इस कार्य ने प्रतिरक्षा विज्ञान के एक नए क्षेत्र का द्वार खोल दिया। दुनिया भर के शोधकर्ता अब स्वप्रतिरक्षी रोगों और कैंसर के उपचार विकसित करने के लिए नियामक टी कोशिकाओं का उपयोग करने पर काम कर रहे हैं।

## भाजपा का

वाले स्वच्छता मित्रों का सम्मान और स्वच्छता किट का वितरण किया। सीएम ने सफाईमित्रों पर पुष्पवर्षा भी की। एक बच्ची ने सीएम के साथ फोटो भी खिंचवाई। सीएम योगी ने कहा कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चला। 17 को आधुनिक भारत के शिल्पी, प्रधानमंत्री और काशी के लोकप्रिय सांसद नरेंद्र मोदी, 25 को अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय और दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का पावन जन्मदिन रहा। इस दौरान भाजपा ने अखिल भारतीय स्तर पर अनेक कार्यक्रम किए। इस श्रृंखला में तीन महीने पहले से 75 दिन के इस अभियान को लेकर डॉ. नीलकंठ तिवारी ने इसे प्रारंभ किया और एक-एक मोहल्ले में जाकर स्वच्छता के बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। हर जनप्रतिनिधि इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे। सीएम ने कहा कि जनता-जनार्दन से अक्सर यह शिकायत सुनने को मिलती है कि चुनाव आ गया तो दिखाई दे रहे हैं। बहुत लोग चुनाव के समय दिखाई देते हैं तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में जनता कहती है-आ गइलः, लेकिन जहां जनप्रतिनिधि थोड़े भी जागरूक हैं। मौके पर जाकर जनता की सुनवाई करते हैं तो समस्या वहीं समाधान का रास्ता निकाल लेती है।

## शांति-सौहार्द

मां अन्नपूर्णा की कृपा है। उन्होंने बच्चों को हिदायत भी दी कि कंप्यूटर सुविधा का माध्यम है तो भटकाव भी है। हमें सकारात्मक रूप से ज्ञान को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, जो जीवन को उज्ज्वल बनाने में योगदान दे सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्र संस्कृत का अध्ययन करते हुए अनवरत भारतीय संस्कृति व परंपरा के लिए समर्पित भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। कंप्यूटर का भी आधुनिक ज्ञान ले रहे हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि विज्ञान, गणित व अंग्रेजी की भी जानकारी ले लें, सेना, अर्धसेना व पुलिस बल में धर्मगुरुओं की बड़ी संख्या निकलती है। आने वाले समय में संस्कृत ही दुनिया की जोड़ने वाली भाषा रहेगी। संस्कृत के बिना किसी का काम नहीं चलेगा। सीएम ने कहा कि संस्कृत के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति नहीं थी। यूपी में हमने प्रयास किया और संस्कृत पढ़ने वाले हर छात्र के लिए छात्रवृत्ति जारी की। आने वाले समय में व्यवस्था करने जा रहे हैं कि संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था में सरकार अनुदान देगी। संस्कृत में विशिष्ट शोध और उच्च अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए भी विशिष्ट छात्रवृत्ति जारी करने वाले हैं। हमारा उद्देश्य है कि संस्कृत में पढ़ने-पढ़ाने और शोध को बढ़ाने वाले छात्रों के साथ अच्छे विद्वान भी बढ़ा सकें। संस्कृत में वेद और व्याकरण भारत की विशिष्ट देन है। दुनिया का पहला विश्वविद्यालय तक्षशिला भारत में स्थापित हुआ था। पाणिनी वहीं की देन हैं। पाणिनी के व्याकरण में उस समय के इतिहास, परंपरा व भारत के बारे में विस्तृत अध्ययन प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा कि जब मां अन्नपूर्णा, बाबा विश्वनाथ व मां गंगा की कृपा बरसती है तो ऐसे ही शुभ कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त प्राप्त हो जाते हैं। इस संस्थान की स्थापना के 108 वर्ष होने के साथ आज शरद पूर्णिमा से जुड़ रहे हैं। यह आयोजन यूपी सरकार के मिशन शक्ति (महिला सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलंबन) को भी जोड़ रहा है।

## बिहार में

नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर को होगी, 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। उनके अनुसार, राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जिनमें पुरुष मतदाता 3.92 करोड़ और महिला मतदाता 3.50 करोड़ हैं। कुमार ने बताया कि 14 लाख मतदाता बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान कर सकेंगे। बिहार की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से अक्टूबर के अंत में छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराने का आग्रह किया था, ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके, क्योंकि बड़ी संख्या में राज्य के बाहर काम करने वाले लोग उस दौरान त्योहारों के लिए घर लौटते हैं। राज्य में वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव कोविड-19 महामारी की पृष्ठभूमि में तीन चरणों में हुए थे।

## चुनाव में 17

17सी और ईवीएम डेटा के बीच बेमेल होने की स्थिति में वीवीपीएटी (वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) पर्चियों की गिनती अनिवार्य होगी। जिन केंद्रों पर मतदान के अभ्यास से जुड़ा डेटा मिटाया नहीं जा सकेगा, वहां पर भी वीपीपैट पर्चियों की गिनती अनिवार्य होगी।

## बुर्कानशीं

पड़ने पर जांच होगी। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट दिशानिर्देश हैं कि मतदान केंद्र के कैसे पर पहचान का सत्यापन होगा और उनका कड़ाई से पालन होगा। इससे पहले, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बीते शनिवार को निर्वाचन आयोग से विधानसभा चुनाव एक या दो चरणों में कराने और मतदान केंद्रों पर बुर्का पहनकर पहुंचने वाली महिलाओं के चेहरे का मिलान मतदाता पहचान पत्र से करने की मांग की थी।

## 11 नवम्बर

दिए जाने के एक मामले में भाजपा विधायक कंवरलाल को दोषी ठहराए जाने के बाद मई में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद आवश्यक हो गया।

तेलंगाना का जुबली हिल निर्वाचन क्षेत्र इस साल जून में बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ का निधन होने से रिक्त हो गया था।

## जयपुर के

के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। हादसे में आठ लोगों के मरने की खबर है लेकिन डॉ. धाकड़ और एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने कहा कि आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पिंटू (सीकर निवासी), दिलीप (आंधी, जयपुर निवासी), श्रीनाथ, रुक्मिणी, खुरमा (सभी भरतपुर निवासी) और बहादुर (सांगानेर, जयपुर निवासी) के रूप में हुई है।

## दुनिया को जोड़ने वाली भाषा बनेगी संस्कृत : योगी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि आने वाले समय में दुनिया को जोड़ने वाली भाषा संस्कृत ही होगी। उन्होंने कहा कि संस्कृत के उत्थान के लिए सरकार छात्रवृत्ति और उच्च स्तर पर शोध के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन सोमवार को वाराणसी के शिवपुर स्थित अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय में काशी अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई-कढ़ाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के 14वें सत्रांत के अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने लगभग 250 बालक-बालिकाओं को सिलाई मशीन, लैपटॉप एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किये। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि दुनिया का पहला विश्वविद्यालय तक्षशिला भी भारत की ही देन है। उन्होंने कहा कि महाज्ञानी पाणिनि उसी के छात्र थे, जिनका व्याकरण हमें देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने दुनिया का पहला संस्कृत महाकाव्य रचा था और आने वाले समय में दुनिया को जोड़ने वाली भाषा संस्कृत ही होगी। उन्होंने कहा कि संस्कृत दिव्य ज्ञान की भाषा है जिसमें आध्यात्मिक ज्ञान के साथ भाव भी चाहिए तभी विश्व कल्याण का रास्ता निकलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए अन्नपूर्णा आश्रम के महंत शंकर पुरी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह मठ देव वाणी संस्कृत के लिए भी लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा मंदिर के संस्कृत महाविद्यालय के बच्चे सभी कार्यक्रमों में वैदिक मंत्रोच्चार कर माहौल को आध्यात्मिक बना देते हैं। उन्होंने कहा कि यहां गौसेवा भी बहुत अच्छी तरह की जा रही है।

## ड्रोन चोर

कथित तौर पर बेरहमी से पीटा। पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तब वह व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा था और उसकी मौत हो गई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि भीड़ युवक को ईश्वरदासपुर रेलवे स्टेशन तक घसीटकर ले गई और उसे गंभीर हालत में वहीं छोड़ दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीणों ने व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा पाया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति के कपड़े फटे हुए थे और शरीर पर चोट के कई निशान थे। बाद में मृतक की पहचान फतेहपुर जिले के निवासी हरिओम के रूप में हुई।

## खेलों को

प्रशिक्षकों की नियुक्ति और खेल अकादमियों की स्थापना से खेल प्रतिभाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य खेलो उत्तराखंड की भावना को साकार कर युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना और खेलों के माध्यम से राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।

## यूपी में भारी

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में। मानसून की वापसी के साथ ही एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान समेत कई राज्यों में गर्मी ने आम लोगों को बेहाल कर दिया है। अब भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी की है कि तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

## वकील ने

निवासी राकेश किशोर (71) के रूप में की गयी। वह मंच के पास पहुंचा, अपना जूता निकाला और उसे न्यायाधीशों की ओर उछालने का प्रयास किया। अदालत कक्ष में मौजूद सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और हमले को रोका। वकील को तुरंत अदालत परिसर से बाहर ले जाया गया। जब वकील को ले जाया जा रहा था, तो उसे चिल्लाते हुए सुना गया।




# अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया

## महिला विश्व कप : डिवाइन ने एक छोर से विकेटों के पतन के बीच 65 गेंदों में अपना 17वां वनडे अर्धशतक पूरा किया

एजेंसी

इंदौर। ताजमिन ब्रिट्ज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। साउथ अफ्रीका ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने सोमवार को न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया। इंदौर के होलकर स्टेडियम में अफ्रीकी टीम ने 232 रन का टारगेट 40.5 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। ओपनर ताजमिन ब्रिट्ज 89 बॉल पर 101 रन की पारी खेली। जबकि सुने लुस नाबाद 81 रन बनाकर नाबाद लौटीं। एमेलिया केर को 2 विकेट मिले। इससे पहले टॉस जीतकर बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड 47.5 ओवर में 231 रन पर ऑलआउट हो गई। 300वां इंटरनेशनल मैच खेल रही न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने 98 बॉल पर 85 रनों की पारी खेली। ब्रूके हैलीडे ने 45 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की नॉनकुलुलेको म्लाबा ने 4 विकेट झटके।




न्यूजीलैंड की अनुभवी कप्तान सोफी डिवाइन ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए एक और शानदार अर्धशतक जमाया लेकिन नोंकुलुलेको मलाबा की चार विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने शानदार वापसी करते हुए उनकी पारी को महज 231 रन पर समेट दिया। यह डिवाइन का 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच है। टी20 विश्व कप 2024 विजेता कप्तान ने एक बार फिर से दबाव में 98 गेंदों में 85 रन की अहम पारी खेली। डिवाइन ने एक छोर से विकेटों के पतन के बीच 65 गेंदों में अपना 17वां वनडे अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके लगाए, ऐसा लग रहा था कि वह लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ देंगी लेकिन वह बायें हाथ की स्पिनर मलाबा की अंदर आती गेंद पर गच्चा खाकर बोल्ड हो गयी। उनके आउट होने के बाद टीम की पारी 47.5 ओवर में सिमट गयी। मलाबा ने चारों विकेट अपने दूसरे स्पैल मे लिये।

उनका दूसरा स्पैल 39वें ओवर में शुरू हुआ और उन्होंने अपने आखिरी पांच ओवर में 18 रन पर चार विकेट लिए। मलाबा ने पहले खतरनाक ब्रुक हॉलिडे (45 रन, 37 गेंद, छह चौके) को आउट किया, जिन्होंने डिवाइन के साथ 86 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड की पारी को रफ्तार दी थी। उन्होंने इसके बाद डिवाइन को भी पवेलियन भेजकर लगातार दूसरे विश्व कप शतक से वंचित कर दिया। डिवाइन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच दिन पहले 112 रन की पारी खेली थी। इससे पहले दिन की शुरुआत न्यूजीलैंड के लिए बेहद खराब रही जब अपना 350वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही दिग्गज सूजी बेट्स पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट हो गईं।

### पाकिस्तान को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार

कोलंबो। पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन को भारत के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने फटकार लगाई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया। अमीन ने रविवार को भारत के खिलाफ आर प्रेमदासा स्टेडियम में 81 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम जीत के लिए 247 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गयी।

अमीन की संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी के बावजूद भारत ने मैच 88 रन से जीता। आईसीसी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह उल्लंघन अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या खेल के दौरान इस्तेमाल होने वाली किसी चीज के अनादर से संबंधित है। यह घटना पाकिस्तान के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40वें ओवर में हुई जब स्नेह राणा द्वारा आउट होने के बाद उन्होंने अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत के प्रदर्शन को बताया ऐतिहासिक

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताते हुए सोमवार को कहा कि इस प्रतियोगिता में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित रिकॉर्ड 22 पदक जीते जो जापान के कोबे में 2024 में में जीते 17 पदक के उसके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सभी पदक विजेताओं की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा हमारे पैरा एथलीटों का ऐतिहासिक प्रदर्शनउ इस साल की विश्व पैरा एथलेटिक्स



चैंपियनशिप बहुत खास रही। भारतीय दल ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें छह स्वर्ण पदक सहित 22 पदक जीते। हमारे एथलीटों को बधाई। उन्होंने कहा उनकी सफलता कई लोगों को प्रेरित करेगी। मुझे हमारे दल के प्रत्येक सदस्य पर गर्व है और मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। यह पहली बार था जब भारत ने इस प्रतिष्ठित पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी की जिसमें 100 से अधिक देशों के 2,200 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया। मोदी ने कहा दिल्ली में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भी भारत के लिए सम्मान की बात है। इस टूर्नामेंट का हिस्सा रहे लगभग 100 देशों के एथलीटों और सहयोगी स्टाफ का आभार।

## सरदार पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी पदयात्राएं : खेल मंत्रालय

नयी दिल्ली। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय 31 अक्टूबर को देश के सभी जि़लों में पदयात्राओं के साथ भारत के पहले गृह मंत्री और दिग्गज स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाएगा। युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने सोमवार को यहां ध्यानचंद स्टेडियम में सरदारए150 एकता दौड़ पहल का शुभारंभ किया। मांडविया ने कहा सरदारए150 केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है।

जिस तरह सरदार पटेल ने एक मजबूत और अखंड भारत के निर्माण के लिए 560 से अधिक रियासतों को एकजुट किया उसी तरह यह पहल युवा भारतीयों की ऊर्जा को राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में ले जाने का प्रयास करती है। पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेंगी। ये पदयात्राएं प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में लगातार तीन दिन तक चलेंगी और सभी जिलों में प्रतिदिन आठ से 10 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या बाढ़ से तबाह बंगाल जैसे विपक्ष शासित राज्य भी इस पहल में भाग लेने के लिए सहमत हुए हैं, मांडविया ने कहा इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और मुझे यकीन है कि सत्ता में कोई भी हो इसमें पूरे दिल से भागीदारी होगी।

पदयात्राओं का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री और सांसद करेंगे। माई भारत , एनएसएस और एनसीसी के स्वयंसेवक पदयात्राओं के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय स्तर की पदयात्रा 26 नवंबर से छह दिसंबर तक चलेगी और गुजरात में पटेल के जन्मस्थान करमसद से केवड़िया में उनकी विरासत के सम्मान में निर्मित स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी तक 152 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

## संक्षेप

### सेंथिलकुमार, चोटरानी न्यूयॉर्क स्क्वाश में जीते

न्यूयॉर्क। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने न्यूयॉर्क में चल रहे 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने पाकिस्तान के मोहम्मद असब इरफान को रविवार को पहले दौर में 11-2, 11-8, 14-12 से हराया। चोटरानी ने हमवतन अभय सिंह के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 6-11, 11-6, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की। टूर स्तर पर इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहला मुकाबला था। आठवें वरीय रमित टंडन को पहले दौर में बाई मिली।

### भारत की ओलंपिक दावेदारी में सुलभ बुनियादी ढांचा अहम : झाझड़िया

नयी दिल्ली। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया और हाल में समाप्त हुई विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सुगम्यता भागीदार स्वंय का मानना है कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए दिव्यांगों के लिए भारत के बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर उन्नत करने की जरूरत है। स्वयं ने रविवार को समाप्त हुई चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पैरा एथलीटों के लिए सुलभ परिवहन प्रदान किया था। झाझड़िया ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हमने बड़े खेल टूर्नामेंट में एक्सेसिबिलिटी (सुगम्यता) का ध्यान रखने के महत्व को देखा। 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा के साथ सुगम्यता को एक प्राथमिकता के तौर पर मुख्यधारा में लाने की जरूरत पहले से कहीं अधिक अहम हो गई है।

### बोपन्ना, डार्डेरी व मौटेट टीपीए के सत्र में पेश करेंगे चुनौती

नयी दिल्ली। अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और विश्व के 29वें नंबर के खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी सहित शीर्ष-50 रैंकिंग में शामिल कम से कम तीन एकल खिलाड़ी नौ दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व के 38वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट और उनके हमवतन विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर मुलर इस लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे जिसकी नीलामी नौ अक्टूबर को मुंबई में होगी।

# टीम एलयू, ईबीए हूपर्स और पीएसी बालर्स बने चैम्पियन




लखनऊ। लखनऊ जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एआईएम बास्केटबॉल अकादमी एवं एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के संयुक्त आयोजन में चल रही 'एआईएम बास्केटबॉल 3-3 सुपर गोल्डन लीग सीजन-1' का समापन शानदार मुकाबलों के साथ हुआ। खेल प्रतियोगिता का आयोजन मॉडर्न अकादमी, गोमतीनगर, विनय खंड-2 स्थित एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में किया गया।

**एआईएम बास्केटबॉल सुपर गोल्डन लीग सीजन-1 का हुआ रोमांचक समापन**

आयोजन सचिव 'ऋषि श्रीवास्तव' के कुशल संचालन में हुए इस टूनार्मेंट में तीन वर्गों – अंडर-14, अंडर-17 और सीनियर्स – में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ॰ आनंद किशोर पाण्डेय (डायरेक्टर, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया) एवं मॉडर्न ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक सिद्धार्थ तुली पूर्व आर एस ओ अजय सेठी रहे।

अध्यक्षता डॉ0 विनोद सिंह ने की। इस अवसर पर लखनऊ जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियाज अहमद, अंश, कमलेश गुप्ता, एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार व ट्रॉफियाँ प्रदान की गईं। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन लखनऊ में बास्केटबॉल के विकास को नई दिशा देंगे।

### लंका प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे भारतीय खिलाड़ी

नयी दिल्ली। लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टी20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा। इस प्रारूप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। राउंड रोबिन चरण के अंत में शीर्ष चार में रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएंगी। शीर्ष दो टीम क्वालीफायर एक में खेलेंगी जिसका विजेता सीधे फाइनल में जगह बनाएगा। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले का विजेता क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम से क्वालीफायर दो में भिड़ेगा जिससे फाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा।

# बांग्लादेश से जीत के लिए उतरेगा इंग्लैंड

एजेंसी

गुवाहाटी। अनुभवी खिलाड़ियों से सजी चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम मंगलवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। दोनों टीम ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया जबकि इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर ढेर करने के बाद 10 विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि अगर स्तर और उपलब्ध विकल्पों पर गौर करें तो इंग्लैंड अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे है।

टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स, हीथर नाइट, नैट स्किवर-ब्रंट, सोफी एकलेस्टोन, लॉरेन बेल और सोफिया डंकले जैसी क्षमतावान खिलाड़ियों के साथ इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। ये वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट में बहुत बड़े नाम हैं और विश्व कप जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से परिचित हैं। दूसरी ओर कप्तान और विकेटकीपर दोनों की भूमिका निभाने वाली निगार सुल्ताना, रुबिया हैदर, निशिता अख्तर निशी और सुमैया अख्तर जैसी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश की उम्मीदों का भार संभाल रही हैं। लेकिन बांग्लादेश की टीम इंग्लैंड की टीम जितनी अनुभवी




या मजबूत नहीं है जिसकी नजरें अपने पांचवें एकदिवसीय विश्व खिताब पर टिकी हैं। इंग्लैंड ने पिछली बार 2017 में इस टूर्नामेंट को जीता था। चार दिन पहले इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को हराने और अपने पहले मैच से पूर्व यहां कुछ समय तक अभ्यास करने के बाद पारंपरिक रूप से मजबूत इंग्लैंड यहां की परिस्थितियों से परिचित हो गया है।

हालांकि इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका के मैच में इंग्लैंड की गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 150 से कम रन बने लेकिन बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम की पिच को बल्लेबाजों के अनुकूल माना जाता है और यहां अक्सर बड़े स्कोर वाले मुकाबले देखने को मिलते हैं। उछाल आमतौर पर समान रहता है और गेंद बल्ले पर अच्छी तरह आती है जिससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलता है। मैच आगे बढ़ने के साथ हालांकि पिच धीमी होती जा रही है जिससे स्पिनरों और धीमी गति के गेंदबाजों के अनुकूल हालात हो जाते हैं। अगर गेंदबाज अनुशासित लाइन और लेंथ बनाए रखें और विविधता का इस्तेमाल करें तो उन्हें यहां सफलता मिलने की संभावना है और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश दोनों के पास इस पिच का फायदा उठाने के लिए पर्याप्त ताकत है। इंग्लैंड की गेंदबाजों का अनुभव काम आएगा क्योंकि लिंसे स्मिथ, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन की स्पिन तिकड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने सफल प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विरोधी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं।

### खेलों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे अदालत : न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि वह क्रिकेट सहित खेलों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा अब क्रिकेट में खेल जैसा कुछ नहीं रहा। यह एक तथ्य है। यह सब बिजनेस है। पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब वह जबलपुर संभाग के एक क्रिकेट संघ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति नाथ ने इस मामले में विभिन्न पक्षों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों से पूछा, आज हम क्रिकेट खेल रहे हैं। तीन-चार मामले हैं। एक मामला पहले ही दूसरे दौर के लिए स्थगित हो चुका है। यह दूसरा मामला है। दो और मामले हैं। आज आप कितने टेस्ट मैच खेलेंगे? याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि देश क्रिकेट के प्रति जुनूनी है। नाथ ने कहा मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि इस अदालत को क्रिकेट और बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल के मामले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

# फुटबॉल : यूवेंटस ने एसी मिलान को बराबरी पर रोका

एजेंसी

रोम। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे क्रिस्टियन पुलिसिच पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे एसी मिलान को रविवार को यहां सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यूवेंटस के खिलाफ अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस ड्रॉ के साथ एसी मिलान के लगातार पांच जीत के क्रम पर भी विराम लग गया। पुलिसिच ने मौजूदा सत्र में मिलान की ओर से छह गोल दागे हैं और दो गोल करने में मदद की है लेकिन रविवार को पेनल्टी पर लिया गया उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। पुलिसिच के पेशेवर करियर में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब वह पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे हैं। पिछले सत्र में टोरिनो के गोलकीपर सर्गेज मिलिनकोविच सेविच ने उनके शॉट को रोक दिया था। उन्होंने अपने देश और क्लब के लिए अब तक पेनल्टी पर 13 गोल दागे हैं जबकि उनके दो प्रयास नाकाम रहे हैं। मिलान की टीम अब तीसरे स्थान पर खिसक चुकी है। टीम गत चैंपियन नेपोली और रोमा से दो अंक पीछे है जिन्होंने अपने मुकाबले जीते। नेपोली ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जिनोआ को 2-1 से हराया जबकि रोमा ने भी पिछड़ने के बाद फायोरेंटिना को इसी अंतर से शिकस्त दी। वहीं दूसरी ओर

बार्सीलोना को रविवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेविला के




खिलाफ 1-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार दूसरी हार है। मैच के दौरान बार्सीलोना के लेमिन यमाल चोटिल हो गए जबकि स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। चैंपियन्स लीग में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ हार के बाद सेविला के खिलाफ मिली शिकस्त से बार्सीलोना की टीम को अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान कई सवालों के जवाब खोजने होंगे। इस नतीजे के बाद रीयाल मैड्रिड की टीम अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। टीम ने बार्सीलोना पर दो अंक की बढ़त बना रखी है जो सेविला के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रतियोगिता में अजेय थी।

### एलेक्जेंडरसन ने 23 सदस्यीय अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम घोषित की

नयी दिल्ली। भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने सोमवार को 2026 एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यह क्वालीफायर 13 से 17 अक्टूबर तक किर्गिस्तान के बिश्केक में खेला जाएगा। तीन टीम के ग्रुप जी में भारत का सामना 13 अक्टूबर को मेजबान किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से होगा। ग्रुप विजेता अगले साल चीन में होने वाले 12 टीम के फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेगा। अगस्त में भूटान में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप जीतने के बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में ट्रेनिंग शिविर जारी रखा और फिर गोवा में ट्रेनिंग की। भारतीय टीम पहले मैच से छह दिन पूर्व मंगलवार को बिश्केक पहुंचेगी जिससे कि किर्गिस्तान की राजधानी के अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के अनुकूल हो सके।

# प्रमोद ने पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में जीते तीन स्वर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा। सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे। भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता। भगत ने एक विज्ञप्ति में कहा,



हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना और भारत को गौरव दिलाना हमेशा खास होता है। युगल में भगत के साथी सुकांत कदम ने कहा प्रमोद के साथ खेलना मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। कोर्ट पर हमारी समझ हर मैच के साथ मजबूत हो गई है।

इस जीत से आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए हमारा आत्मविश्वास बढेगा। इस बीच रणजीत सिंह ने तीन कांस्य पदक जीते। उन्होंने पुरुष एकल डब्ल्यूएच।, पुरुष युगल डब्ल्यूएच।-डब्ल्यूएच2 (परमजीत सिंह के साथ) और मिश्रित युगल डब्ल्यूएच।-डब्ल्यूएच2 (शबाना के साथ) में तीसरा स्थान हासिल किया। नुरुलहुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में रजत पदक जीता जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में रजत पदक हासिल किया।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिपः भारत की शानदार शुरुआत श्रीलंका ने रोमांचक मुकाबले में यूएई को हराया

गुवाहाटी। मेजबान भारत ने सोमवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के पहले दिन सुहांदिनाता कप में अपने मिश्रित टीम अभियान की शुरुआत पड़ोसी देश नेपाल पर शानदार जीत के साथ की जबकि श्रीलंका ने यूएई को रोमांचक मुकाबले में हराकर चौंका दिया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने अपनी टीम में प्रयोग किया लेकिन फिर भी ग्रुप एच के अपने पहले मैच में 45-18, 45-17 से जीत हासिल की जबकि श्रीलंका ने यूएई पर 30-45, 45-34, 45-44 से जीत हासिल की। चौदह बार के चैंपियन चीन, पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया सहित अन्य सभी शीर्ष देशों को अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे सेटों में हराकर अपना अभियान शुरू करने में कोई परेशानी नहीं हुई। चीन ने घाना को 45-14, 45-10 से, कोरिया ने हंगरी को 45-22, 45-29 से, चीनी ताइपे ने ब्राजील को 45-24, 45-19 से तथा इंडोनेशिया ने फिलीपींस को 45-27, 45-40 से हराया।

# बिहार को जंगलराज से बाहर निकाला: शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बिहार को जंगल राज से बाहर निकाला और इसे विकास एवं सुशासन की नयी दिशा दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य के लोग आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर विकास की राजनीति को चुनेंगे।

शाह की यह टिप्पणी निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के ठीक बाद आई है, जिसके तहत छह और 11 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। शाह ने एक्स पर कहा, निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। लोकतंत्र के इस महापर्व



के लिए समस्त बिहारवासियों को बधाई। उन्होंने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में राजग सरकार ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास और सुशासन की नयी दिशा दी है। आज बिहार, गरीब कल्याण के साथ आधारभूत ढांचा, स्वास्थ्य, शिक्षा हर क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बन रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि बिहार की जनता इस बार भी विकास की राजनीति को चुनेगी।

# उ.बंगाल में आयी बाढ़ मानव जनित, डीवीसी झारखंड को बचाने के लिए मनमर्जी से पानी छोड़ रहा : ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को उत्तर बंगाल में आई बाढ़ और उसके कारण हुए विनाश को मानव जनित बताया तथा डीवीसी पर पानी को अनियंत्रित रूप से छोड़ने का आरोप लगाया जिसके परिणामस्वरूप राज्य के दक्षिणी हिस्सों में नदियां उफान पर हैं। ममता ने बाढ़ और भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। साथ ही शोक संतप्त परिवारों के एक सदस्य को होमगार्ड की नौकरी देने की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि हमें अब तक उत्तर बंगाल में आई बाढ़ में 23 लोगों के मारे जाने की सूचना मिली है। इस क्षेत्र में शनिवार रात और रविवार तड़के 12 घंटे से ज्यादा समय तक 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई। मुख्यमंत्री उत्तर बंगाल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण करने के लिए बागडोगरा रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात कर रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 48 घंटों से राज्य के ऊपरी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग के दुआर का नागराकाटा और मिरिक क्षेत्र भूस्खलन और आवासीय संपत्तियों के बह जाने से सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। ममता ने कहा, परसों रात से ही मुख्य सचिव, डीजीपी और मैं उत्तर बंगाल की स्थिति पर कड़ी नज़र रखे हुए हैं। उत्तर बंगाल में... 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई, जो लगातार 12 घंटे तक जारी रही। फिर, भूटान से पानी संकोश (नदी) के ज़रिए बहकर आया और सिक्किम का पानी कई इलाकों में भर गया। उन्होंने खतरे के निशान के करीब बह रही हुगली नदी की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया कि बिहार और उत्तर प्रदेश से पानी फरक्का से छोड़ा जा रहा है, जिससे बंगाल की नदियां खतरे की स्थिति में पहुंच गई हैं।

# बिहार चुनाव विकास और घुसपैठियों से मुक्ति के लिए: नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग की जीत का विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि यह चुनाव राज्य के विकास को जारी रखने, घुसपैठियों से मुक्ति दिलाने और जंगलराज की वापसी को रोकने के लिए है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के बाद एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि बिहार में राजग सरकार लोगों के कल्याण और सुशासन का



पर्याय बन गई है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि बिहार की पवित्र धरती, जो लोकतंत्र की जननी है, भाजपा और राजग को अपना आशीर्वाद तथा भारी बहुमत देगी। भाजपा अध्यक्ष ने चुनाव घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और देश तथा राज्य को विकास एवं सुशासन के पथ पर आगे बढ़ाने का प्राथमिक माध्यम है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को घोषणा की कि बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में छह और 11 नवंबर को होगा, जबकि मतों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी।

## संक्षेप

### सात से विकास सप्ताह मनायेगी गुजरात सरकार

गांधीनगर। गुजरात सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के 24 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सात अक्टूबर से विकास सप्ताह मनाएगी, जिसके तहत राज्य भर में विभिन्न परियोजनाएं शुरू की जाएंगी और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक मंत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने गांधीनगर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मोदी ने पहली बार सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और फिर 2014 में प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने कहा, गुजरात की विकास यात्रा, जो सात अक्टूबर 2001 को शुरू हुई थी, उसके 24 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस अवसर पर, राज्य सरकार सात से 15 अक्टूबर तक विकास सप्ताह मनाएगी, जिसमें पूरे राज्य में विभिन्न जनहितैषी परियोजनाएं शुरू की जाएंगी और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पटेल के मुताबिक, विकास सप्ताह का प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय पर 10 विभागों की प्रत्यक्ष भागीदारी के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल गुजरात सरकार के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य विधानसभा परिसर में भारत विकास शपथ लेंगे। इसी तरह, राज्य के सभी जिलों में जिलाधिकारी कार्यालयों, सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में शपथ ली जाएगी।

# प्रधान न्यायाधीश पर हमला संविधान पर हमला: सोनिया

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई पर हमला सिर्फ उनपर नहीं, बल्कि संविधान पर भी हमला है।

सोनिया ने एक बयान में कहा, उच्चतम न्यायालय में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश पर हुए हमले की निंदा करने के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं हैं। यह न केवल उनपर (सीजेआई पर), बल्कि हमारे संविधान पर भी हमला है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष, प्रधान न्यायाधीश गवई बहुत सहृदय हैं, लेकिन राष्ट्र को गहरी पीड़ा और आक्रोश के साथ एकजुट होकर उनके साथ खड़ा होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को कार्यवाही के दौरान 71 वर्षीय एक वकील ने न्यायमूर्ति गवई की ओर कथित तौर पर जूता उछालने की कोशिश की। घटना के बाद सीजीआई ने अपना संयम बनाए रखा और अदालत कक्ष में उपस्थित वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने का आग्रह किया। आरोपी वकील की पहचान बाद में मयूर विहार निवासी राकेश किशोर (71) के रूप में की गयी। वह मंच के पास पहुंचा।

# सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश शर्मनाक

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई की ओर कथित तौर पर जूता फेंकने की कोशिश की घटना की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर हमला है।

उच्चतम न्यायालय में सोमवार को कार्यवाही के दौरान एक वकील ने न्यायमूर्ति गवई की ओर कथित तौर पर जूता फेंकने की कोशिश की। यह घटना उस समय घटी जब प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, आज उच्चतम न्यायालय में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश पर हमले का प्रयास शर्मनाक और घृणित है। यह हमारी न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर हमला है। उनका कहना था, जब योग्यता, ईमानदारी और दृढ़शक्ति के माध्यम से देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचे व्यक्ति को इस तरह से निशाना बनाया जाता है, तो यह



एक बहुत परेशान करने वाली बात है। यह उस व्यक्ति को डराने और अपमानित करने के प्रयास को दर्शाता है जिसने संविधान को बनाए रखने के लिए सामाजिक बाधाओं को तोड़ा है। खरगे ने कहा कि इस तरह की हरकत से पता चलता है कि पिछले एक दशक में नफरत और कट्टरता ने हमारे समाज को किस तरह से अपनी चपेट में ले लिया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की ओर से मैं इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। हमारी न्यायपालिका की सुरक्षा और संरक्षा सर्वोपरि है। न्याय और तर्क को प्रबल होने दें, भय को नहीं।

# दिल और दिमाग से होगा शिवसेना (उबाठा)-मनसे गठबंधन : राउत

मुंबई। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे की अपने चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के साथ मुलाकात के एक दिन बाद सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी चर्चा राजनीतिक थी और नगर निकाय चुनावों से पहले दोनों दलों के बीच गठबंधन दिल और दिमाग से किया जाएगा।



राउत ने पत्रकारों से बातचीत में यह भी कहा कि ठाकरे भाई इस बात पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं कि मुंबई, ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, नासिक और पुणे जैसे प्रमुख नगर निकायों पर मिलकर काम किया जाना चाहिए। कई अन्य नगर निकाय हैं, जहां शिवसेना (उबाठा) का दबदबा है, लेकिन ऐसे क्षेत्र भी हैं, जहां मनसे मजबूत है। राकांपा (एसपी) कुछ क्षेत्रों में मजबूत है। कांग्रेस विदर्भ के कई क्षेत्रों में मजबूत है। राउत ने कहा कि ठाकरे बंधुओं के बीच व्यक्तिगत और राजनीतिक संबंध मजबूत हैं। राउत ने यह भी कहा कि उनके बीच बातचीत बहुत आगे बढ़ गई है। उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुंबई का महापौर असली भगवा रंग वाला मराठी होगा। वह दिल्ली के आगे झुकने वाला नहीं होगा। रविवार को उद्धव और राज के बीच हुई मुलाकात का ज़िक्र करते हुए राउत ने कहा, चर्चा राजनीतिक थी। मनसे नेता बाला नंदगांवकर ने कहा कि आम मतदाताओं में ठाकरे परिवार के प्रति प्रेम है और राउत की टिप्पणी शायद परिवार के प्रति उनकी भावनाओं का परिणाम है। दोनों चचेरे भाई रविवार को बांद्रा में राउत के पोते के नामकरण समारोह के दौरान मिले। इसके बाद राज उपनगर स्थित उद्धव के आवास मातोश्री गए और उनसे बातचीत की। पांच जुलाई के बाद से दोनों नेताओं की यह पांचवीं सार्वजनिक मुलाकात थी। राउत ने कहा, यह गठबंधन दिल और दिमाग से बनेगा। यह कोई राजनीतिक गठबंधन नहीं है। यह तन-मन-धन से बना गठबंधन है। यह पूछे जाने पर कि क्या मनसे महा विकास आघाडी (एमवीए) का हिस्सा बनेगी, शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा कि इस सवाल का जवाब केवल राज ही दे सकते हैं। एमवीए का गठन तीन प्रमुख दलों से मिलकर हुआ था। मनसे एक स्वतंत्र पार्टी है।

# माउंट एवरेस्ट पर बर्फीले तूफान से एक पर्वतारोही की मौत, 137 बचाये गये

बीजिंग। माउंट एवरेस्ट के तिब्बती ढलानों पर बर्फीले तूफान के कारण एक पर्वतारोही की मौत हो गई और फंसे हुए 137 पर्वतारोहियों को बचा लिया गया। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि लापता पर्वतारोहियों की तलाश जारी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर में स्थानीय अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि हाइपोथरमिया और अत्यधिक ऊंचाई पर पहुंचने से जुड़ी समस्याओं के कारण 41 वर्षीय पर्वतारोही की मौत हो गई। खबर में कहा गया कि उत्तर पश्चिमी किंगाई प्रांत में लगातार बर्फबारी होने के कारण फंसे 137 पर्वतारोहियों को अब तक सुरक्षित



स्थानों पर पहुंचाया गया है तथा उनकी हालत स्थिर है। गत एक अक्टूबर से शुरू हुए आठ दिवसीय राष्ट्रीय अवकाश के दौरान पैदल यात्रा के शौकीन 100 से अधिक लोग लाओहुगोऊक्षेत्र की ओर रवाना हुए। क़िलियन पर्वत पर स्थित लाओहुगोऊक्षेत्र में छुट्टियों के दौरान लगातार बर्फबारी हुई है। इसकी औसत ऊंचाई 4,000 मीटर से अधिक है और भूभाग जटिल है। इससे पहले, सरकारी सीसीटीवी ने बताया था कि 350 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। रविवार को बीबीसी की एक खबर में कहा गया था कि चीन की ओर स्थित कर्मा घाटी में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के ढलानों पर।,000 से अधिक पर्यटक पर्वतारोही फंसे हुए हैं। फंसे पर्वतारोहियों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से पता चलता है कि रविवार को दूरस्थ क्षेत्र में बादलों की गरज के बीच, तेज हवाओं और लगातार बर्फबारी के कारण रास्ते पूरी तरह से बर्फ में दब गए। इस बीच, दक्षिण चीन के ग्वांगदोंग प्रांत के झानजियांग शहर के शूवेन काउंटी के पूर्वी तट पर रविवार को तूफान मैत्मो ने दस्तक दी।

## इंटरटेनमेंट...

# ज़ुबीन गर्ग की आखिरी फिल्म 31 को होगी रिलीज

मुंबई। सिंगर ज़ुबीन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रॉई रॉई बिनाले' 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म के डायरेक्टर राजेश भूयान ने बताया कि यह फिल्म ज़ुबीन गर्ग की पर्सनल प्रोजेक्ट थी। फिल्ममेकर राजेश भूयान ने अठक को बताया कि इस फिल्म में ज़ुबीन गर्ग की ओरिजिनल आवाज का इस्तेमाल किया जाएगा।

यह फिल्म अब सिंगर के असमिया संगीत के प्रति उनके जुनून और टेलेंट को समर्पित ट्रिब्यूट बन गई है। फिल्ममेकर ने यह भी कहा, हम पिछले तीन सालों से इस फिल्म पर काम कर रहे थे। फिल्म की कहानी

> डायरेक्टर बोले- 'रॉई रॉई बिनाले' में सिंगर की ओरिजिनल आवाज का इस्तेमाल होगा



और संगीत ज़ुबीन गर्ग का था। यह पहली म्यूजिकल असमिया फिल्म थी। सिवाय बैकग्राउंड म्यूजिक के फिल्म का लगभग सारा काम पूरा हो गया था। 'रॉई रॉई बिनाले' के डायरेक्टर राजेश भूयान ने 'दूरदर्शन एती यंत्रा', 'स्वर्गारथ' और 'जोनबाई' जैसी फिल्में डायरेक्ट की हैं। उन्होंने आगे कहा, ज़ुबीन गर्ग चाहते थे कि फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज हो। इसलिए हमने तय किया कि इसे उसी दिन, सिर्फ असम में नहीं बल्कि पूरे देश में रिलीज करेंगे। उनकी आवाज लगभग 80-90 प्रतिशत साफ है क्योंकि इसे लैपल माइक से रिकॉर्ड किया गया था। इसलिए हम केवल उनकी ओरिजिनल आवाज का इस्तेमाल करेंगे। ज़ुबीन गर्ग का निधन सिंगापुर में 19 सितंबर को हुआ था। सिंगर 20 सितंबर को होने वाले नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के लिए सिंगापुर गए हुए थे, जहां उन्होंने वाटर एडवेंचर एक्टिविटी में हिस्सा लिया था। दावा किया गया कि उनकी मौत स्कूबा डाइविंग के दौरान एक हादसे में हुई। हालांकि, ज़ुबीन की पत्नी गरिमा ने बताया था कि उनकी मौत दौरा पड़ने से हुई।

उन्होंने कहा था कि इससे पहले भी सिंगर को कई बार दौरे पड़ चुके हैं। इससे पहले भी सिंगर को सिंगापुर में ही दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी ने बताया था कि एक बार और इसी तरह की स्थिति बन गई थी। तब सभी दोस्त उनकी तबीयत बिगड़ने पर तुरंत अस्पताल ले गए थे, जिससे उनकी जान बच गई थी। वहीं, हाल ही में सिंगर ज़ुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी। शेखर ज़ुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था।

### अहाना कुमरा को मिलीं रेप जान से मारने की धमकियां

**मुंबई।** एक्ट्रेस अहाना कुमरा रियलिटी शो राइज एंड फॉल से बाहर आ चुकी हैं। उनका शो में भोजपुरी स्टार पवन सिंह से हुआ झगड़ा सुर्खियों में रहा था। अब एक्ट्रेस ने बताया है कि पवन सिंह पर किए गए उनके कमेंट्स के चलते उन्हें भोजपुरी स्टार के फैंस द्वारा रेप और जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। एक्ट्रेस को इसकी शिकायत मेकर्स को करनी पड़ी, जिसके बाद मेकर्स ने वो क्लिप डिलीट कर दिए हैं, जिनके साथ छेड़छाड़ की गई थी। हाल ही में अहाना कुमरा से बॉलीवुड बबल के इंटरव्यू में पूछा गया था कि क्या उन्हें शो पर कही गई किसी बात का पछतावा है, तो जवाब में उन्होंने कहा, 'नहीं, मैंने जो भी शो में बोला है, गुस्से में ही बोला है, क्योंकि मुझ पर कुछ चीजें बीती थी।

### राकेश रोशन पर दिए बयान को तोड़ मरोड़कर पेश करने के आरोप

मुंबई। आर्यन खान की सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड से कमबैक करने वाले एक्टर रजत बेदी सुर्खियों में हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने मुकेश खन्ना को एक इंटरव्यू दिया था, जिसके बाद कहा जाने लगा कि रजत बेदी, फिल्म कोई मिल गया के प्रमोशन से निकाले जाने के बाद भारत छोड़कर चले गए थे। हालांकि अब रजत बेदी ने साफ किया है कि उन्होंने कभी राकेश रोशन पर किसी तरह के आरोप नहीं लगाए, बल्कि मुकेश खन्ना ने उनके बयान को गलत तरह पेश किया और उनकी बातों का गलत मतलब निकाला। सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में रजत बेदी ने कहा, 'मेरा कोई इशू नहीं है राकेश (रोशन) जी के साथ, मुकेश खन्ना ने किया वो गलत है।

# कन्नड़ की चौथी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बनी 'कांतारा'

मुंबई। साल 2022 की फिल्म कांतारा की प्रीक्वल फिल्म कांतारा:चैप्टर 1, 2 अक्टूबर को रिलीज हुई है। ऋषभ शेट्टी की ये फिल्म महज 3 दिनों में 200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। शुरूआती कमाई देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि ये फिल्म जल्द ही 300 करोड़ क्लब में शामिल हो सकती है, जिससे कन्नड़ फिल्म केजीएफ का भी रिकॉर्ड टूट जाएगा। करीब 125 करोड़ रुपए के बजट में बनी ये कन्नड़ फिल्म पहले

> जल्द हो सकती है 300 करोड़ बॉक्स ऑफिस क्लब में शामिल, टूट सकता है केजीएफ का रिकॉर्ड

वीकेंड में 235 करोड़ कमाई कर चुकी है। रिलीज के महज चौथे दिन ही कांतारा : चैप्टर-1 कन्नड़ सिनेमा की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। हालांकि



फिलहाल ये फिल्म केजीएफ-2 और कांतारा (2022) की कमाई से दूर है।

बॉक्स ऑफिस आंकड़ों को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म जल्द ही कन्नड़ स्टार यश की फिल्म केजीएफ- 1 का रिकॉर्ड तोड़ेगी, जिसने कुल 250 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। बताते चलें कि कांतारा:चैप्टर-1 साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म कांतारा का प्रीक्वल है। फिल्म कांतारा, कन्नड़ सिनेमा की केजीएफ-2 के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। महज 16 करोड़ में बनी कांतारा ने 450 करोड़ की रिकॉर्ड कमाई की थी। वहीं केजीएफ-2 का कुल कलेक्शन 1250 करोड़ रुपए है। देखना होगा कि ये फिल्म इन फिल्मों को टक्कर दे पाती है या नहीं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com